ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 1 जून 2024
वर्ष 5, अंक 195, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार


www.amritvichar.com



होम रन नहीं, चौके-छक्कों की होगी बारिश 15

केडी द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी 16

## ध्यान-साधना में लीन मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपनी ध्यान साधना के दूसरे दिन विवेकानंद रॉक मेमोरियल कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में सूर्योदय के दौरान सूर्य अर्घ्य दिया। भगवा कुर्ता, शॉल और धोती पहने हुए ध्यान मंडपम में ध्यान में वह लीन दिखाई दिए। प्रधानमंत्री ने 30 मई की शाम को ध्यान लगाना शुरू किया और एक जून की शाम तक ध्यान करेंगे। उन्होंने 2019 में लोकसभा चुनाव में प्रचार के बाद केदारनाथ गुफा में भी इसी तरह ध्यान लगाया था। ● एजेंसी

# दुनिया में सबसे तेज : और बढ़ी जीडीपी, अब 8.2%

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की अर्थव्यवस्था के अच्छे प्रदर्शन की बदौलत वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई।

इसके साथ ही भारत ने दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा। मौजूदा चुनाव प्रक्रिया के अंतिम चरण में पहुंचने के बीच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित आंकड़ा शुक्रवार को सामने आया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी से संबंधित आंकड़े जारी करते हुए कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही




- वर्ष 2022-23 में 7 प्रतिशत थी दर, अब 1.2 और बढ़ी

जो पिछली चार तिमाहियों में सबसे कम है। एनएसओ ने कहा समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 8.2 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि 2022-23 में यह 7 प्रतिशत थी। इस तेजी के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था मार्च, 2024 के अंत में 3.5 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गई और अगले कुछ वर्षों में इसके पांच लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने का मंच तैयार हो चुका है। आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च 2024 में जीडीपी वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2023 में यह 8.6 प्रतिशत रही थी। वहीं जुलाई-सितंबर 2023 में यह 8.1 प्रतिशत और अप्रैल-जून, 2023 की तिमाही में 8.2 प्रतिशत थी। वहीं वित्त वर्ष 2022-23 की जनवरी-मार्च तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही थी। इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

**खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही :** चौथी तिमाही में खनन क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 4.3 प्रतिशत रही जो एक साल पहले की समान तिमाही में 2.9 प्रतिशत थी। निर्माण क्षेत्र में तिमाही के दौरान 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 2022-23 की इसी अवधि में 7.4 प्रतिशत थी। इस दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर साल भर पहले के 7.6 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत रह गई।


### भारत ने चीन की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा

इस तेजी के साथ भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन की अर्थव्यवस्था इस साल जनवरी-मार्च के दौरान 5.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी। एनएसओ ने फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.7 प्रतिशत रहने की संभावना जताई थी। एनएसओ के आंकड़ों के मुताबिक, वास्तविक जीडीपी यानी स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 173.82 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का पहला संशोधित अनुमान 160.71 लाख करोड़ रुपये है।

### जनकेंद्रित सेवा क्षेत्रों में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि

जन केंद्रित सेवा क्षेत्रों में चौथी तिमाही के दौरान 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 7.3 प्रतिशत थी। सेवा क्षेत्र- व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाओं में जीवीए वृद्धि दर चौथी तिमाही में 5.1 प्रतिशत रही, जबकि एक साल पहले यह सात प्रतिशत थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में मार्च तिमाही में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई।







## प्रचंड गर्मी का कहर

# 16 मतदान कर्मियों ने दम तोड़ा

## मिर्जापुर में 13 व सोनभद्र में चुनाव ड्यूटी पर थे 3 कर्मचारी, प्रदेशभर में गईं 87 की जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** जानलेवा गर्मी लगातार कहर बरपा रही है। नौतपा का उग्र रूप जनजीवन अस्त-व्यस्त करने पर अमादा दिख रहा है। शुक्रवार को मिर्जापुर में लोकसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर तैनात 13, सोनभद्र में तैनात 3 व रायबरेली में तैनात सब इंस्पेक्टर समेत अलग-अलग जिलों में 87 लोगों की गर्मी से मृत्यु हो गई है।

मिर्जापुर में लोस. चुनाव के लिए डयूटी पर तैनात 13 चुनाव कर्मियों की शुक्रवार को तेज बुखार और उच्च रक्तचाप की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज में मौत हो गयी। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के मुताबिक, इन सभी कर्मियों की मौत के सटीक कारण का पता अभी नहीं चल सका है। मिर्जापुर स्थित मां विंध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबहादुर कमल ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मृतकों में सात होमगार्ड जवान (गोंडा के दो, प्रयागराज, बस्ती, कौशांबी व मीरजापुर के एक-एक), तीन सफाई कर्मचारी, सीएमओ कार्यालय में तैनात एक लिपिक, एक चकबंदी अधिकारी व होमगार्ड टीम का एक चपरासी शामिल है। उप निरीक्षक हरिशंकर तो रायबरेली में इवीएम की सुरक्षा डयूटी में थे।



वाराणसी में लू के बीच एक मतदान अधिकारी वितरण केंद्र पर बेहोश हो गया। ● एजेंसी

वहीं, हमीरपुर में 12, प्रतापगढ़ में दस, बांदा में सात, महोबा में सात, लखनऊ व बाराबंकी में 4-4, प्रयागराज में चित्रकूट में एक, फतेहपुर में दो, कन्नौज में एक की मौत हो गई। राजस्थान निवासी 45 वर्षीय ट्रक चालक तेजा राम की इटावा के इकदिल के पास हाईवे पर लू लगने से मौत हो गई। कानपुर नगर में शुक्रवार को नौ शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। इनमें से एक भी शिनाख्त नहीं हो सकी। कानपुर देहात में एक व्यक्ति की मौत हुई। बहराइच में चार, अमेठी में दो, अयोध्या में तीन, रायबरेली में एक, हरदोई में एक, अंबेडकरनगर में एक मौतें हुई है।

## इंसान हों या जानवर, हर स्तर पर हों बचाव के प्रबंध : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- हीट वेव की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश
- गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

**अमृत विचार :** गर्मी के जानलेवा मिजाज का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंसानों के साथ-साथ जीव-जन्तुओं की भी सुरक्षा किए जाने को हर स्तर पर आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने राहत आयुक्त कार्यालय से भी उम्मीद की है कि, मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन वहां से जारी हो। यहां तक कि गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती न हो।

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को जारी एक संदेश में कहा कि, आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूत प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था हो। योगी के मुताबिक, सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ रखवाए जाएं। सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए। पानी की कमी से अत्यधिक प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए।

# मतदान आज, मोदी व योगी की अग्निपरीक्षा

नई दिल्ली/ लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण मोदी और योगी की भी अग्निपरीक्षा का होगा। हालांकि देशभर के एनडीए प्रत्याशियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी तो वहीं उप्र. के उम्मीदवारों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की साख जुड़ी है। लेकिन चुनाव के इस आखिरी पड़ाव में वाराणसी सीट से खड़े नरेन्द्र मोदी के सामने इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का लक्ष्य है तो वहीं योगी आदित्यनाथ के घर की सीट गोरखपुर से भाजपा ने अभिनेता से नेता बने रवि किशन शुक्ला को फिर से मैदान में उतारा है। जहां योगी की भी प्रतिष्ठा मायने रखती है।

शनिवार को आखिरी चरण के मतदान में देश की 57 सीटों पर वोटिंग होगी। उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के साथ सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा। इस दौरान 144 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला मतदाता करेंगे। इस चरण में उप्र. की महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। सातवें चरण के चुनाव में भाजपा नीत राजग के दो घटक दलों अपना दल (एस) और सुभासपा के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मिर्जापुर से अपना दल (एस) प्रमुख व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) सीट से रिंकी कोल मैदान में हैं।

**अंतिम चरण**



नाव से मतदान केंद्र जाती पोलिंग पार्टी।

- देश की 57 लोकसभा सीटों पर मतदाता आज डालेंगे वोट
- उप्र. की 13 सीटों पर 144 उम्मीदवार मैदान में

## गुप्त तरीके से धन देने के मामले में ट्रंप दोषी करार

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका में 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले पॉर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को गुप्त तरीके से धन देने के मामले में डोनाल्ड ट्रंप को रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 आरोपों के तहत बृहस्पतिवार को दोषी पाया गया। इसी के साथ वह किसी गंभीर अपराध के लिए दोषी ठहराए गए अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ऐसे में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में शामिल हो एक बार फिर से व्हाइट हाउस पहुंचने की उनकी उम्मीदों की राह में कानूनी चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। मैनहट्टन के 12 जूरी सदस्यों के एक समूह ने बृहस्पतिवार को एक ऐतिहासिक फैसले में कहा कि वे सर्वसम्मति से इस बात पर सहमत हैं कि 77 वर्षीय ट्रंप ने वयस्क फिल्म स्टार डेनियल्स को 130,000 अमेरिकी डॉलर की राशि का भुगतान छिपाने के लिए व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी की।



- दोषी ठहराए जाने वाले अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति

# प्रज्वल 7 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की एक अदालत ने शुक्रवार को जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता एवं सांसद प्रज्वल रेवन्ना को 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते 33 वर्षीय प्रज्वल को शुक्रवार तड़के जर्मनी के म्यूनिख से लौटने के बाद गिरफ्तार किया गया था। कई महिलाओं के कथित यौन शोषण के वीडियो सामने आने के बाद हासन से सांसद प्रज्वल जर्मनी चले गए थे।



अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के.एन. शिवकुमार ने रिमांड अर्जी और प्रज्वल के वकील की आपत्ति पर सुनवाई के बाद उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

**यौन उत्पीड़न मामला**

### जमानत रद करने का अनुरोध

एसआईटी ने हाईकोर्ट में प्रज्वल के पिता एवं जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना की अपहरण मामले में जमानत रद करने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति कृष्ण दीक्षित की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। सत्र अदालत ने एचडी रेवन्ना को जमानत दी थी।

### मां को जमानत देने से इन्कार

स्थानीय कोर्ट ने एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी की पति और बेटे प्रज्वल से जुड़े अपहरण के एक हाईप्रोफाइल मामले में अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। यह मामला मैसूर के केआर नगर से एक महिला के अपहरण से संबंधित है, जिसमें एचडी रेवन्ना एक आरोपी है और वर्तमान में जमानत पर बाहर है। भवानी ने एसआईटी से नोटिस मिलने के बाद अग्रिम जमानत मांगी थी।

## बिभव कुमार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को शुक्रवार को यह कहते हुए 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और इसे पूरा करने में समय लगेगा। केजरीवाल के निजी सहायक कुमार ने 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट की थी। मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल ने कहा दोनों पक्षों की दलीलों सुनने के बाद उन्हें हिरासत में भेजने का फैसला किया। उन्हें 14 जून को पेश किया जाए।

# आंधी-तूफान ने ली 10 की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी/शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** नौतपा की तपिश से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार को उठा आंधी तूफान आफत बन गया। तूफान से लखीमपुर में जहां पांच लोगों की मौत हो गई, वहीं शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान चली गई।

शाहजहांपुर में गुरुवार शाम आई आंधी और बारिश से बचने के लिए पुवायां के सतवां बुजुर्ग निवासी रामनरेश का आठ वर्षीय पुत्र सूरज, वहीं का 12 वर्षीय मुनेश पुत्र महेंद्र और 35 वर्षीय इंद्रेश पुरानी गोशाला में जाकर दीवार से सटकर बैठ गए। आंधी में गोशाला की टिनशेड उड़ गई और दीवार गिर गई। सूरज की मौत मौके पर ही हो गई। इंद्रेश और मुनेश ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। उधर, निगोही के गांव करौधा निवासी नरेश सिंह (56) अपने बेटे विकास के साथ खेत पर गन्ने की गुड़ाई कर रहे थे। आंधी-बारिश में दोनों आम के पेड़ के नीचे खड़े हो गए। अचानक आम का पेड़ धराशायी हो गया। पिता- पुत्र घायल हो गए। राजकीय मेडिकल कॉलेज में नरेश सिंह की देर रात मौत हो गई। निगोही क्षेत्र के गांव कुदरिना में कोठरी की दीवार ढहने से दबकर 62 वर्षीय रामरती पत्नी सुखपाल की मौत हो गई जबकि रेनू व ब्रजेश घायल हो गए। एडीएम एफआर डॉ. सुरेश कुमार ने कहा कि आंधी-बारिश के दौरान दीवार गिरने से अलग-अलग स्थानों पर पांच लोगों की जान चली गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद 24 घंटे में मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दे दी जाएगी। वहीं लखीमपुर में पांच लोगों की जान चली गई।



लखीमपुर की शास्त्रीनगर कालोनी में कार पर गिरा खंबा।

- शाहजहांपुर में दो बच्चों समेत पांच की गई जान, लखीमपुर में भी पांच लोगों की मौत

# एनटीपीसी की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट गहराया

वरिष्ठ संवाददाता, लखनऊ, रायबरेली

- यूपी समेत कई राज्यों की भी बिजली आपूर्ति हुई प्रभावित

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में बढ़ी हुई बिजली की मांग के बीच एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट की इकाई व सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट की इकाई तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई है। इस कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बिजली संकट गहरा गया है। इससे पूर्व अनपरा और पारीछा की इकाईया भी ठप हो गईं थी।

ऊंचाहार परियोजना में पांच सौ मेगावाट क्षमता वाली इकाई संख्या छह में खराबी आने के कारण उन राज्यों में बिजली आपूर्ति पर असर पड़ा है, जिन राज्यों को ऊंचाहार परियोजना से आपूर्ति की जाती है। बंद हुई दोनों इकाइयों के तीन जून तक चालू होने की संभावना जताई जा रही है।

### 29,129 मेगावाट की मांग

उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार प्रदेश में शुक्रवार को 29,129 मेगावाट अधिकतम बिजली की मांग रिकॉर्ड की गई। लगातार बिजली की मांग बढ़ने से एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है। पर स्थानीय खराबियों के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली की किल्लत से जूझ रहे हैं।

## नैक मूल्यांकन में नरेंद्र देव कृषि विवि को ए++ रैंक

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज ने नया इतिहास रच दिया। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल (नैक) के मूल्यांकन में ए++ रैंक पाने वाला यह देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। रैंकिंग की जानकारी के बाद विश्वविद्यालय और इससे जुड़े महाविद्यालयों में जश्न का माहौल शुरू हो गया।

नैक मूल्यांकन के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवम प्रौद्योगिक विवि कुमारगंज ने कड़ी मेहनत की। हर पहलू को बेहतर किया गया। रैंकिंग के लिए मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की छह सदस्यीय टीम ने दो चरणों में यहां का दौरा किया। 22-24 अप्रैल और 27 से 29 मई को कृषि विवि और कृषि महाविद्यालयों में परीक्षण किया। हर स्तर पर इसका मूल्यांकन किया। टीम कृषि महाविद्यालय कोटवा आजमगढ तक पहुंची थी। इसके बाद शुक्रवार को कृषि विश्वविद्यालय को ए++ रैंक मिलने की घोषणा की गई। इसकी सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यायालय में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# अब ऑनलाइन गवाही, कोर्ट जाने की जरूरत नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही**

**अमृत विचार :** एक जुलाई से न्यायिक प्रक्रिया में देशभर में नई व्यवस्था लागू होने जा रही है जिसके तहत अब गवाहों को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

गवाह वीडियो कांफ्रेसिंग बूथ के जरिये गवाही दे सकेगा। इसके लिए प्रत्येक जिले में बूथ बनाए जाएंगे। हालांकि कानपुर में यह सुविधा पहले से ही शुरू है। अभी तक यह व्यवस्था नियमावली के तहत हो रही थी, अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। अभी तक साक्षियों को कोर्ट में हाजिर होना पड़ता है। कई बार गवाह, वादकारी मजबूरीवश पेश नहीं हो पाते। बयान देने के लिए लोग एक शहर से दूसरे शहर के चक्कर काटते थे, जिस कारण न्यायिक प्रक्रिया में भी देरी होती थी। हालांकि कानपुर में वर्ष 2021-22 में ही ऑनलाइन गवाही शुरु करा दी गई थी। कानपुर में एडीसीपी मनीष सोनकर को इस व्यवस्था का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### इस तरह उठाएं सुविधा का लाभ

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) कुंवर विक्रम सिंह ने बताया कि वीडियो कांफ्रेंसिंग नियमावली 2020 के अनुसार हर जिले में वीडियो कांफ्रेंसिंग बूथ गठित किए जाएंगे, जो न्यायालय परिसर में भी होंगे और जिला मजिस्ट्रेट अथवा जनपदीय पुलिस कार्यालय में भी। बूथ पर कोआर्डिनेटर लेवल का एक अधिकारी होगा, जो यह तय करेगा कि गवाही देने वाला व्यक्ति वही है जिसके लिए समन जारी किया गया है। इसी अधिकारी के माध्यम से साक्षी अन्य जनपद की न्यायालय को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने की सूचना भेजेगा।



कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में वीडियो कांफ्रेंसिंग से बयान या पेशी की नियमावली लाई गई थी। अब नई संहिता में इसको विधिक उपबंध के रूप में स्थापित किया गया है, जो एक जुलाई लागू होगा। - **कुंवर विक्रम सिंह,** संयुक्त निदेशक (अभियोजन)

### कुछ इस तरह होगी गवाही

संयुक्त निदेशक (अभियोजन) ने बताया कि गवाह अपने बूथ कोआर्डिनेटर से संपर्क कर वीडियो कांफ्रेंसिंग के संबंध में नियमावली में दिया गया फार्म भरेगा। जिसमें मोबाइल, ईमेल आईडी आदि देगा। यह सब कार्यवाही करने के बाद बूथ कोआर्डिनेटर के माध्यम से कोर्ट को भेजा जाएगा। इसके बाद कोर्ट बयान के लिए तिथि व स्लॉट निर्धारित करेगी। यह सब चीजें गवाह को निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध करा दी जाएंगी।

## एक नजर

### अब जिला अस्पताल में होगी थैलेसीमिया के रोगियों की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** थैलेसीमिया के रोगियों के लिए जांच के लिए अब दिल्ली और लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा। जिला अस्पताल में ही उनकी जांच होगी। अस्पताल प्रशासन ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक जिले में साल दर साल थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। वर्तमान में थैलेसीमिया के 233 मरीज पंजीकृत हैं। इस वर्ष भी जांच में 5 नए मरीज सामने आ चुके हैं। अब जिला अस्पताल में मरीजों की जांच के साथ तुरंत इलाज मिलेगा। दवा और खून चढ़ाने की सुविधा पूर्व से ही मरीजों को यहां दी जा रही है। अस्पताल प्रशासन ने उत्तर प्रदेश मेडिकल कॉरपोरेशन को पत्र भेजकर जांच में उपयोग होने वाली किट की मांग की है। अब तक मरीजों को जांच के लिए लखनऊ और दिल्ली की दौड़ लगानी पड़ती थी। आने जाने में उन्हें परेशानी होती थी। वहीं बीते दिनों थैलेसीमिया सोसायटी के सदस्यों के साथ एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा ने बेबी डे केयर वार्ड स्थापित कराने के लिए अस्पताल परिसर का जायजा लिया था, लेकिन परिसर में उचित स्थान न मिल पाने से वार्ड बनाने का प्रस्ताव एक बार फिर अटक गया है।

### बरेली सिटी से लालकुआं के बीच चलेगी डेमू स्पेशल ट्रेन

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर रेल मंडल ने अब लालकुआं के लिए भी डेमू ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। एक जोड़ी डेमू स्पेशल ट्रेन बरेली सिटी से लालकुआं के बीच चलाई जाएगी। इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि तीन जून से बरेली सिटी लालकुआं के बीच 05401 ट्रेन का संचालन बरेली सिटी से 8 :25 बजे किया जाएगा। यह ट्रेन इज्जतनगर 8 :40 बजे, दोहना 8 :52 बजे, भोजीपुरा 9 :00 बजे, आटामांडा 9 :11 बजे, देवरनियां 9 :18 बजे, रिछा रोड 9 :30 बजे, बहेड़ी से 9 :39 बजे, किच्छा से 9 :57 बजे, पंतनगर से 10 :10 बजे और लालकुआं 10 :45 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 05402 लालकुआं से 15 :50 बजे चलकर पंत नगर 16 :03 बजे , किच्छा 16 :20 बजे, बहेड़ी 16 :38 बजे, रिछा रोड 16 :48 बजे, देवरनियां 16 :57 बजे पहुंचेगी।

# तीन लाख बैंक खातों में लावारिस पड़ी है 430 करोड़ की रकम

## भारतीय रिजर्व बैंक ने जारी की रिपोर्ट, लंबे समय से इन खातों में नहीं हुआ कोई लेनदेन, न ही कोई धनराशि पर दावा करने आया

शिवांग पांडेय, बरेली

- **वित्तीय वर्ष 2023-24 में करीब 27 हजार खातों में 45 करोड़ की धनराशि चिह्नित**
- **रिजर्व बैंक के डेफ खाते में स्थानांतरित किया जाता है खातों का लावारिस पैसा**



**अमृत विचार :** जिले के करीब तीन लाख लावारिस बैंक खातों में 430 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है। इन खातों में काफी वक्त से कोई लेनदेन नहीं हुआ। न ही दस साल से ज्यादा समय से इनमें मौजूद पैसे पर किसी खाताधारक ने दावा किया है, न उसके किसी कानूनी उत्तराधिकारी ने। इनमें करीब 27 हजार बैंक खाते 2023-24 में ही चिह्नित किए गए हैं जिनमें 45 करोड़ से ज्यादा धनराशि पड़ी हुई है।

बरेली जिले के ये आंकड़े भारतीय रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट में दिए गए हैं जो बृहस्पतिवार को ही जारी की गई है। इसके मुताबिक जिन खातों में 430 करोड़ की धनराशि लावारिस पड़ी हुई है, वे सार्वजनिक क्षेत्र. निजी और सहकारी तीनों श्रेणी की बैंक शाखाओं में हैं। दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक हर साल ऐसे खातों को चिह्नित कर रिपोर्ट जारी करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 खत्म होने के बाद ताजा रिपोर्ट जारी की गई है।

इस साल में लावारिस खातों में 26,751 का नया आंकड़ा और 45 करोड़ की धनराशि जुड़ी है। बैंक अधिकारियों के मुताबिक किसी भी बैंक खाते में 10 साल से ज्यादा वक्त से कोई लेनदेन न होने पर माना जाता है कि ग्राहक खाता खुलवाने के बाद उसमें जमा धनराशि को भूल गया या उसकी मृत्यु हो गई और अब उन खातों में मौजूद धनराशि का कोई लेनदार नहीं है। एलडीएम वीके अरोरा ने बताया कि आरबीआई के नियमों के मुताबिक दस साल तक खातों के निष्क्रिय रहने के बाद उसमें जमा धनराशि आरबीआई के डेफ यानी डिपॉजिटर एजुकेशन एंड अवेयरनेस फंड खाते में स्थानांतरित कर दी जाती है। इसके बाद यह पैसा चैरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### सर्वाधिक लावारिस पैसा एफडी और आरडी खातों में

बैंक अधिकारियों के मुताबिक जिले में सबसे ज्यादा लावारिस पैसा फिक्स डिपॉजिट और रेकरिंग डिपॉजिट यानी आरडी खातों में हैं। हालांकि इस बात का आंकलन नहीं किया गया है कि लावारिस पड़े कुल 430 करोड़ में से इन खातों में कितनी धनराशि है। उन्होंने बताया कि अगर दस साल के बाद भी कोई लावारिस घोषित कर डेफ खाते में स्थानांतरित की गई धनराशि पर दावा करता है तो बैंक उसका पैसा अदा करते हैं, हालांकि इसके लिए अलग प्रक्रिया होती है।

### ब्लॉक लेकर जंक्शन पर बदली गई रेलवे लाइन

**बरेली, अमृत विचार :** जंक्शन यार्ड में शुक्रवार को रेलवे लाइन बदलने का काम किया गया। इस बीच रेल प्रशासन को डाउन लाइन पर ब्लॉक लेना पड़ा। रेल अधिकारियों के मुताबिक दोपहर 13:00 बजे से 14:30 बजे के बीच ब्लॉक लिया गया। 15910 अवध असम एक्सप्रेस निकालने के बाद करीब डेढ़ घंटे के लिए ब्लॉक शुरू हुआ। इस बीच किसी तरह ट्रेनों का संचालन प्रभावित नहीं हुआ, क्योंकि इस बीच कोई ट्रेन नहीं थी। ब्लॉक खत्म होने के बाद समय से ट्रेनें गुजारी गईं।

# नगर निगम का भी वही हाल... करोड़ों फूंककर किए थे विकास के दावे, फिर भी भीषण गर्मी में लोग प्यासे

## पूरे न भर पाने से घंटे दो घंटे ही सप्लाई कर पा रहे हैं कई ओवरहेड टैंक, अफसरों को कारण जानने में भी दिलचस्पी नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **बानखाना में 15 दिन से नहीं आ रहा पानी, गुस्साए लोगों ने किया प्रदर्शन**
- **ज्यादातर सरकारी हैंडपंप पहले से पड़े हैं खराब, संकट झेल रहे हैं लोग**



बानखाना वार्ड में बाल्टियों के साथ प्रदर्शन करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पावर कॉरपोरेशन की तरह नगर निगम के अफसरों ने भी शहर में करोड़ों का बजट फूंककर पानी की जरूरत के मुताबिक सप्लाई करने के दावे किए लेकिन भीषण गर्मी में जब खपत बढ़ी तो इन दावों की असलियत भी सामने आ गई। हालत यह है कि शहर के कई ओवरहेड टैंक पूरा न भर पाने के कारण लोगों की जरूरत पूरी नहीं कर पा रहे हैं और एक-दो घंटे सप्लाई करके ही खाली हो जा रहे हैं। शहर के घनी आबादी वाले कई इलाकों में पानी का संकट बना हुआ है। करीब 15 दिन से पानी न आने पर शुक्रवार को बानखाना के लोगों ने नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन किया।

नगर निगम ने पीने के पानी की सप्लाई के सिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों का बजट खर्च किया है लेकिन फिर भी इसका फायदा शहर के लोगों को नहीं मिल रहा है। शहर की आबादी करीब 15 लाख है जिसे पानी की सप्लाई करने के लिए नगर निगम के 42 ओवरहेड टैंक हैं लेकिन गिने-चुने इलाके ही हैं जहां पानी की सप्लाई ठीक से हो पा रही है। कई ओवरहेड पूरी तरह भर ही नहीं पा रहे हैं लिहाजा जरूरत के मुताबिक पानी की सप्लाई भी नहीं कर पा रहे हैं।

ओवरहेड टैंक न भर पाने की वजह क्या है, नगर निगम के अफसर इसका कारण तलाश कर उसे ठीक कराने में भी दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि लोगों की शिकायतों पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बानखाना कुछ इलाकों में करीब 15 दिन से पानी की सप्लाई ठप है। शुक्रवार को गुद्दड़बाग मंदिर चौक वाली गली में पानी न मिलने से गुस्साए लोगों ने नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में पानी न आने की वे कई शिकायतें कर चुके हैं लेकिन नगर निगम में कोई सुनने को तैयार नहीं है। इरशाद खान ने बताया कि बानखाना की मस्जिद खुदा बख्श के सामने वाली में पानी की आपूर्ति नही हो रही है। जुमे के दिन भी पानी की समस्या बनी रही। इसी इलाके की नजाकत बी, रुखसार खान, अफरोजा, बेगम, रानी आदि ने बताया कि उन्हें दिन में कई बार हैंडपंप से पानी लेने घर के बाहर जाना पड़ता है। कई हैंडपंप भी सूखे पड़े हैं। काफी चलाने के बाद भी उनसे पानी नहीं आता।

जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी वारसी ने बताया कि नावल्टी चौराहे पर लगा हैंडपंप भी 10 महीने से खराब पड़ा है। इसका रीबोर होना था लेकिन नगर निगम उसे ठीक नहीं करा रहा है। उन्होंने मांग की कि नगर निगम प्रशासन भीषण गर्मी देखते हुए पेयजल सुविधा को ठीक रखे और खराब पड़े हैंडपंपों की दुरुस्त कराए।

### दूसरे दिन भी सूफी टोला नहीं पहुंचे जेई

सूफी टोला के करीब 250 घरों में पानी की सप्लाई नहीं पहुंच रही है। गुस्साई महिलाओं ने बृहस्पतिवार को नगर निगम जाकर प्रदर्शन किया था जिसके बाद अपर नगर आयुक्त ने उन्हें शाम तक समस्या का निदान कराने का आश्वासन देने के साथ जलकल विभाग के जेई को फौरन मौके पर जाकर फाल्ट ठीक कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद भी जेई न बृहस्पतिवार को सूफी टोला पहुंचा न शुक्रवार को। लोगों ने कहा कि नगर निगम के अफसर पब्लिक की समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि शहामतगंज में पानी की टंकी दो घंटे में खाली हो जा रही है। कई दिनों से ओवरहेड टैंक को भरा भी नहीं जा रहा है।

# बिहारीपुर में सुलभ शौचालय से अवैध कब्जा हटाने पहुंची नगर निगम टीम से हाथापाई



बिहारीपुर में सुलभ शौचालय से अवैध कब्जा हटवाने पहुंची नगर निगम की टीम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **कबाड़ी ने कर रखा था कब्जा, पार्षद की शिकायत पर नगर आयुक्त ने दिया था हटाने का आदेश**
- **बमुश्किल अवैध कब्जा हटाकर नगर निगम की टीम ने शौचालय पर लगवाया ताला**

**अमृत विचार :** बिहारीपुर की पार्षद की शिकायत पर पर शुक्रवार को सुलभ शौचालय पर किया गया कबाड़ी का कब्जा हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को लोगों ने घेर लिया। नोकझोंक के बाद वे नगर निगम कर्मचारियों के साथ हाथापाई करने पर आमादा हो गए। कबाड़ी ने इस दौरान आरोप लगाया कि पार्षद के बेटे को मुफ्त सामान देने से इन्कार करने पर उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जा रही है। काफी देर तनातनी के बाद टीम शौचालय से कब्जा से हटवा पाई।

वार्ड नंबर एक की पार्षद संतोष कश्यप ने जनसुनवाई में शिकायत की थी कि उनके इलाके में बने सुलभ शौचालय पर मुन्ना कबाड़ी ने काफी समय से कब्जा कर रखा है। कई बार कहने के बाद भी वह कब्जा नहीं हटा रहा है और उल्टे धमकी दे रहा है। इससे आसपास के लोगों को असुविधा हो रही है। शुक्रवार को नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने अतिक्रमण विरोधी अभियान के प्रभारी ललतेश कुमार सक्सेना को हर हालत में सुलभ शौचालय से अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिया था।

ललतेश सक्सेना इसके बाद पार्षद संतोष कश्यप के साथ ही टीम को लेकर कब्जा हटाने पहुंचे। टीम को देखते ही काफी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए और विरोध शुरू कर दिया। टीम ने कार्रवाई शुरू की तो लोगों ने उसे घेरकर हंगामा खड़ा कर दिया और टीम के साथ हाथापाई करने लगे। माहौल खराब होता देख पार्षद संतोष कश्यप वहां से चली गईं। आसपास के लोगों ने मामला शांत कराने के बाद टीम ने किसी तरह अवैध कब्जा हटाकर शौचालय पर ताला लगवा दिया।

पार्षद ने आरोप लगाया कि मुन्ना कबाड़ी शौचालय में चोरी का सामान छिपाता है। इस वजह से लोगों को शौचालय का फायदा नहीं मिल पा रहा है। उधर, मुन्ना ने कहा कि उसने शौचालय पर कब्जा नहीं किया। बाहर सामान रखा था। पार्षद के बेटे जबरन कबाड़ का कुछ सामान लेने की कोशिश कर रहे थे। इन्कार करने पर नाराज होकर नगर निगम से कार्रवाई करा दी।

### दिन में सन्नाटा.. अब शाम को जाम



पूरे दिन प्रचंड गर्मी रहने की वजह से शहर के चौराहों का नजारा काफी बदल गया है। सुबह 11 बजे से ही धूप की तेज तपिश की वजह से लोग अब बाजारों में पूरे दिन नहीं दिखाई देते। भीड़भीड़ से अटी रहने वाली शहर की प्रमुख सड़कें सन्नाटे में डूबी दिखाई देती हैं और दुकानदार भी अपनी दुकानों के शटर आधे गिराकर अंदर ऊंघते रहते हैं लेकिन शाम को जैसे ही पारा थोड़ा नीचे आता है तो हालात बदलने लगते हैं। गर्मी के इन दिनों में शाम को ही लोग खरीदारी के लिए निकल रहे हैं लिहाजा बाजारों में भीड़भाड़ भी इसी दौरान दिखाई देती है। शुक्रवार शाम पटेल चौक पर इतनी भीड़ बढ़ी कि भीषण जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस मौजूद न होने से लोग जाम से जूझते रहे।

● मोहित कुमार सिंह

### और बढ़ा पारा, दूसरे दिन ही टूट गया मई के अधिकतम तापमान का रिकॉर्ड

**बरेली, अमृत विचार :** मई में बृहस्पतिवार को एक दिन पहले ही सर्वाधिक तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने का रिकॉर्ड बना था जो शुक्रवार को ही टूट गया। शुक्रवार को तापमान थोड़ा और बढ़कर 42.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया।

मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में भी 0.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई और इसे 26.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। आद्रता में कमी आने से लोगों को उमस से जरूर कुछ राहत मिली। शुक्रवार सुबह 34 प्रतिशत और शाम को 24 प्रतिशत आर्द्रता रही। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अगले चार दिनों तक मौसम में एक बार फिर बदलाव हो सकता है। इस बीच हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं लेकिन अधिकतम तापमान इससे बहुत ज्यादा प्रभावित नहीं होगा। इस दौरान औसतन अधिकतम तापमान 41 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है।

### ...तो रात को भूखे सोएंगे बच्चे... बस यही जज्बा फेल कर देता है मेडिकल की सारी थ्योरी



कोई धूप में घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है और कोई पूरे दिन कड़ी धूप में ही रहकर परिवार के लिए दो जून की रोटी का बंदोबस्त कर रहा है। इन मजदूरों के आगे मेडिकल की यह थ्योरी भी फेल हो रही है कि इन दिनों ज्यादा देर धूप में रहने से हीट स्ट्रोक हो सकता है और जान भी जा सकती है। इस खतरे को अनदेखा कर ये लोग दिन भर काम करने के बाद चार पैसे कमाते हैं, तभी उनके कलेजे में ठंडक पड़ती है। हालांकि इसके लिए उन्हें कुछ खामियाजा भी भुगतना पड़ता है। पीलीभीत बाईपास पर डोहरा मोड़ के पास काम कर रहे मजदूर लाल बहादुर ने बताया कि गर्मी से क्या फर्क पड़ता है, बच्चों का पेट पालना है तो काम करना ही पड़ेगा। हालांकि हर रोज इतनी कड़ी धूप में काम करने से तबीयत खराब हो रही है, लेकिन फिर भी दवा लेकर फिर भी काम पर आन पड़ता है। ● शारिक खान



### पर्यावरण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता पांच को

**बरेली,अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पांच जून को राजेंद्र नगर स्थित सूरज भान बालिका इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। शुक्रवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के छात्र भाग लेंगे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा।

द्वितीय पुण्यतिथि



माँ हर पल तुम साथ हो हमारे, हमको यह अहसास है, आज तुम बहुत दूर हो हमसे पर दिल के बहुत पास हो। तुम्हारी यादों की वह अमूल्य धरोहर आज भी हमारे साथ है, जिंदगी की हर जंग को जीतने के लिए, हमारे सर पर आज भी तुम्हारा हाथ है।

शोकाकुल परिवार :

श्री विद्याराम मौर्य (पति) कृष्णा मौर्य, दुर्गेश मौर्य, शान्ती मौर्य, रिंकी मौर्य, आरती मौर्य (पुत्रियाँ) विजय मौर्य, मोहिनी मौर्य (पुत्र-पुत्रवधु)

# हाउस टैक्स के बिल अपडेट, ट्रायल को खोली साइट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जीआईएस पूरा होने के बाद शहर में 1.45 लाख से बढ़कर 2.22 लाख हो गए हैं टैक्सदाता**
- **पांच साल से चल रहा था सर्वे 25 हजार घरों के टैक्स में हुआ है बदलाव**

> सॉफ्टवेयर अपडेट कर दिया गया है। अब तीन दिन ट्रायल चलेगा। भवनस्वामी ऑनलाइन अपना बिल देख सकते हैं। किसी को कोई आपत्ति करनी है तो कर सकते हैं। ऑनलाइन बिल जमा करने की प्रक्रिया तीन दिन बाद शुरू हो जाएगी।
> – **प्रदीप कुमार मिश्र,** मुख्य कर निर्धारण अधिकारी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने हाउस टैक्स के बिल रिवाइज कर अपडेट कर दिए हैं। इसके बाद शुक्रवार को ट्रायल की शुरुआत कर नए सॉफ्टवेयर से बिल भी जारी किए गए। टैक्सदाता अब अपने बिल की जानकारी नगर निगम की साइट पर ले सकते हैं। बिल में कोई गड़बड़ी होने पर लिखित आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं। यह ट्रायल तीन दिन तक चलेगा।

सॉफ्टवेयर को अपडेट करने के लिए नगर निगम में 1 अप्रैल से टैक्स जमा करने का काम बंद था। अब जीआईएस सर्वे के बाद यह काम पूरा हो गया है। शुक्रवार को तीन दिन के ट्रायल के लिए साइट को खोल दिया गया है। टैक्स विभाग के अनुसार कोई भी भवनस्वामी अपना रिवाइज टैक्स बिल अब ऑनलाइन देख सकता है। नए सॉफ्टवेयर में जीआईएस सर्वे के आंकड़ों को मिलान करने के बाद अपलोड किया गया है। इसमें कोई भी आवासीय या व्यावसायिक भवन का आकार कितना है, यह ब्योरा भी दिया गया है। कहा जा रहा है कि इस व्यवस्था के लागू होने के बाद टैक्सदाता टैक्स तो देंगे लेकिन उन पर ब्याज की मार नहीं पड़ेगी। टैक्स पिछले वित्तीय वर्ष से रिवाइज किया गया है। भवन स्वामी का मकान जिस आकार का होगा उतना ही टैक्स लगेगा। इसके अलावा बिलों में दो कॉलम रखे गए हैं। पहले कॉलम में 2023-24 तक हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और सीवर टैक्स का जमा किए गए टैक्स और बकाया का पूरा विवरण दर्शाया जाएगा, दूसरे कॉलम में जीआईएस सर्वे के बाद बने बकाया का विवरण है। नए सर्वे के बाद शहर में टैक्सदाता 1.45 लाख से बढ़कर 2.22 लाख हो गए हैं। यानी 55 से 60 हजार टैक्सदाता पहली बार टैक्स अदा करेंगे। 25 हजार ऐसे भवन हैं जिनके टैक्स में बदलाव किया गया है।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

EXCELLENT IAS ACADEMY
www.excellentias.org
विगत 14 वर्षों की सफलता के साथ.....सिविल सेवा परीक्षा के लिये समर्पित बरेली का सर्वोत्तम संस्थान
अजीत सिंह के निर्देशन में प्रयागराज व दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा संचालित
IAS/PCS नये बैच शीघ्र प्रारम्भ अब रामपुर गार्डन में
उपदेश कुमार (डिप्टी जेलर)
उत्तर प्रदेश पीसीएस परीक्षा 2023 में चयनित
7983948124, 9935264849 FULLY AC SMART CLASS ROOMS
L/2A35, रामपुर गार्डन, पतंजलि स्टोर के सामने, बरेली

PLACEMENT WITH 12-18 LACS CTC IS HABIT HERE
FUTURE Learn · Assimilate · Transcend BAREILLY
ADMISSIONS OPEN
B.Tech. • MBA • MCA • B.Pharm. • D.Pharm.
BAMS • BBA • BCA • ANM • GNM • B.Ed. • D.El.Ed
Polytechnic • B.Sc. (Nursing) • Diploma in X-Ray Tech./ OT Tech./ Optometry
Bareilly office: D-46, 2nd Floor, Butlar Plaza Ph.: 9012313333
Aonla : Pragati Nagar Gate, Shahbad Road. Ph.: 9105050471
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly
Call: 9917480040 | www.futureinstitutions.org

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पुलिस ने भैंस चोरों का गिरोह पकड़ा तो मीट फैक्ट्री के साथ सरकारी सिस्टम की भी खुल गई पोल

## मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री में नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाकर आननफानन काटी जा रही थीं चोरी की गईं भैंसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कानूनी प्रक्रिया में लगते हैं 10-12 घंटे, चोरी की भैंसे कटती थीं सिर्फ 30 मिनट में
- जांच न कोई लिखापढ़ी, पुलिस ने तीन भैंस चोरों को पकड़ा, तीन भागने में सफल

**अमृत विचार :** भैंस चोरों का एक गिरोह पकड़ा गया तो 65-70 करोड़ के टर्न ओवर वाली मीट फैक्ट्री मारिया फ्रोजन में चल रहे गोरखधंधे और पशु चिकित्सा समेत कई विभागों की उससे साठगांठ की भी पोल खुल गई। बरेली के साथ आसपास के जिलों से भी चुराई गई भैंसें तमाम नियम-कायदों की धज्जियां उड़ाकर इसी मीट फैक्ट्री में कटवाई जा रही थीं। पुलिस के मुताबिक चोरी की गई भैंसे सिर्फ 30 मिनट के अंदर इस फैक्ट्री में काट दी जाती थीं जबकि तय कानूनी प्रक्रिया के तहत इसमें 10 से 12 घंटे का समय लगता है।

फतेहगंज पूर्वी पुलिस ने बृहस्पतिवार रात भैंस चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस के मुताबिक काफी समय से इलाके में पशुओं की चोरी हो रही थी। इसी कारण बृहस्पतिवार रात गश्त पर निकली पुलिस टीम उचसिया रोड से मुरारी कोल्ड स्टोर की तरफ चकरोड तिराहे पर पहुंची तो छह लोगों को एक टेंपो और एक पिकअप के साथ खड़े पाया। पुलिस को देखकर उन्होंने भागने की कोशिश की तो पीछा कर तीन को दबोच लिया, बाकी तीन भागने में सफल हो गए। पूछताछ करने पर पता चला कि पकड़े गए लोगों के नाम जगतपुर गौंटिया चांद मस्जिद निवासी आदिल, पुराना शहर का नफीस और अहलादपुर का आकाश हैं। भाग निकलने वाले जुनैद, इमरान और लाडला थे।

पकड़े गए लोगों से एक भैंस, एक पड्डा, 12 बोर की एक पौनिया, एक कारतूस, एक पिकअप, एक टेंपो बरामद हुआ। इन तीनों पर दो दर्जन से ज्यादा आपराधिक मुकदमे भी हैं। इन्होंने 28 मई की रात ही फतेहगंज पूर्वी में नत्थूलाल के घर से एक भैस, एक पड्डा और पड़िया के साथ घरेलू सामान भी चोरी किया था। यह गिरोह दिन में रेकी करने के बाद रात को भैंसें चोरी करता था और हाथ के हाथ उन्हें कटवा देता था। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि गिरोह के लोग दिन में रेकी कर रात को भैंसें चुराते थे। गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### फैक्ट्री प्रबंधन भी शक के घेरे में, नोटिस देगी पुलिस

नियम-कायदों का पालन किए बगैर चोरी की गई भैंसों को कटवा दिए जाने के कारण मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री का प्रबंधन भी शक के घेरे में है। खुद नफीस के मुताबिक आमतौर पर जब ठेकेदार भैंसों को लेकर फैक्ट्री पहुंचते हैं तो उनकी नाप-तौल के बाद उन्हें रसीद दी जाती है। इसके बाद प्रक्रिया पूरी होने में 10-12 घंटे का समय लगता है, तभी उनका नंबर आता है। कई बार उन्हें एक-एक दिन पहले से अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन वह सिर्फ 30 मिनट में ही भैंसों को कटवा देता था। फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी मदनमोहन चतुर्वेदी ने बताया कि इस मामले में फैक्ट्री प्रबंधन को भी नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया जाएगा। अगर नफीस के साथ किसी और की भी साठगांठ पाई गई तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

### साठगांठ का खेल..! मीट फैक्ट्री कर्मचारी नफीस चोरों का सरगना, बरेली समेत आसपास के जिलों से पांच सौ से ज्यादा भैंसे चोरी कर चुका है गिरोह

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया नफीस मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री का कर्मचारी है और वही भैंस चोरों के गिरोह का सरगना भी है। चोरी की गई भैंसों को फैक्ट्री पर लाए जाने के बाद नफीस उन्हें 30 मिनट के अंदर कटवा देता था ताकि अगर पुलिस या भैंस मालिक गिरोह के सदस्यों तक पहुंच भी जाएं तो भैंस बरामद न हो। पकड़ा गया आकाश टेंपो चलाता है। वह अपने दोस्त आदिल के कहने पर चोरों को अपने टेंपो से इधर से उधर ले जाता था और उन्हें उनकी बताई जगह पर छोड़ देता था। चोरों के भैंस चोरी करने के बाद उन्हें फिर लेकर लेता था। इस काम की एवज में आकाश एक ही रात में करीब पांच हजार रुपये तक कमा लेता था। पुलिस को आरोपियों ने बताया कि बरेली जिले के शाही, मीरगंज, बहेड़ी, बिलसंडा के अलावा वे पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं जिले के अलग-अलग इलाकों से अब तक पांच सौ से भी ज्यादा भैंसें चुराकर मीट फैक्ट्री में कटवा चुके हैं। आदिल गिरोह को आने-जाने के लिए टेंपो मुहैया कराता था। भैंसे लाने के लिए पिकअप इस्तेमाल की जाती थी जिस पर जुनैद, इमरान और लाडला रहते थे। ये तीनों अपने साथ तमंचा लेकर भी चलते थे।



पुलिस हिरासत में भैंस चोर गिरोह के सदस्य।

### पहले से विवादों में ...

**● आयकर छापा**

मारिया फ्रोजन मीट फैक्ट्री पहले से विवादों में रही है। दिसंबर 2022 में फैक्ट्री के मालिक हाजी शकील कुरैशी के कई ठिकानों पर आयकर विभाग की लखनऊ और दिल्ली से आई टीमों ने छापा मारा था और बड़े पैमाने पर दस्तावेज के साथ कंप्यूटरों का रिकॉर्ड कब्जे में लिया था।

**● सील भी किया गया**

आयकर छापे से करीब एक महीने पहले ही शासन स्तर से जांच कराने के बाद स्लाटर हाउस को सील भी किया गया था। मामला अनुबंध से ज्यादा पशु काटने का था। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष ने स्लाटर हाउस का लाइसेंस निरस्त कर उसे सील करने के निर्देश दिए थे।

### यानी... पशुओं की न काटने से पहले हो रही है मेडिकल जांच न बाद में

कठोर नियम हैं मीट फैक्ट्रियों के लिए लेकिन नहीं होता पालन किसी भी स्लॉटर हाउस में पशुओं को काटने के लिए करीब 20 नियमों को पूरा करना जरूरी है। ये नियम अलग-अलग विभागों से संबंधित हैं लेकिन साठगांठ के चक्कर में ज्यादातर विभाग यह जिम्मेदारी पूरी नहीं करते। इनमें से सबसे प्रमुख यह है कि किसी भी पशु को काटने से पहले और बाद में पशु चिकित्सक उसकी जांच करेंगे। इसे एंटी मार्टम और पोस्टमार्टम कहते हैं। जाहिर है कि मीट फैक्ट्री में चोरी की भैंसें यह प्रक्रिया पूरी किए बगैर ही कटवाई जा रही थीं। मीट कारोबारियों की ओर से इन नियमों का पहले से विरोध भ किया जाता रहा है।

# जांच कमेटी ने दर्ज किए 25 छात्राओं के बयान



छात्रावास में छात्राओं के बयान दर्ज करने पहुंची प्रशासनिक जांच टीम।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- टीम ने आठ बिंदुओं पर लिए बयान, जल्द एडीएम प्रशासन को सौंपी जाएगी रिपोर्ट
- अनुसूचित जाति छात्रावास की छात्राओं ने अधीक्षक पर लगाए थे गंभीर आरोप

**अमृत विचार :** नावल्टी चौराहे के पास राजकीय संकेत विद्यालय परिसर स्थित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की छात्राओं की ओर से लगाए गए गंभीर आरोपों के मामले में जांच शुरू हो गई है। गठित कमेटी ने छात्रावास में पहुंचकर छात्राओं के बयान दर्ज किए। अब रिपोर्ट तैयार कर एडीएम प्रशासन को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर मामले में अग्रिम कार्रवाई होगी।

10 दिन पूर्व छात्रावास की कई छात्राएं एडीएम प्रशासन दिनेश से मिली थीं। इस दौरान उन्होंने छात्रावास के अधीक्षक पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उनका आरोप था कि 27 छात्राओं के लिए सीमित मात्रा में पानी मंगाया जाता है। पानी मांगने पर कहा जाता है कि कम पानी पीओ। ज्यादा की जरूरत हो तो खुद खरीदकर लाओ। आरोप था कि शिकायत पर अधीक्षक गालीगलौज करने लगती हैं। सुविधाओं का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। छात्रावास जर्जर हालत में है। बारिश में छत टपकती है। बाथरूम के दरवाजे और अलमारी टूटी हैं। मच्छरों का प्रकोप अधिक है। एडीएम ने छात्राओं को जांच कराने का आश्वासन दिया था। एडीएम ने एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीम गठित की, जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा और समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा को शामिल किया गया। जांच टीम में शामिल तीनों महिला अफसरों ने छात्रावास पहुंचकर 25 छात्राओं के बयान दर्ज किए।

सूत्रों के मुताबिक छात्राओं ने जो आरोप लगाए थे, उसी को लेकर आठ बिंदुओं पर उनके बयान कई पन्नों पर दर्ज किए गए हैं। एक-दो दिन में रिपोर्ट एडीएम के पास पहुंच जाएगी। बताते हैं कि अधिक संख्या में छात्राओं अधीक्षक के खिलाफ बयान दिए हैं। कुछ छात्राओं ने पक्ष में भी बोला है। अब इन्हीं निष्कर्षों के आधार पर मामले में प्रशासन कार्रवाई करेगा।

## एक नजर

### चेक बाउंस होने के मामले में दोषी को एक वर्ष कैद, छह लाख जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली अमृत विचार :** चार लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन सुव्रत पाठक ने संजयनगर होली चौराहा निवासी अनिल शर्मा को दोषी पाते हुए एक वर्ष कैद और छह लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने से 5 लाख 75 हजार रुपये वादी को बतौर मुआवजा मिलेंगे। 25 हजार रुपये राजकीय कोष में जमा होंगे। प्रेमनगर जनकपुरी निवासी अभिषेक अरोरा ने अपने वकील पवन कुमार राठौर और धर्मेन्द्र के जरिए चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि अनिल शर्मा उनकी मदर डेयरी से दूध ले जाता था। 28 फरवरी 2008 से लगातार दूध सप्लाई की सप्लाई की गई। कुल 8 लाख रुपये का बकाया था, जो अनिल को देना था। तकादा करने पर 4 लाख का चेक 2 नवंबर 2017 और दूसरा चेक 2018 का दिया। जब चेक बैंक में जमा किया तो बाउंस हो गया।

**दूध की सप्लाई के आठ लाख अदा करने के लिए दिया गया चेक हुआ था बाउंस**

### साइबर ठगी कर उपभोक्ता के खाते से उड़ाई थी रकम, पीएनबी पर जुर्माना

**विधि संवाददाता, बरेली :** साइबर ठगी कर उपभोक्ता की रकम बैंक खाते से उड़ाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, सदस्य मुक्ता गुप्ता और प्रशांत मिश्रा की पीठ ने पंजाब नेशनल बैंक पर 4 लाख 40 हजार रुपये उपभोक्ता को 5 प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया है। शहामतगंज स्थित टी कंपनी के प्रोपराइटर दिलीप कुमार बंसल ने अपने वकील सुनील कुमार मित्तल के जरिए आयोग में वर्ष 2021 में अर्जी देकर बताया कि उनका खाता शहामतगंज की पीएनबी शाख में है। 5 जनवरी 2021 को अपने अकाउंट की जानकारी को कस्टमर केयर पर फोन कर बात की थी। प्रतिनिधि से बात करने के बाद ही अकाउंट से 10-10 हजार रुपये डेबिट होने का मेसेज मोबाइल पर आने लगा। बैंक शाखा प्रबंधक से संपर्क कर खाता संचालन रोकने का आग्रह किया। बैंक की उदासीनता और खाता संचालन में रोक लगाने में देरी के कारण 32 डेबिट ट्रांजेक्सन के जरिए अकाउंट से 3 लाख 20 हजार रुपये डेबिट हो गए। 6 जनवरी 2021 को फिर 10-10 हजार रुपये 11 बार में नेट बैंकिंग के जरिए उड़ा दिए गए। इस तरह खाते से कुल 4 लाख 30 हजार रुपये निकाल लिए गए।

# बरेली कॉलेज में छात्र नेता ने बीसीए छात्र को पीटा, तमंचे के जोर पर नकदी-स्मार्ट वाच लूटी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के एक छात्र नेता पर बीसीए छात्र ने साथियों के साथ तमंचे के जोर पर मारपीट करने और पैसे-घड़ी लूट लेने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्र की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

छात्र ऋतिक सक्सेना ने शहामतगंज पुलिस चौकी में दी शिकायत में आरोप लगाया है कि कुछ दिन पहले कॉलेज में अमन तोमर और उसके कुछ साथियों ने उसकी रैगिंग की थी। उस समय वह किसी तरह बच कर भाग गए लेकिन शुक्रवार दोपहर करीब 2:10 बजे परीक्षा देकर लौटते समय अचानक अमन तोमर ने आकर उनके ऊपर तमंचा तान दिया और गालीगलौज करते हुए गाड़ी में बैठने को कहा। वह लाइब्रेरी की ओर भागे तो अमन और उसके साथियों ने लाइब्रेरी में घुसकर उन्हें बुरी तरह पीटा और उनकी जेब में पड़े 2150 रुपये के साथ स्मार्ट वाच भी लूटकर भाग गए।



पीड़ित बीसीए छात्र ऋतिक।

उधर, लंबे समय तक विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहे अमन तोमर ने बीसीए छात्र ऋतिक सक्सेना के आरोपों को झूठा बताते हुए कहा कि जब घटना हुई तब वह लाइब्रेरी के बाहर खड़े थे। छात्र की किन्हीं और लोगों से लड़ाई हो रही थी। कहा कि सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखकर सच्चाई सामने आ जाएगी।

# टाटा सरिया का फर्जी डीलर बनकर ठगे 40.74 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शहर के एक सरिया कारोबारी की ओर से उत्तराखंड की एक बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ 40.74 लाख की ठगी की रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइंस निवासी मोहम्मद इरशाद खान के मुताबिक उनकी हसीन इंटरप्राइजेज के नाम से फर्म है। उन्होंने सरिया की डील देहरादून में मैसर्स आदित्यनाथ स्टील के प्रोपराइटर अजीत जैन से की थी। अजीत ने सरिया उधार देने से इन्कार किया तो उन्होंने छह सितंबर 2023 को इंडियन ओवरसीज बैंक की सिविल लाइंस शाखा से आरटीजीएस के जरिए कंपनी को 50 लाख रुपये ट्रांसफर किए। आरोपी ने 18 सितंबर 2023 को नौ लाख 25 हजार रुपये की सरिया भेज दी। इसके बाद सप्लाई नहीं की। 40 लाख 74268 रुपये का भुगतान भी नहीं किया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने अजीत जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सिंचाई विभाग के ठेकेदार ने रामगंगा में खोदा मौत का गड्ढा, दो किशोरियों की डूबकर मौत

## तीसरी किशोरी को जैसे-तैसे निकालकर गांव वालों ने अस्पताल में भर्ती कराया, हालत नाजुक

फतेहगंज पश्चिमी



कुसुम।



सलोनी।

- रामगंगा पार कर रोज पालेज पर जाते थे लोग, रातोंरात रास्ते में खोद दिया गहरा गड्ढा
- रिश्तेदारी में आईं थीं हादसे में मारी गईं दोनों किशोरियां, पोस्टमार्टम के लिए भेजे शव

**अमृत विचार :** गर्मी में पानी कम होने से उथली रामगंगा को पार कर जिस रास्ते लोग रोज अपनी पालेज देखने जाते थे, उसी रास्ते पर सिंचाई विभाग के ठेकेदार ने रातोंरात मौत का गड्ढा तैयार कर दिया। शुक्रवार को अपनी पालेज पर जा रहीं तीन किशोरियां इस गड्ढे में डूब गईं। एक तो लोगों ने किसी तरह निकालकर बचा लिया लेकिन बाकी दोनों की मौत हो गई। ठेकेदार की करतूत पर गांव वालों में भारी गुस्से का माहौल है।

घटना शुक्रवार सुबह गांव गौतारा टोला के पास हुई। गांव की प्रेम गौंटिया में रहने वाले मनोहर लाल की 17 वर्षीय बेटी मंगला सुबह रामगंगा पार अपनी पालेज देखने गई थी। अपने साथ वह घर आई हुई भोजीपुरा के गांव वीरपुर निवासी रिश्तेदार अनिल गंगवार की 10 वर्षीय बेटी सलोनी और देवरनियां के गांव कासमपुर के मांसीलाल की 15 वर्षीय बेटी कुसुम को भी ले गई। पालेज से लौटते समय तीनों रामगंगा में खनन की वजह से हुए गहरे गहरे गड्ढे में डूब गईं। रामगंगा के किनारे आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें डूबते देखा तो बचाने दौड़े। गड्ढा काफी गहरा होने की वजह से वे जैसे-तैसे मंगला को ही जीवित निकाल पाए। सलोनी और कुसुम को जब तक निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मंगला को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सलोनी और कुसुम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



बच्चियों की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### एक ही जगह खुदाई कर रामगंगा में बना दिया था 30 फुट गहरा गड्ढा



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव वालों ने बताया कि इन दिनों नदी में दो-तीन फुट ही गहरा पानी है। वे लोग नदी पार करके अपने खेतों पर जाते हैं। कुछ दिन से सिंचाई विभाग बाढ़ रोकने को ठोकरें बनाने के लिए ठेकेदार से रामगंगा से रेत निकलवा रहा है। ठेकेदार ने अपनी मेहनत और खर्च बचाने के लिए एक ही जगह मशीन से गहरी खुदाई कर डाली और रामगंगा में 25-30 फुट गहरा गड्ढा कर दिया। रोज आने-जाने वाली मंगला भी इस खतरे को भांप नहीं पाई, उसके साथ रिश्तेदारी में आई दोनों किशोरियां इस गड्ढे में डूब गईं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर ठेकेदार अलग-अलग जगह खुदाई कर रेत निकालता तो यह हादसा नहीं होता।

# सुभाष नगर की बीडीए 2 कॉलोनी में फिर जला ट्रांसफार्मर, 16 घंटे गुल रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सुभाष नगर क्षेत्र में ओवरलोडिंग के चलते बिजली संकट जारी है। गुरुवार देर रात ट्रांसफार्मर में आग लगने से बीडीए 2 कॉलोनी में 16 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। गर्मी से बेहाल लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। शुक्रवार दोपहर बाद आपूर्ति ठीक हो सकी। इसके अलावा रामगंगा, राधा कुंज कालोनी, पवन विहार जैसे इलाकों में लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ी।

सुभाष नगर उपकेंद्र से जुड़ी बीडीए-2 कॉलोनी में गुरुवार देर रात ट्रांसफार्मर में आग लगने से केबल जल गई। इससे बिजली गुल हो गई। शुक्रवार को नया ट्रांसफार्मर और केबल डालकर दोपहर तीन बजे आपूर्ति सुचारू की गई।

एसडीओ सुभाष नगर अभिषेक कपासिया के मुताबिक नया ट्रांसफार्मर लगवा कर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। उधर, बाकरगंज में शुक्रवार दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक ट्रांसफार्मर में खराबी से बिजली आपूर्ति बाधित रही। किला जामा मस्जिद के 5 नंबर फीडर पर लोकल फाल्ट से चार घंटे बिजली गुल रही। जिससे थाना किला, जसोली, साहूकारा, किला बाजार, रेती मोहल्ला, इंग्लिश गंज में दिक्कत हुई। गुरुवार देर रात हारूनगला उपकेंद्र में लोकल फॉल्ट होने से ग्रीन पार्क, सुपर सिटी में दो घंटा तक बिजली बाधित रही।

राधा कुंज में बंच केबल जलने से गुरुवार रात एक बजे से सुबह तीन बजे तक लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। शुक्रवार सुबह रामगंगा नगर फीडर में ब्रेक डाउन से दोपहर 12 बजे तक बिजली गुल रही। पवन विहार में 33 केवी लाइन में फॉल्ट से चार घंटा लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।



ट्रांसफार्मर ठीक करता बिजलीकर्मी।

- रामगंगानगर फीडर में ब्रेकडाउन से बढ़ी बिजली कटौती
- राधा कुंज कॉलोनी में बंच केबल में आग लगने से दिक्कत

### भूमिगत केबल में फाल्ट से ड्राइविंग लाइसेंस का काम बाधित

सिविल लाइन क्षेत्र से जुड़े विकास भवन के पीछे परिवहन विभाग के ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में बिजली की भूमिगत केबल में फाल्ट हो गया। इस वजह से ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित कार्य प्रभावित हुआ। इस दौरान आवेदकों को दिक्कत हुई। आरआई एमपी सिंह ने बिजली विभाग के अधिकारियों से इसकी सूचना दी ।शुक्रवार देर शाम कर्मचारियों ने फाल्ट ठीक कर आपूर्ति को बहाल किया। सिविल लाइंस के अवर अभियंता श्याम बली वर्मा ने बताया कि शिकायत मिलने पर फाल्ट को ठीक कर दिया गया।

# नंदी हाइट्स अपार्टमेंट में शॉर्ट सर्किट से आग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्रेमनगर क्षेत्र में नंदी हाइट्स अपार्टमेंट में गुरुवार रात करीब 12 बजे शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। धुआं निकलता देख लोग अपने फ्लैटों से बाहर गए। कुछ ही देर में पूरे अपार्टमेंट में धुआं भर गया। लोगों का दम घुटने लगा था। बिजली कटने से अंधेरा हो गया, जिससे सीढ़ियों से नीचे उतरना मुश्किल हो गया। बताया जाता है कि पार्किंग में कई कार और दो पहिया वाहन भी आग की चपेट में आकर जल गए।

आग लगने से पूरी बिल्डिंग में चीख-पुकार मच गई। सभी लोगों ने जैसे-तैसे उतरकर अपनी जान बचाई। बताया गया है कि धुएं के कारण कई लोग बेहोश भी होने लगे थे। लोगों ने बताया कि कॉल करने के बाद भी करीब 45 मिनट्स के बाद फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, उससे पहले ही लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



अपार्टमेंट में आग लगने से काफी फर्नीचर और सामान जल गया। ● अमृत विचार

# सीसीटीवी कैमरों की निगरानी के साथ कड़ी सुरक्षा में होगी मतगणना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चार जून को होने वाली मतगणना के लिए पुलिस-प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को डीएम ने बताया कि वोटों की काउंटिंग ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच होगी।

डीएम रविंद्र कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि सुबह आठ बजे नौ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना राज्य भंडारण निगम सीबीगंज में शुरू हो जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। प्रत्याशी और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोला जाएग। मतगणना के बाद स्ट्रांग रूम सील होंगे। बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिस एजेंट का जिस कमरे के लिए पास होगा, वह दूसरे कमरे में नहीं जा सकेगा। इंटरनेट की समस्या न हो, इसके लिए तीन कंपनियों के इंटरनेट की व्यवस्था की गई है।

डीएम ने कहा कि सौ मीटर के दायरे में कोई गतिविधि नहीं होगी। गणना कक्ष में एआरओ के साथ प्रत्याशियों के एजेंट मौजूद रहेंगे। मतगणना शुरू होने से पहले एजेंटों को पहुंचना होगा। राउंड वार मतगणना के परिणाम जिला सूचना अधिकारी मीडिया को बताएंगे।




### गैजेट्स पर रहेगा प्रतिबंध

डीएम ने बताया कि मतगणना स्थल पर एजेंटों को मोबाइल, कैलकुलेटर जैसे गैजेट्स या बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। हॉल के अंदर एजेंट प्रारूप 17 सी की छायाप्रति, सादा कागज, नोटपेड, पेन, पेंसिल ले जा सकेंगे और मतगणना हॉल में वे निर्धारित टेबल पर ही बैठ सकेंगे।

### ट्रैफिक प्लान भी बन रहा, एक दिन पहले होगा रिहर्सल

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि मतगणना के लिए ट्रैफिक प्लान बनाया जा रहा है। इस दौरान मिनी बाईपास से झुमका तिराहे तक रूट डायवर्जन रहेगा। झुमका से किला तक भी यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। उन्होंने बताया कि, एक दिन पहले ही रूट डायवर्जन का रिहर्सल कर व्यवस्था को परखा जाएगा।

### मतगणना के लिए प्रत्याशियों की तैयारी पूरी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में लगेंगे 15 एजेंट

**बरेली, अमृत विचार :** मतगणना के लिए राजनीतिक दलों ने भी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी प्रत्याशियों ने अपने एजेंटों के पास जारी करा लिए हैं। तीसरे चरण में सात मई को बरेली और आंवला सीट के लिए चुनाव हुआ था। दोनों सीटों पर 22 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद है। हालांकि सीधा मुकाबला भाजपा-सपा के बीच ही बताया जा रहा है। चुनाव के बाद से प्रत्याशियों से लेकर हर किसी को चार जून को होने वाली मतगणना का इंतजार है। दो दिन बाद मतगणना होगी। बरेली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के भतीजे दुष्यंत कुमार गंगवार के मुताबिक मतगणना को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। सभी एजेंटों के पास बनवा लिए गए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 15 एजेंट लगाए जाएंगे। कुल 75 एजेंट बने हैं। 9 एजेंट बैलेट पेपर, एक स्कैनर और एक आरओ टेबिल के लिए भी बनाया गया है। आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के मीडिया प्रभारी राहुल के मुताबिक फार्म 18 भरकर प्रशासन को उपलब्ध कराया गया था। उस आधार पर एजेंटों के पास प्रशासन की ओर से जारी कर दिए गए हैं। सभी का पुलिस सत्यापन हो चुका है। चार जून की सुबह छह बजे हम लोगों को मतगणना स्थल पर पहुंचना है।

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
स्त्री एवं प्रसूति रोग
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वेन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

## मच्छरों की रोकथाम के लिए जिले में आज से चलेगा अभियान

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच मलेरिया तेजी से पांव पसार रहा है। जिले में मलेरिया के नये मामलों की संख्या 174 पहुंच गई है। मच्छरों की रोकथाम के लिए मलेरिया विभाग शनिवार से 30 जून तक जिले में अभियान चलाएगा। इस दौरान मच्छरों को नष्ट किया जाएगा। साथ ही बुखार के मरीजों की मलेरिया जांच होगी। इसके लिए सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं। मलेरिया के मामलों में मीरगंज, शेरगढ़, फतेहगंज पश्चमी समेत पांच ब्लॉक संवेदनशील हैं। तीन मेडिकल मोबाइल यूनिट शनिवार से गांव-गांव भ्रमण कर मरीजों की स्क्रीनिंग करेगी। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि एक जून से मलेरिया रोधी अभियान शुरू किया जाए।

## अस्पताल की सड़कों पर कराया पानी का छिड़काव

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। रोगियों को राहत पहुंचाने के लिए शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन ने परिसर में सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया। अस्पताल के सभी 326 बेड मरीजों से फुल हैं। मरीजों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए वार्डों में कूलर और पंखे भी लगवाए गए हैं।

# बेटी के प्रेमी की हत्या करने के जुर्म में पिता-पुत्र को उम्रकैद

### अगरास का मामला, 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

विधि संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बेटी के प्रेमी की हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने फतेहगंज पश्चिमी के गांव अगरास निवासी पिता अलाउद्दीन और भाई अब्दुल खालिद को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं दो अन्य आरोपियों में रियाजुद्दीन और इरफान को बरी कर दिया।

सरकारी वकील रीतराम राजपूत ने बताया कि सलामत हुसैन ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में 2 मई 2016 को तहरीर देकर बताया कि भाई रिफाकत हुसैन के गांव के अलाउद्दीन की पुत्री गुलशन से प्रेम संबंध थे। इस बात से अलाउद्दीन के घर वाले भाई रिफाकत से रंजिश मानते थे। 1 मई 2016 की रात 11 बजे अलाउद्दीन ने बेटी पर दबाव बनाकर फोन करवाकर रिफाकत को घर बुलवा लिया। अलाउद्दीन, पप्पू, इरफान, नन्हें, अब्दुल खालिद, नसीम ने एक राय होकर रिफाकत को घर में बंधक बनाकर पीटा। जानकारी होने पर परिजन लोगों के साथ अलाउद्दीन के घर गए। इस दौरान अलाउद्दीन ने बेटी के साथ निकाह न करने पर रिफाकत को जान से मारने की धमकी दी। परिजन निकाह के मुद्दे पर सहमत हो गए। अलाउद्दीन ने कहा कि निकाह सुबह किया जाएगा। गांव वालों के समझाने पर भाई रिफाकत को अलाउद्दीन के घर यह कहकर छोड़कर चले आए कि अब इसे मारना पीटना मत। सुबह निकाह करवा दिया जाएगा। 2 मई 2016 की सुबह 6 बजे पता चला कि रिफाकत की लाश गांव में पेड़ पर लटकी हुई है। उसके मुंह से खून निकल रहा था। शरीर में चोट के निशान थे। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### दिव्यांग का हाथ तोड़ने के मामले में दो को 5 वर्ष कैद

**विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार :** परचून की दुकान पर बैठे दिव्यांग को गाली देने, मारपीट कर हाथ तोड़ने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमित कुमार ने फतेहगंज पश्चिमी रहपुरा जागीर निवासी पूरन लाल, तेजपाल को दोषी पाते हुए 5 वर्ष कैद और प्रत्येक को 12-12 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इस केस के शीघ्र निपटारे का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। सरकारी वकील अमित कुमार ने बताया कि खेमकरन ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में तहरीर देकर बताया कि 28 अक्टूबर 2017 को वह घर पर अकेला था। तेजपाल और पूरन परचून की दुकान पर दोपहर 3 बजे आए। दोनों ने शराब पी रखी थी। दोनों उन्हें खड़ंजे पर पटक दिया, जिससे हाथ टूट गया। शासकीय अधिवक्ता ने 5 गवाह पेश किये थे। जुर्माने की आधी रकम घायल को बतौर मुआवजा मिलेगी।

## पालतू पशुओं को छोड़ने वालों पर कराई जाए रिपोर्ट

**बरेली अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकट गुट) ने शुक्रवार को कई समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट राजीव शुक्ला को सौंपा है। यूनियन के जिला प्रवक्ता मो. इकबाल की अगुवाई में सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया कि बरेली में छह वर्ष में दो करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए, लेकिन इसके बाद भी हरियाली का दायरा नहीं बढ़ा है। अधिकांश पौधों के नष्ट हो जाने से वन क्षेत्र नहीं बढ़ा है। अफसर भी पौधारोपण के नाम पर रस्म अदायगी करते हैं। छुट्टा पशुओं से बचाने के लिए भी कोई इंतजाम नहीं किए जाते हैं। यूनियन ने मांग की है कि प्रत्येक गांव में पालतू पशुओं की सूची बनाकर संबंधित तहसील, वनरेंज और थाना, ग्राम स्तर से पशु पालकों को सख्त हिदायत दी जाए कि वे पशुओं को न छोड़ें। पालतू पशुओं को छोड़ने वालों पर एफआईआर कराई जाए। महानगर में बिजली के लगे पोल के बीच में छाया वाले पौधे लगाए जाएं। अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। आमिर रजा, गजेंद्र पटेल, राकेश कुमार, मुस्तफा, पीर खां, मुर्तिजा आदि मौजूद रहे।

## कारोबारी ने कुबूल की 10 लाख की जीएसटी चोरी

- वाणिज्य कर विभाग ने बांसमंडी में टिंबर कारोबारी के प्रतिष्ठान पर की जांच

**बरेली, अमृत विचार :** वाणिज्य कर विभाग ने बांसमंडी में टिंबर कारोबारी के प्रतिष्ठान पर 10 लाख की जीएसटी चोरी पकड़ी है। कारोबारी ने भी यह जीएसटी चोरी स्वीकार कर ली है।

एडीशनल कमिश्नर जीएसटी ओपी चौबे के निर्देश पर में डिप्टी कमिश्नर अनिरुद्ध सिंह की टीम ने शुक्रवार को बांसमंडी में टिंबर कारोबारी फैज अली के यहां जांच की। डाटा विश्लेषण में पाया गया कि कारोबारी पांच करोड़ से अधिक का व्यापार कर रहा था लेकिन अत्यधिक मूल्य संवर्धन वाली वस्तुओं के व्यापार के बावजूद सभी देय टैक्स का समायोजन आईटीसी से किया जा रहा था।

पोर्टल पर उपलब्ध व्यापारिक विवरण की जांच में पाया कि मोबाइल फोन, हुंडई की घरेलू कार, होटल-रेस्टोरेंट के बिल, घरेलू कारों के बीमा और होम एप्लायंसेज की खरीद दिखाते हुए निजी उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी का समायोजन किया गया है।

इसके साथ भारी मात्रा में ई वे बिलों को अनियमित रूप से रद किया गया था। कारोबारी ने भी 10 लाख रुपये की कर चोरी करना स्वीकार किया है।

## केस जीतने के बाद पुलिस के साथ ससुराल गई महिला को घर में लटका मिला ताला

**बरेली, अमृत विचार :** फैमिली कोर्ट से दहेज उत्पीड़न का केस जीतने के बाद महिला ससुराल पहुंची तो वहां ताला लटका मिला। पुलिस अब पति और ससुराल वालों को खोज रही है। कोर्ट ने महिला को ससुराल पहुंचाने का जिम्मा एसएसपी को सौंपा है।

कानपुर निवासी नैन्सी ओमर का आरोप है कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी मनीष अग्रवाल से तीन साल पहले विवाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ससुरालीजन दहेज की मांग करने लगे। विरोध करने पर उसे घर से निकाल दिया। नैन्सी ने फैमिली कोर्ट में दहेज उत्पीड़न का केस किया। वह एक फरवरी को कोर्ट में केस जीत गईं। 20 मई को सुरक्षाकर्मियों के साथ जब महिला ससुराल पहुंची तो घर में ताला लटका मिला।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव
प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें • दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन • हर्निया का ऑपरेशन • अपेंडिक्स का ऑपरेशन • पित्त की नली की पथरी • बवासीर, भगन्दर, फिशर • हाईड्रोसील • स्तन की गांठ का ऑपरेशन • पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) • पाइलोनाइडल साइनस • इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
ADITYA
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## जटिल सर्जरी की बारीकियां बताने को जुटेंगे हड्डी रोग विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 24 और 25 अगस्त को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में होगी हैंड एंड रिस्ट कोर्स कार्यशाला



जानकारी देते डॉ. विनोद पगरानी और डॉ. मनोज हिरानी।

**अमृत विचार :** बरेली और यूपी ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन पहली बार 24 और 25 अगस्त को बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में हैंड एंड रिस्ट कोर्स कार्यशाला आयोजित करेगी, जिसमें 120 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ जुटेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को लोक खुशहाली सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में बरेली ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. विनोद पागरानी ने जानकारी दी।

बताया कि इस कोर्स की बारीकियों को समझाने के लिए वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज जिंदल पुणे से आ रहे हैं। साथ ही हाथ और कलाई की जटिल सर्जरी करने के विशेषज्ञ अन्य डॉक्टर भी अपने अनुभव साझा करेंगे। कांफ्रेंस में जटिल सर्जरी की बारीकियां सीखने के लिए बरेली और आसपास के जिलों एवं कुमाऊं क्षेत्र से 120 से अधिक हड्डी रोग विशेषज्ञ कोर्स में प्रतिभाग करेंगे। सर्जरी का लाइव प्रसारण भी होगा। प्रेस वार्ता में डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. मनोज हिरानी, डॉ. वरुण अग्रवाल, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. प्रवीण गर्ग, डॉ. रविन्द्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

### मरीजों को नहीं लगाने होंगे दिल्ली व लखनऊ के चक्कर

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रो. प्रवीण ने बताया कि इस कोर्स में प्रतिभाग कर जटिल सर्जरी का प्रशिक्षण लेने के बाद मरीजों की सर्जरी बरेली में ही हो सकेगी, जिसके बाद मरीजों को दिल्ली और लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

## दूध की कीमतें लगातार बढ़ रहीं पर मिलावट का सिलसिला थमा नहीं

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** जिले में हर रोज लगभग 797405 लीटर दूध का उत्पादन हो रहा है। दूध की कीमतें भी बाजार में लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन इसमें मिलावट का खेल जारी है। खाद्य सुरक्षा विभाग के आंकड़े भी इस ओर इशारा कर रहे हैं। तीन वर्षों में 164 दूध के नमूने फेल हो चुके हैं। बाजार और डेयरियों पर मिलने वाला दूध कितना पोषण युक्त है, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

जिले में पशुपालकों के अलावा पराग डेयरी भी 30 हजार लीटर तक दूध उत्पादन करती है, जो पूरे मंडल में दूध सप्लाई होता है। दूध का रेट भी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ा है। पराग डेयरी के जनरल मैनेजर मनीष सिंह ने बताया कि दूध के रेट किसी तरह से भी रेग्युलेट नहीं होते हैं। यह मार्केट में डिमांड और प्रोडक्शन के अनुसार ही ऊपर नीचे हो सकते हैं।

हालांकि सस्ता वाला और महंगा वाला दूध में क्रीम का फर्क होता है। इस समय टोन्ड दूध की कीमत (क्रीम आधी निकाली हुई होती है) 56 रुपये है। वहीं फुल क्रीम वाले दूध की कीमत 66 रुपये है। दूध में छह प्रतिशत फैट और नौ प्रतिशत एसएनएफ (सालिड्स एंड नॉन फैट्स) होना अनिवार्य है। खाद्य सुरक्षा विभाग सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया जिले में दूध में अब तक सिंथेटिक होने के मामले बहुत कम हैं, लेकिन जो दूध हम ले रहे हैं, उसमें पोषण यानी क्रीम खींच ली जाती है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. राहुल के अनुसार दूध में कैल्शिय,आयरन, कॉर्बोहाइड्रेट,विटामिन,मिनरल समेत सभी गुण होते हैं।

### अनुमानित दूध उत्पादन

| जानवर | लीटर |
|---|---|
| गाय | 198575 |
| भैंस | 548140 |
| बकरी | 15690 |

### विश्व दुग्ध दिवस

- जिले में हर रोज लगभग 797405 लीटर दूध का उत्पादन
- तीन वर्षों में दूध के 164 नमूने हो चुके हैं फेल

### किस वर्ष में कितने दूध के नमूने हुए फेल-पास

| वर्ष | कुल सैंपल | फेल | पास |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 166 | 58 | 108 |
| 2022-23 | 173 | 95 | 77 |
| 2023-24 | 78 | 11 | 67 |

## होटल कारोबारियों पर 10 हजार की पेनाल्टी लगाना अनुचित



**बरेली, अमृत विचार :** शहर के होटलों को पूर्व में दी गई अग्निशमन की एनओसी को अब रद किया जा रहा है। प्रति होटल 10 हजार और एक हजार रुपये अतिरिक्त पेनाल्टी लगाने के आदेश का होटल कारोबारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। इस संबंध में होटल वेलफेयर एसोसिएशन की सिविल लाइंस में हुई बैठक में अग्निशमन विभाग के रवैये का विरोध किया गया। होटल कारोबारियों ने दस हजार रुपये प्रति होटल पेनाल्टी व एक हजार रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त पेनाल्टी लगाने को अनुचित बताया। संगठन के अध्यक्ष डा. अनुराग सक्सेना ने कहा कि सभी होटल को समय देना चाहिए। कोई होटल 200 तो 500 गज में चल रहा है। कुछ होटलों का भवन पुराना है। ऐसे में उनमें मानक के हिसाब से फायर का वाटर टैंक नहीं फिट हो सकता है। इसके लिए विभाग को एक तर्क संगत एवं व्यावहारिक हल निकालना चाहिए। इस संबंध में शनिवार को सभी होटल कारोबारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी से मिलेंगे। संरक्षक सतीश अग्रवाल, गिरीश ओबेरॉय, शुजा खान, अध्यक्ष डॉ अनुराग सक्सेना कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा, धीरेंद्र वीर सिंह, सतवतं सिंह चड्ढा, निखिल थापर, आलोक गुप्ता, आदि उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत




**बरेली, अमृत विचार :** रहपुरा चौधरी स्थित एडुवाइब पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप में नृत्य, गायन आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य मो. फहीम रजा खां ने की। मुख्य अतिथि निकहत परवीन और विशिष्ट अतिथि शबाना खान रहीं। इस दौरान बच्चों को फन विद साइंस, वेस्ट मेटेरियल से वस्तुएं तैयार करना, बैडमिंटन, कैरम आदि खेलों के बारे में भी बताया गया। अरहान खान, फातिमा अलीना, तलहा रजा, अजहर, मो. फरहान, उवैस, इजहान रजा आदि उपस्थित रहे।

## पत्रकारिता दिवस पर 21 लोगों को किया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में विशिष्ट बचपन पत्रिका की ओर से शुक्रवार को बदायूं रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में काव्य संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें पत्रकारिता, साहित्य से संबंधित और मेधावी छात्रों सहित 21 लोगों को सम्मानित किया गया। काव्य संध्या में रामधनी सिंह, राम प्रकाश ओज, अफरोज, उपेंद्र सक्सेना, रितेश साहनी, प्रताप मौर्य, उमेश त्रिगुणायत, भारतेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह केसर, दीपक मुखर्जी, सत्यवती सत्या, प्रकाश निर्मल, अरविन्द मिश्रा, विनोद कुमार शर्मा, सरिता शर्मा आदि ने काव्य रचनाओं के माध्यम से पत्रकारिता की महत्व पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि कवि कल्याण गोंडवी, मुख्य अतिथि सुरेंद्र अग्रवाल और प्रेरणा पत्रिका के संपादक विजय तन्हा रहे। अध्यक्षता शायर विनय सागर जायसवाल और संचालन पत्रिका की प्रधान संपादक राजबाला धैर्य ने किया। प्रबंध संपादक सात्विक चौधरी, श्याम बाबू, मनोज कुमार आदि म, पुष्पित शर्मा, विनीत सोनी, देवेन्द्र कुमार, आदित्य यादव मौजूद रहे।

## सपा नेताओं ने अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई



**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को कार्यालय पर महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि अहिल्याबाई ने समाज में विधवा महिलाओं की स्थिति, उनकी शिक्षा पर काम किया। वह महेशा महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहेंगी। सपा महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने भी विचार रखे। मो. खालिद खां, गोविंद सैनी, राजेश मौर्या, महेश यादव, नरेश पाल, राजेश यादव, द्रोण कश्यप, अनुज वाल्मीकि, हरिओम प्रजापति, छेदा लाल लोधी, शिवम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## छात्रों को रोबोटिक्स और एआई के संबंध में दी जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** आरबीएमआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की ओर से कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों के लिए रोबोटिक्स और एआई विषय पर समर बूट कैम्प आयोजित किया गया, जिसमें शहर के तमाम निजी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों को विभिन्न प्रकार के सेंसर्स और मोटर्स के उपयोग के बारे में बताया गया। इं. आशीष गुप्ता के नेतृत्व में कैंप का हुआ। संस्थान के कंप्यूटर साइंस विभाग के डीन डा. राहुल रस्तोगी ने छात्रों को एआई के संबंध में बताया। इंजीनियरिंग विभाग में एआई और डेटा साइंस इंजीनियरिंग की नई ब्रांच भी शुरू हो गई है। इंजीनियरिंग विभाग के निदेशक डा. हिमांशु अग्रवाल, कार्यक्रम निदेशक डा. रुचिन जैन आदि मौजूद रहे।

## शहीद-ए-आजम खान बहादुर खान को किया याद



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली में 31 मई 1857 की क्रांति के 167 साल पूरे होने पर पुरानी जिला जेल स्थित नवाब खान बहादुर खान की मजार पर कार्यक्रम हुआ। क्रांति के महानायक शहीद-ए-आजम खान बहादुर खान को याद किया गया। नवाब खान बहादुर खान मेमोरियल सोसाइटी की ओर से उन्हें खिराज-ए-अकीदत पेश की गई। नवाब खान बहादुर खान की मजार पर चादपोशी और गुलपोशी की गई। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने फातिहा में हिस्सा लिया। नवाब खान बहादुर खान के वंशज लियाकत अली खान ने बताया कि आज ही के दिन नवाब खान बहादुर खान के नेतृत्व में बरेली समेत पूरे रुहेलखंड को कंपनी हुकूमत से आजाद करा लिया गया था। 11 महीने तक खान बहादुर खान यहां के नवाब रहे। उन्होंने कहा कि हमें अपने शहीदों को याद रखना होगा, लोगों को समझना होगा कि यह आजादी किन कुर्बानियों के बाद मिली है। नवाब लियाकत अली खान, सलीम खान, कैफ खान, शगुफ्ता खान, मन्नान, अख्तर खान, गौरव, अजय, राजीव, एडवोकेट हाजी, जहीन खान आदि मौजूद रहे।

## अहिल्याबाई की जयंती पर बरेली कॉलेज में गोष्ठी

**बरेली, अमृत विचार :** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर प्रज्ञा प्रवाह की मंडलीय एवं महानगर इकाई ने शुक्रवार को बरेली कॉलेज में एमएड विभाग के सभागार विचार गोष्ठी आयोजित की। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय अनुसंधान एवं विकास निगम की स्वतंत्र निदेशक डॉ. दीप्ति भारद्वाज ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रो. वंदना शर्मा, युवा आयाम संयोजक मृदुल दीक्षित, डॉ. अजिता सिंह तिवारी, डॉ अमिता गुप्ता, डॉ. बीनम सक्सेना, प्रो. मनमीत कौर, प्रो. अर्चना गिरी, प्रो. दीप्ति जौहरी, डॉ. रमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## नाटक के जरिए तंबाकू के दुष्परिणामों के बारे में बताया



**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में ओंकोलॉजी विभाग के डॉ. हिमांशी खट्टर, डॉ. अभिषेक भद्री, डॉ. ब्रिजेश महेश्वरी, डॉ. पल्लवी गौड़, डॉ. लाया के सातियान, डॉ. अनिकेत जाधव, डॉ. संयमिता जैन, डॉ. अनीश एके, डॉ. सोमदत्ता सिंघा आदि ने नुक्कड़ नाटक के जरिये तंबाकू खाने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। पीजी स्टूडेंट मीशा ने तंबाकू के दुष्परिणामों को दर्शाती कविता सुनाई। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक एवं कैंसर विशेषज्ञ प्रो पीयूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को तंबाकू न खाने की शपथ दिलाई। डिप्टी मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. सीएम चतुर्वेदी ने सभी के सामने तंबाकू की पुड़िया निकाल कर डिब्बे में डाली और भविष्य में तंबाकू न खाने की शपथ ली। मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. अरविंद चौहान, डॉ. पवन मेहरोत्रा, डॉ. आयुष गर्ग, डॉ. राशिका सचान, डॉ. अदादि श्रीनिवास नायडू आदि मौजूद रहे।

# सुबह से रात तक तीन बार लगानी होगी उपस्थिति क्योंकि ड्यूटी छोड़कर गायब हो जाती हैं शिक्षिकाएं

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के लिए नए आदेश पर शिक्षिकाओं और विभागीय अफसरों के बीच तनातनी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिक्षिकाओं ने बताया स्वतंत्रता का हनन, बीएसए बोले- शिकायतों पर शासन का निर्णय
- राज्य परियोजना ने दिया है सुबह से रात 9 बजे तक तीन ऑनलाइन हाजिरी का आदेश

**अमृत विचार :** सुबह 7 बजे से रात 9 बजे के बीच फेस डिटेक्शन सिस्टम पर तीन बार ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की शिक्षिकाओं और अफसरों के बीच फिर तनातनी का माहौल पैदा होने लगा है। अफसरों का कहना है कि शिक्षिकाएं ड्यूटी छोड़कर स्कूल से चली जाती हैं, इसलिए यह आदेश जारी किया गया है। उधर, शिक्षिकाओं ने स्वतंत्रता के मूल अधिकारों का हनन बताते हुए इस आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की है।

सुबह से रात तक तीन बार शिक्षिकाओं की ऑनलाइन हाजिरी का आदेश राज्य परियोजना की ओर से जारी किया गया है जिसका शिक्षिकाओं ने जोरदार विरोध शुरू कर दिया है। शिक्षिकाओं का कहना है कि एक महीने पहले तक सिर्फ सुबह और दोपहर में उपस्थिति ली जाती थी। अब रात 9 बजे एक और हाजिरी लगाने का नया आदेश उनके ऊपर अत्याचार जैसा है। दिन भर पढ़ाने के बाद थककर वे जल्दी सो जाती हैं। सुबह भी जल्दी उनकी ड्यूटी शुरू होती है। कई बार रात को सिस्टम ठीक से काम नहीं करता हैं। प्रेरणा पोर्टल भी ठप हो जाता है। शिक्षण कार्य, छात्राओं के रहनसहन के अलावा कई दस्तावेजी काम पहले से उन पर लाद दिए गए हैं।

बता दें कि परियोजना निदेशक का आदेश बा स्कूलों की वार्डन समेत पूरे स्टाफ पर लागू होगा। तीन बार ऑनलाइन उपस्थिति लगाने के साथ इसका ब्योरा भी प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। तय समय पर उपस्थिति दर्ज न कराने पर शिक्षिका को अनुपस्थित मानते हुए मानदेय भी काटा जाएगा। जिले में कुल 18 बा स्कूल चल रहे हैं।

#### महानिदेशक को पत्र लिखकर जताएंगी विरोध

केजीबीवी वेलफेयर एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष रितु गुप्ता का कहना है कि बा स्कूलों में इस तरह की उपस्थिति प्रक्रिया में शिक्षिकाओं के साथ पूरे स्टाफ के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसमें नरमी बरती जानी चाहिए। उन्होंने इस बारे में उच्चाधिकारियों से मोबाइल पर वार्ता की है। जल्द ही महानिदेशक को पत्र लिखकर भी शिकायत की जाएगी। उधर, बीएसए संजय सिंह का कहना है कि बा स्कूलों में शिक्षिकाओं के अनुपस्थित रहने की शिकायतों पर शासन ने यह आदेश जारी किया है। सभी बा स्कूलों में निश्चित रूप से इसका पालन कराया जाएगा।

## समर कैंप का आदेश रद नहीं किया तो आंदोलन करेंगे शिक्षक संगठन

**बरेली, अमृत विचार :** समर कैंप का आदेश रद न होने पर शिक्षक संगठनों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। परिषदीय स्कूलों में 5 से 11 जून तक महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने समर कैंप आयोजित करने के आदेश दिए हैं। तमाम शिक्षक संगठनों पदाधिकारी इस आदेश का विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों शिक्षकों ने बीएसए, एडी बेसिक और प्रमुख सचिव बेसिक को पत्र भेजकर आदेश रद करने की मांग की थी। शिक्षक नेताओं का कहना है कि भीषण कर्मी में बच्चों को स्कूल बुलाना अनुचित होगा। ऐसे में उनकी तबीयत भी खराब हो सकती है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान का कहना है कि गर्मी की छुट्टियों में कैंप आयोजन को लेकर दिया गया आदेश अव्यवहारिक है। आदेश को रद कराने के लिए बीएसए और महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र भेजा गया है। यूटा के भानू प्रताप सिंह का कहना है कि स्कूलों में बच्चों को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि अगर आदेश रद नहीं होता है तो संगठन धरने के लिए बाध्य होंगे।

> 5 जून को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 11 जून तक पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित समर कैंप का आयोजन कराया जाना है। सभी स्कूलों में कैंप का आयोजन कराया जाना जरूरी है। इस संबंध में निर्देश दिए जा चुके हैं।
>
> –संजय सिंह, बीएसए

## छात्रों को सेफ्टी कमेटी सिखाएगी आपदा प्रबंधन के गुर

- डीआईओएस ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों को दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद के इंटर कॉलेजों में छात्रों को सेफ्टी कमेटी आपदा प्रबंधन के गुर सिखाएगी। कमेटी के प्रशिक्षित सदस्य छात्रों को राहत और बचाव से जुड़ी जानकारी देंगे।

इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी विद्यालयों को पत्र जारी कर कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक स्कूल में सेफ्टी एडवाइजरी कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी के प्रधानाचार्य अध्यक्ष होंगे। इसमें एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एवं गाइड, क्लास मॉनीटर में से एक से चार सदस्य शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा आपदा विशेष, अग्निशमन केंद्र और नजदीकी पुलिस स्टेशन का एक- एक कर्मी, एक स्थानीय चिकित्सक, नागरिक सुरक्षा में एक वार्डन प्रतिनिधि सदस्य के तौर पर कमेटी में रहेंगे। डीआईओएस ने बताया कि कमेटी गठित करने के लिए माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को को निर्देशित किया गया है।

## युवाओं को स्वरोजगार की राह दिखाएगा इंक्यूबेशन सेंटर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



इंक्यूबेशन सेंटर बनकर हुआ तैयार।

- खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण और मार्केटिंग सीखेंगे युवा
- एक करोड़ की लागत से बना भवन जल्द मुख्यालय से पहुंचेंगी मशीनें

**अमृत विचार :** सौ फुटा रोड स्थित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय परिसर में इंक्यूबेशन सेंटर बनकर तैयार हो गया है, जिसमें युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण का प्रशिक्षण दिया जाएगा और मार्केटिंग के गुर सिखाए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जल्द मशीन को इंस्टाल कर यूनिट को शुरू किया जाएगा।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत सेंटर के निर्माण पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च किया गया है। यह जिले का पहला अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र होगा, जहां 50 से अधिक लोगों को एक साथ प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। वर्तमान में भवन में फिनिशिंग का काम जारी है।

प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने बताया कि लखनऊ निदेशालय में डायरेक्टर की टीम से संपर्क करने पर पता लगा कि आचार संहिता हटने के बाद प्राथमिकता से सेंटर में लगने वाली मशीनों का टेंडर किया जाएगा। खाद्य एवं प्रसंस्करण में मिल्क बेस्ड उत्पाद, टोमाटो कैचअप, बेकरी उत्पादों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे संबंधित मशीनें जैसे बॉयलर, पल्पर आदि मशीनों के जरिये युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# फिर परीक्षा नियंत्रक का घेराव, एमबीए के छात्र बोले- इतनी भीषण गर्मी में नहीं दे पाएंगे परीक्षा

### विश्वविद्यालय में तीन घंटे प्रदर्शन करने के बाद मिला परीक्षा को आगे बढ़ाने का आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



परीक्षा नियंत्रक फिर घेरकर एमबीए के विद्यार्थियों ने की परीक्षा टालने की मांग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए छात्रों ने गर्मी की वजह से परीक्षा टालने की मांग करते हुए दूसरे दिन शुक्रवार को भी परीक्षा नियंत्रक का घेराव किया। विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में छात्रों ने तीन घंटे तक जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। परीक्षा नियंत्रक ने 1, 7 और 12 जून को होने वाले प्रश्नपत्रों की परीक्षा आगे कराने का आश्वासन दिया तब छात्र शांत हुए।

एमबीए के ज्यादातर छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास में रहते हैं। कुछ छात्र-छात्राओं का कहना है कि गर्मी और बिजली कटौती की वजह से परीक्षा की तैयारी नहीं हो रही है, इसलिए अभी परीक्षा टालकर आगे बढ़ाई जाए। छात्रों ने इससे पहले विभागाध्यक्ष और कुलपति से मिलकर भी परीक्षा टालने की मांग की थी, लेकिन सेशन में देरी की बात कहकर परीक्षा नहीं टाली गई।

शुक्रवार को छात्र-छात्राएं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के पास पहुंचीं और परीक्षा टालने की मांग की। काफी देर के हंगामे के बाद भी, जब परीक्षा नियंत्रक ने परीक्षा टालने से इन्कार किया तो फिर से हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मैत्रीय छात्रावास की बिजली पानी समस्याएं बताईं तो वार्डन को परीक्षा नियंत्रक के कक्ष में बुला लिया। वार्डन ने एक दिन का समय मांगते हुए समस्या का निदान कराने की बात कही।

महानगर संगठन मंत्री अवनी यादव ने कहा कि भीषण गर्मी में विश्वविद्यालय छात्रों का शोषण कर रहा है, इसे विद्यार्थी परिषद कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। महानगर मंत्री श्रेयांश वाजपेयी, नितिन महेश्वरी, आनंद कठेरिया, हर्षित चौधरी, दक्ष गंगवार, संदीप सागर, लकी शर्मा, दीपू यादव, रवि प्रताप सिंह, विकास शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पशु रोगों के उन्मूलन के लिए आठ वैक्सीन का निर्माण कर रहे हैं आईवीआरआई के वैज्ञानिक



कार्यक्रम में मौजूद आईवीआरआई और हेस्टर बायोसाइंसेज कंपनी के अधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में शुक्रवार को अनुसंधान एवं प्रौद्योगिकी विकास के साथ स्थानांतरण में सहयोग की संभावना पर विस्तृत चर्चा की गई।

निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि हेस्टर बायोसाइंसेज लिमिटेड ने आईवीआरआई से आठ वैक्सीन प्रौद्योगिकियों में पीपीआर वैक्सीन, बकरी पॉक्स वैक्सीन, भेड़ पॉक्स वैक्सीन, सीएसएफ वैक्सीन, ब्रुसेला वैक्सीन, एलएसडी वैक्सीन, आईबीडी वैक्सीन और पीपीआर-बकरी पॉक्स संयुक्त वैक्सीन ली है। इन टीकों का निर्माण और उपयोग पशु टीकाकरण के लिए किया जा रहा है।

आईवीआरआई टीके का विकास राष्ट्रीय पशु रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कर रहा है। बताया कि आईवीआरआई एक नोडल एजेंसी के रूप में पशु चिकित्सा जैविकों के गुणवत्ता नियंत्रण और परीक्षण में भी शामिल है। हेस्टर बायोसाइंसेज गुजरात के सीईओ डॉ. राजीव गांधी ने बताया कि देश में वैक्सीन निर्माण में अग्रणी होने के नाते, उनका उद्देश्य हमेशा भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना और पशुधन और पोल्ट्री मालिकों के लिए इसे किफायती कीमतों पर बाजार में पहुंचाना रहा है। हेस्टर बायोसाइंसेज की कार्यकारी निदेशक प्रिया गांधी, अनुसंधान एवं विकास प्रमुख डॉ. राजेंद्र लिंगाला, संयुक्त निदेशक डा. एसके मेंदीरत्ता, डा. रूपसी तिवारी, डा. एसके सिंह, डा. पल्लब चौधरी (बेंगलुरु), डॉ. वाईपीएस मलिक (मुक्तेश्वर) मौजूद रहे। संचालन डॉ. समीर श्रीवास्तव ने किया। डॉ. अनुज चौहान ने आभार व्यक्त किया।

## व्यापारी सुरक्षा फोरम ने राहगीरों को बांटे पौधे

**बरेली, अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम ने शुक्रवार को बड़े बाईपास पर राहगीरों को पौधे और पक्षियों को पानी पिलाने के लिए मिट्टी के बर्तन वितरित किए। इस मौके पर हार्टीकल्चर बोर्ड के निदेशक दक्ष शर्मा ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। संगठन के अध्यक्ष रामकृष्ण शुक्ला, रोहित जिंदल, दीपक द्विवेदी, राशि पाराशरी, प्रभुजीत सिंह, संजय अग्रवाल, कपिल महरोत्रा, विष्णु शुक्ला, भाजपा नेता मनोज थपलियाल, योगेश बंटी मौजूद रहे।

## तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जिला अस्पताल, सीएचसी, सीएमओ कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों ने तंबाकू का सेवन न करने की शपथ ली। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। जिला अस्पताल में भी कार्यक्रम हुआ। एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा और स्टाफ मौजूद रहा।

## महिला पुलिसकर्मियों ने साइबर ठगी से जागरूक करने को चलाया अभियान



मीरगंज में छात्राओं को ठगी से बचने के उपाय बतातीं महिला पुलिसकर्मी।

- मीरगंज और हाफिजगंज में छात्राओं को किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठगों से बचाने के लिए मिशन शक्ति के तहत महिला थाना पुलिस के विशेष दल ने शुक्रवार को मीरगंज और हाफिजगंज में अभियान चलाया।

इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं और महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। बताया कि ठगी होने पर 24 घंटे में पुलिस से शिकायत कर अकाउंट और रुपयों का ट्रांजेक्शन फ्रीज करवाया जा सकता है। कहा कि बैंक की डिटेल, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, ओटीपी की जानकारी किसी को न दें। फेसबुक, ई-मेल, मोबाइल पर आए अनजान मेसेज, लिंक को क्लिक न करें।

## बीएएमएस के छात्रों ने मांगा चुनौती मूल्यांकन

**बरेली, अमृत विचार :** बीएएमएस के छात्रों को चुनौती मूल्यांकन की सुविधा देने के लिए शुक्रवार को समाजवादी छात्र सभा के छात्रों ने परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन दिया। बीएएमएस के छात्रों के साथ पहुंचे समाजवादी छात्र नेताओं ने कहा कि सभी वर्षों के मुख्य और पूरक परीक्षा के चुनौती मूल्यांकन के फॉर्म जल्द जारी किए जाएं। आरडी और पीडी वाले छात्रों की भी सुनवाई की जाए। सप्लीमेंट्री के फॉर्म चैलेंज इवोल्यूशन के रिजल्ट के बाद जारी किए जाएं। इस दौरान कार्तिक, विवेक, अनिमेष, अमित आदि मौजूद रहे।

## तंबाकू का सेवन न करने की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में हुआ कार्यक्रम




इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में शपथ लेते दंत चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में शुक्रवार को प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने दंत चिकित्सक और स्टाफ को तंबाकू का सेवन न करने और रोकथाम की शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि तंबाकू हमारे सेहत के लिए हानिकारक है और इससे हृदय रोग, सांस के रोग, कैंसर जैसी बीमारियां होती हैं।

इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज में रूम नंबर 26 में तंबाकू उन्मुक्ति केंद्र मौजूद है, जिसमें तंबाकू छोड़ने के लिए काउंसलिंग की जाती है। वहीं, पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग में 20 मई से तंबाकू निषेध माह मनाया जा रहा है। 20 मई को श्रमिक वर्ग के बच्चों के लिए हल्द्वानी में शिविर आयोजित किया गया था। बच्चों को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आईवीआरआई और ग्राम रास डांडिया में आयोजित कैंप में 200 से अधिक लोगों का मुंह का परीक्षण किया गया। इस मौके पर विभाग के प्रमुख डॉ. शिवलिंगेश, डॉ. चंचल गंगवार सहित पोस्टग्रेजुएट छात्र डॉ. सार्थक, डॉ. अर्जुन, डॉ. ज्योत्सना, डॉ. पलक, डॉ. पल्लवी, डॉ. आकांक्षा, डॉ. अंजलि, डॉ. शाम्भवी मौजूद रहे। मीम, पॉट डेकोरेशन, रील, टैटू आदि प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री विभाग ने भी छात्रों को धूम्रपान न करने और दूसरों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

## जन जागरूकता से युवाओं को बचाया जा सकता है नशे से



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग ने रामपुर गार्डन स्थित अर्बन हेल्थ एंड ट्रेनिंग सेंटर में विश्व तंबाकू दिवस पर गोष्ठी आयोजित की, जिसमें सेंटर इंचार्ज डॉ. गौस अहमद ने तंबाकू से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बारे में बताया। डॉ. अनु शर्मा ने कहा कि जन जागरूकता के जरिये युवा पीढ़ी को नशे से बचाया जा सकता है। डॉ. आलोक त्रिपाठी एमएसडब्ल्यू विवेक कुमार मिश्रा सुशीला देउपा, सीता, रीता अमित कुमार, सुशीला देवी, सरला, कविता आदि मौजूद रहे।

# सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली 9837007202



# अम्बा हैल्थ क्लीनिक




डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
- रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
- 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज




विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
- शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
- हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
- इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
- वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
- योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 26 मई 2024, रविवार 09 जून 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# कैसे-कैसे बच्चे... घर में रखे देखे एक लाख रुपये तो उठाकर चल दिए सैर-सपाटे पर

## जीआरपी ने ट्रेन में मिले नौ साल की बच्ची और उसके भाई को चाइल्ड हेल्प डेस्क के सुपुर्द किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होटल पर बर्तन धोता है पिता घर-घर मांगने निकलती है मां

**अमृत विचार :** नौ साल की लड़की और छह साल का उसका भाई घर में थैली में रखे एक लाख रुपये देखकर इतना उत्साहित हुए कि उनसे खेलते हुए सैर-सपाटे के लिए ट्रेन में बैठ गए, लेकिन रास्ते में ही उनके हौसले ने जवाब दिया तो रोना शुरू कर दिया। जीआरपी ने दोनों को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द कर दिया है। बच्चों ने बताया कि उनके पिता अलीगढ़ में एक होटल में बर्तन धोते हैं और मां मांगने का काम करती है।

ट्रेन 04377 अलीगढ़-बरेली पैसेंजर में बहजोई स्टेशन के पास चेकिंग कर रहे जीआरपी स्टाफ को नौ वर्षीय बच्ची और 6 साल का उसका भाई रोते हुए मिले। बृहस्पतिवार रात 12 बजे ट्रेन बरेली जंक्शन पहुंची तो बच्चों को उतारकर जीआरपी थाने लगाया गया। इंस्पेक्टर जीआरपी अजीत प्रताप सिंह की सूचना पर रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के दिव्या कठेरिया और सौरभ दीक्षित थाने पहुंचे। बच्चों के पास मौजूद काले रंग की थैली में करीब एक लाख रुपये की रकम मिली तो जीआरपी और हेल्प डेस्क का स्टाफ हैरान रह गया।

बच्ची ने बताया कि वे लोग अलीगढ़ में रहते हैं। पिता होटल में बर्तन धोते और मां मांगने का काम करती है। मदरसे में पढ़ने वाली लड़की ने अपनी शिक्षिका का फोन नंबर बताया जिससे बात करने पर बच्चों के माता पिता का पता चला। बच्चों ने बताया कि पिता ने घर में एक लाख रुपये लाकर रखे थे। वे उनसे खेलते हुए ट्रेन में बैठ गए। दोनों बच्चों को बाल कल्याण समिति के आदेश पर एक रात के लिए बार्न बेबी फोल्ड में रखा गया है। शनिवार को उनके माता पिता के बरेली आने की संभावना है।

### मुंबई जाने के लिए घर से अकेले निकली किशोरी

ट्रेन 04067 डिब्रुगढ़ दिल्ली स्पेशल ट्रेन में सफर कर रही 16 वर्षीय किशोरी को आरपीएफ ने कंट्रोल रूम से सूचना मिलने के बाद बृहस्पतिवार देर रात जंक्शन पर उतार लिया। किशोरी ने पूछताछ में बताया कि वह बस्ती जिले की रहने वाली है। घर वालों को बिना बताए ट्रेन से अपनी बहन के पास मुंबई जा रही थी। लड़की के घर वालों से बात कर उसे रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क के सुपुर्द कर दिया गया। चाइल्ड हेल्प डेस्क सदस्य दिव्या कठेरिया ने बताया कि किशोरी को सखी वन स्टॉप सेंटर भेजा गया है। घरवालों के आने पर उसे उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा। पांच से छह साल उम्र के तीन और बच्चे स्टेशन पर बरामद किए गए। तीनों बच्चों के अपने घर का सही पता न बता पाने पर उन्हें फिलहाल रामपुर राजकीय बाल शिशुगृह भेज दिया गया है।

## डॉक्टर ने चोर के घर से एसी बरामद कर लिखाई रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में डॉक्टर के घर से एसी चोरी हो गया। डॉक्टर ने खुद ही तलाश कर एक चोर के घर से एसी को बरामद कर लिया। शिकायत पर इज्जतनगर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उत्सव पार्ट वन कॉलोनी के निवासी डॉ. विवेक वर्मा के अनुसार 28 मई की रात घर से एसी चोरी हो गया था। वह थाने में शिकायत न कर खुद एसी चोरों की तलाश में जुट गए। विवेक तुलाशेरपुर के रहने वाले रितिक के घर गए। यहां रौनक और महेश मौजूद थे। पहले आरोपियों ने टालमटोल की लेकिन बाद में एसी दे दी।

# खुराफातियों ने फूंक डालीं कई दुकानें

**सीबीगंज, अमृत विचार :** गांव बंडिया में खुराफातियों ने गुरुवार देर रात आधा दर्जन दुकानों में आग लगा दी। जिससे करीब दो लाख रुपये का सामान जल गया। अग्निशमन विभाग और पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

बंडिया के रहने वाले रोहित ने बताया कि उनकी गांव में ही किराना और फास्ट फूड की दुकान है। गुरुवार रात दुकान बंद करने के बाद वह घर चले गए। करीब 12 बजे किसी खुराफाती ने दुकान में आग लगा दी। उनकी दुकान के साथ सीबीगंज के रहने वाले श्यामाचरण फल विक्रेता, गांव के ही मन्नु की सब्जी की दुकान, खना गौटिया निवासी नाजिम की बिरयानी की दुकान, शाकिर की शिकंजी की दुकान में भी आग लगी हुई थी। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकानों में रखा सामान जल चुका था। रोहित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



आग लगाने से दुकानों में रखा सारा सामान जल गया। ● अमृत विचार

- अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर पाया काबू, दो लाख का नुकसान होने का दावा


# डीएम के आदेश पर पुलिस ने गड्ढे में दबाया गया किशोरी का शव निकाला

कार्यालय संवाददता, बरेली/भमोरा

- पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा रिपोर्ट में साफ होगा मौत का कारण
- हत्या कर शव दफनाने की पुलिस को गांव वालों ने दी थी सूचना

**अमृत विचार :** भमोरा क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की हुई मौत के मामले में शिकायत के बाद डीएम के आदेश पर शुक्रवार को एसडीएम नैनेराम और थाना प्रभारी राकेश यादव की मौजूदगी में शव गड्ढे से निकाला गया। पुलिस ने किशोरी शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।

थाना क्षेत्र के गांव चंपतपुर की रहने वाली 15 वर्षीया किशोरी के पिता देवचरा बाजार में पल्लेदारी करते हैं।गुरुवार सुबह किशोरी ने पिता को खाना बनाकर दिया था। इसके बाद पिता बाजार चले गए। जबकि मां खेत पर चली गई। बड़ा बेटा दोपहर में पिता को खाना देने बाजार गया था। वह घर लौटा तो बहन का शव बरामदे में पंखे के कुंडे के सहारे लटका मिला था। परिजनों ने आननफानन में किशोरी के शव को चंदौआ के राम गंगा घाट पर गड्ढा खोदकर दफना दिया था। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर सूचना दिया कि गांव में एक किशोरी को हत्या कर शव दफन करने के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस किशोरी के घर पहुंची तो वहां केवल महिलाएं थीं। जिन्होंने बेटी की मौत का कारण पेट दर्द होना बताया। पुलिस गंगा घाट पर पहुंची तो शव को दफनाया जा चुका था। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारीक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



चंदौआ के रामगंगा घाट के पास गड्ढे से शव निकलवाती पुलिस।

## ट्रेन और स्टेशन से मोबाइल चुराने वाले को दबोचा

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन जीआरपी ने ट्रेन और स्टेशन से मोबाइल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से 15 मोबाइल बरामद हुए हैं। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आरपीएफ और जीआरपी संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान प्लेटफार्म पांच पर एक बेच पर युवक बैठा था। संदिग्ध लगने पर उससे पूछताछ की तो वह सकपका गया। चेकिंग में उसके पास से 15 स्मार्ट फोन बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम मंजूर अहमद निवासी खमरिया थाना बरखेड़ा जिला पीलीभीत बताया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि यह फोन उसने अलग-अलग स्थानों से चोरी किए हैं।

## नए बिजली कनेक्शन के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र भुता पर घरेलू बिजली कनेक्शन लेने गए उपभोक्ता से एसडीओ के बाबू पर कनेक्शन के नाम पर तीन हजार रुपये की रिश्वत मांगे का आरोप लगा। पूरे मामले की वीडियो बनाकर उपभोक्ता ने एक्स पर शेयर की है। मामले में अधिशाषी अभियंता से भी शिकायत की गई है। भुता निवासी लवकुश के अनुसार वह शुक्रवार को बिजली कनेक्शन लेने एसडीओ अक्षय कुमार यादव के पास गय थे, लेकिन एसडीओ ने उन्हें पास बैठे बाबू के पास भेज दिया। बाबू ने तीन हजार रुपये मांगे, जिस पर शिकायतकर्ता ने दो हजार रुपये दिए और कहा कि वह बाकी पैसे मीटर लगने के बाद देगा। जिस पर बाबू ने मना कर दिया। मामले में बाबू ने सफाई में कहा कि 1365 कनेक्शन के और केबल के पैसे मांगे थे। वहीं एसडीओ अक्षय कुमार यादव से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने पल्ला झाड़ लिया। अधीक्षण अभियंता अशोक चौरसिया का कहना है कि वीडियो देखने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी में खुद के साथ बेजुबान पशु- पक्षियों का रखें ध्यान



**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित टैगोर पार्क के रेजिडेंट वेल्फेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष पीपी सिंह के साथ मालती देवी, पवन अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, अतुल खंडेलवाल ने पक्षियों का जीवन बचाने के लिए दाना पानी की व्यवस्था की। पीपी सिंह ने सभी से घरों पर छाया में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने की अपील की।

## 27 लाख की अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, दो फरार



**बरेली, अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और बारादरी पुलिस टीम ने एक तस्कर को 27 लाख की अफीम के साथ दबोच लिया, जबकि उसके दो साथी भाग गए। तस्कर से दो किलो 625 ग्राम अफीम और एक मोबाइल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एएनटीएफ टीम ने बारादरी पुलिस के साथ हाथीवाला गेट के पास से तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोहल्ला एजाज नगर गौटिया निवासी अफरोज के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि अफीम को चार दिन पहले बब्बू निवासी जगतपुर गौटिया ने उसे और सहजुल को दिया था। अफीम बेचने के बाद होने वाले फायदे को सभी आपस में बांट लेते हैं। टीम फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## पीड़िता पर आरोपी बना रहा समझौते का दबाव

**बरेली, अमृत विचार :** एक महिला का आरोप है कि दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पड़ोसी समझौते का दबाव बना रहा है। ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने मामले की शिकायत एसएसपी से की है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र की महिला ने बताया कि 10 अगस्त 2019 को वह घर में अकेली थी। तभी पड़ोसी युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि 24 मार्च को आरोपी ने पीड़िता की पति के साथ मारपीट कर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। आरोपी समझौता न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पाल्य पुत्र जगजीत सिंह व पुत्रवधू सर्वजीत कौर को गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **विरसा सिंह पुत्र निहाल सिंह नि. पिपरिया मझरा पूरनपुर पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जसप्रीत कौर मोंगा पुत्री गुरूशरन सिंह मोंगा निवासी हुन्डाल खेल, निकट अम्बा टॉकीज तह. सदर, शाहजहाँपुर ने अपना नाम जसप्रीत कौर मोंगा से बदलकर जसप्रीत कौर रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

For Rent
House on Rent in Prime Location of Rampur Garden 3 Bedroom Set, Modular kitchen, Drawing Room, Dining Hall, Store room, Balcony, Terrace, Parking
Govt Officer Preferred Only.
Mob.: 9837891810

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### पत्नी को बंधक बनाकर पीटा, पुलिस ने छुड़ाया

**दुनका, अमृत विचार :** एक युवक ने पत्नी को कमरे में बंदकर पीट रहा था, वह किसी तरह से छूटकर गांव की तरफ भागी तो आरोपी ने उसे दौड़ाकर पीटा, और कमरे में लाकर बंद करके उसके साथ मारपीट कर रहा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना महिला के मायके फोन करके दी। मायके वालों ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरे की छत से होकर घर में घुसी तो महिला को छुड़ाया और उसे इलाज के लिए भेजा, इसके साथ ही आरोपी का 151 में चालान कर दिया।

### मृत लाइनमैन के परिवार को देंगे एक साल राशन

**बहेड़ी, अमृत विचार :** मोहल्ला बाजार स्थित ट्रांसफार्मर में आई कमी को दूर करने के दौरान पोल से गिरकर संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत हो गुरुवार को हो गई थी। शुक्रवार को लाइनमैन भूप सिंह के प्रति शोक संवेदना जताते हुए राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नईम अहमद ने मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और भरण पोषण के लिए एक साल तक मुफ्त राशन देने की पेशकश की। इसके अलावा बिजली विभाग के शीर्ष अधिकारियों से भी मृतक की पत्नी और बच्चों के भविष्य के हित में सार्थक पहल किए जाने की अपील की है।

### किसान के बेटे ने पास की कैट, परिवार खुश

**भदपुरा, अमृत विचार :** ढकिया बर्कली गांव के रहने वाले किसान महेंद्र गंगवार के छोटे बेटे अखिल सिंह ने कैट की परीक्षा पास की तो परिवार के साथ गांव में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर परिजन के साथ गांव वाले भी काफी खुश नजर आ रहे हैं। बेटे की कामयाबी पर पिता काफी गदगद नजर आ रहे हैं।

### अभिलाषा ने निड की परीक्षा में पाई 47 वीं रैंक

**फरीदपुर, अमृत विचार :** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइनिंग की परीक्षा में कस्बे की अभिलाषा ने 47वीं रैंक प्राप्त की है। इस परीक्षा में देश के 450 प्रतिभाशाली छात्रों को बैचलर ऑफ डिजाइनिंग के लिए चुना जाता है। अभिलाषा ने बिना किसी कोचिंग के पहले प्रयास में यह सफलता प्राप्त की है। अभिलाषा के पिता सुरेंद्र कुमार श्री गुलाबराय इंटर कॉलेज में शिक्षक और मां गीता प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका हैं।

### ट्रेन के इंजन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** आंवला आरपीएफ चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात करीब दस बजे निसोई रेलवे स्टेशन के पास आंवला से बिशारतगंज की ओर जा रहे दो रेल इंजन की चपेट में आकर निसोई गांव के वीरपाल (45) की मौत हो गई। मृतक नशे का आदी लग रहा था तलाशी लेने पर उसकी जेब से नशे की गोलियों का पैकेट भी निकला। वीरपाल की पत्नी ने बताया कि उनकी दो पुत्री हैं। वह स्वयं मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करती है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दौरान आंवला की ओर से आ रही सद्भावना एक्सप्रेस को 15 मिनट तक आउटसाइड रोकना पड़ा।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक घायल

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर गुरुवार को बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव उमसड़ निवासी सतपाल मौसेरे भाई सतीश निवासी किशनपुर थाना क्योलड़िया के साथ बाइक से बरेली जा रहे थे। बरेली-पीलीभीत हाईवे पर सिथरा के निकट पहुंचते ही सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर लगने से दोनों घायल हो गए, चालक कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजने के साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर दिया है।

# पटरी तक दुकानदारों का कब्जा, ठेले वाले सड़क पर जमे, पूरे दिन जाम से जूझ रहे फरीदपुर वासी

## पालिकाध्यक्ष बोले, अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को दिए जाएंगे नोटिस, चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाददाता, फरीदपुर

**अमृत विचार :** फरीदपुर बाजार में रोड के दोनों ओर फैले अतिक्रमण से पैदल चलना मुश्किल है। इस अतिक्रमण की वजह से आए दिन जाम के हालात बनते है, इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जाता, लोग तपती गर्मी में जाम से परेशान हो रहे हैं। जबकि यह रोड फरीदपुर की लाइफ लाइन हैं, इसी सड़क पर महिला फरियादियों की समस्याओं के समाधान के लिए बनाए गए पिंक बूथ पर भी अतिक्रमणकारियों ने कब्जा रखा है।

अतिक्रमण को लेकर व्यापार मंडल ने कई बार उप जिलाधिकारी से प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण की हटाओ अभियान की मांग कर चुका है, लेकिन अभी तक कोई ठोक कदम नहीं उठाया गया।



फरीदपुर के मुख्य बाजार में सड़क के किनारे तक लगे ठेले, जिससे लग रहा जाम। ● अमृत विचार

श्याम सुंदर कन्या इंटर कॉलेज से लेकर बीसलपुर रोड बाइपास तक अतिक्रमण कारियों ने नगर पालिका की पटरी पर निर्माण करा लिया हैं। वहीं दुकानदारों ने दुकानों के आगे सामान रखकर रोड को संकरा कर दिया है। तत्कालीन उप जिलाधिकारी की ओर से बनवाए गए सीमेंट के पोल जिनके पीछे ठेले लगाने वालों के लिए जगह निश्चित की गई थी वहां तक दुकानदारों ने अपने समान फैला रखे हैं, जिस वजह से ठेले वाले सड़क पर ठेला लगा रहे हैं। ठेले वालों ने बताया कि पटरी पर ठेला लगाने के बदले दुकानदार उनसे उतना किराया वसूलते है जितना किराया उन्हें दुकान का देना पड़ता है। इसके अलावा नगर में दोनों छोर पर बने अवैध टेंपो स्टैंड से भी नगर में जाम की स्थिति रहती है। वहीं दुकानों और ठेले के आगे खड़े होने वाले मनचले कॉलेज आने- जाने वाली छात्राओं से छेड़खानी करते हैं।

> तीन-चार साल पहले नगर में सड़क के किनारे जो पोल बनाए गए थे वहां तक दुकानदारों के कब्जे में है। आचार संहिता हटने के बाद कार्ययोजना बनाकर उसे हटवाया जाएगा। ठेले वालों के लिए अलग से वेंडिंग जोन बनाया जाएगा।
>
> **-जितेंद्र कुमार**, अधिशासी अधिकारी फरीदपुर

> जिन दुकानदारों ने पोल तक अतिक्रमण कर रखा है उनको पालिका से नोटिस भेजी जाएगी, उन्हीं की वजह से ठेले वाले रोड पर ठेला लगाने को मजबूर हैं जिससे आए दिन जाम लगता है, जबकि पार्क के पीछे ठेले लगाने के लिए जगह निश्चित की गई थी, जल्द ही अतिक्रमण हटवाया जाएगा।
>
> **-शराफत जरीवाला**, अध्यक्ष नगर पालिका फरीदपुर

शिकायत के बाद भी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही।

## प्रेमिका के अश्लील वीडियो दिखाकर कराया तलाक, अब निकाह से मुकरा

संवाददाता, भोजीपुरा

● **एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने नौ लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** युवक ने पड़ोस की युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया, साथ ही उसके अश्लील वीडियो बना लिए। उसके शादी से मुकरने के बाद जब युवती परिजनों ने उसकी शादी कर दी तो आरोपी ने अश्लील वीडियो उसके पति को दिखाकर तलाक करा दिया। भोजीपुरा पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आरोपी अनवर रजा ने पड़ोस की युवती को शादी का झांसा देकर अवैध संबंध बनाए, साथ ही उसके अश्लील वीडियो बना लिया। जब युवती ने शादी की बात की तो उसके परिवार ने इन्कार कर दिया। आरोपी ने युवती की अश्लील वीडियो उसके पति को दिखाकर तलाक करा दिया। युवती ने आरोपी के परिजनों से शिकायत की और उससे शादी करने को कहा।

इससे आक्रोशित युवक ने परिजनों के साथ मिलकर युवती से मारपीट की। युवती अपने परिजनों के साथ एसएसपी से घटना की शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के आदेश दिए। भोजीपुरा पुलिस ने नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

## डंपर की टक्कर से युवक की मौत

**शीशगढ़, अमृत विचार:** बाइक से बहेड़ी जा रहे युवक को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

शीशगढ़ के गांव मानपुर निवासी रहमत हुसैन (24) गुरुवार को बाइक से बहेड़ी जा रहे थे, बरेली बहेड़ी मार्ग पर गांव मन्दनपुर के पास डंपर ने गलत दिशा में आकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर उसे बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रहमत हुसैन की दो वर्ष पहले ही शादी हुई थी, उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## किशोरी को दबंगों से छुड़ाने वाले गोरक्षकों पर भी रिपोर्ट

संवाददाता, क्योलड़िया / नवाबगंज

**अमृत विचार:** दबंगों से छूटकर भागी किशोरी को बचाने के चक्कर में गोरक्षकों और दबंगों के बीच मारपीट हुई थी जिसमे एक गोरक्षक का पैर टूट गया है। पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लेने के साथ ही गोरक्षकों पर भी रिपोर्ट दर्ज कर ली।

क्योलड़िया के ग्राम सरौरा कोठी निवासी गौसेवक प्रियांशु गुप्ता ग्राम करूआ साहबगंज में गोकशी की सूचना पर साथी अनमोल प्रजापति, अंकित राठौर और राहुल जोशी के साथ बाइक से वहां जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सरौरा कोठी स्थित बरात घर से दबंगों के चंगुल से छूटकर भाग रही बिहार की किशोरी को देख वे लोग रुक गए। इसी बीच बरात घर से निकले दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में गोसेवक अनमोल गम्भीर घायल हो गया। गोसेवक के फोन पर पहुंची पुलिस किशोरी को ले गई और कुछ ही देर में दबंगों की तहरीर पर गोरक्षको के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया जबकि गोसेवक अपने घायल साथी को अस्पताल लेकर गए और इसके बाद क्योलड़िया थाने पहुंचे तो पहले से ही उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज देख दंग रह गए। जिस पर पुलिस ने गोरक्षक प्रियांशु की ओर से भी दबंगों सर्वेश, सन्तोष व बब्लू के साथ ही चार पांच अन्य रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

## टोल प्लाजा पर युवकों को पीटा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बरेली के मोहल्ला इज्जतनगर निवासी वंश राजपूत कार से दो दोस्तों के साथ जा रहे थे। बहेड़ी टोल प्लाजा पर कार कुछ आगे बढ़ गई तो वहां तैनात कर्मचारी ने डंडा मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। विरोध करने पर अपने साथियों के साथ उसकी पिटाई की जिससे उसका सिर फट गया। इतना ही नहीं, उसके दोनों दोस्तों को भी कमरे में बंद कर पीटा गया। वंश की तहरीर पर टोल प्लाजा के अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

## शिकायत पर चेयरमैन ने सफाई नायक को हटाया

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** कस्बे में गंदगी की शिकायत पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई नायक को हटाकर उन्हें उनके मूल पद पर भेजा।

शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष इमराना बेगम ने कस्बे के सभी वार्डों में सफाई न होने की शिकायत पर सभी सफाई कर्मचारियों को बुलाकर बैठक की और सभी से कस्बे में सफाई करने के निर्देश दिए। चेयरमैन ने बताया की कस्बे 15 वार्डों को तीन भाग में बांटकर तीन सफाई नायक बनाए गए थे।



सभासदों के साथ बैठक करतीं चेयरमैन इमराना बेगम। ● अमृत विचार

जिससे कस्बे में सफाई अच्छी तरीके से होती रहे। लेकिन कस्बे के वार्ड नंबर 5, 6, 7, 8, 9, 10 में कर्मचारियों के सफाई न करने की शिकायत आने पर सफाई नायक शिशुपाल को सभी वार्डों में साफ सफाई करने के दिशा निर्देश दिए। उसके बाद भी सफाई नायक शिशुपाल मनमर्जी कार्य करते रहे। चेयरमैन ने कस्बे के सभी वार्डों के सभासदों को बुलाकर बोर्ड की बैठक की, सभासदों ने सफाई नायकों के काम नहीं करने पर उन्हें उनके मूल पद पर भेजने की बात कही।

## दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

**अलीगंज, अमृत विचार :** अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव धनेती गुजरपुरा में दो पक्षों में गुरुवार रात मारपीट हो गई। राजवीर निवासी धनेती गुजरपुरा ने बताया कि उसके घर पर पवन सिंह, तारा सिंह और पप्पू ने गाली- गलौज की। विरोध करने पर परिवार की महिलाओं से मारपीट की, चीख पुकार सुनकर ग्रामीण भी पहुंच गए। जब तक गांव के लोग पहुंचे तब तक वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़ित ने शुक्रवार को आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### झगड़े का वीडियो बनाने पर पिता- पुत्र को पीटा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक युवक को सड़क पर झगड़ रहे लोगो का वीडियो बनाना महंगा पड़ गया। एक पक्ष के लोगों ने उसके घर पर हमला करके युवक के साथ उसके माता – पिता और बहन से मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। 27 मई को ग्राम बरखन में दो पक्षों के बीच मारपीट हो रही थी जिसे देख गांव के ही शकील ने इसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी। इससे गुस्साए एक पक्ष के बाबू बख्श के बेटों शहादत, इकरार, इकबाल व इरशाद ने शुक्रवार सुबह शकील के घर धावा बोलकर शकील के साथ ही उसके पिता रईस अहमद, मा रेश मा व बहन शबनम की पिटाई कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### कूड़े के ढेर में लगी आग, फायरब्रिगेड ने पाया काबू

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला सोसायटी के समीप शुक्रवार देर शाम कूड़े के ढेरों में आग लग गई। धुएं से पड़ोसी कॉलोनी वासियों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। लोग घरों से बाहर निकल आए। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी बुलाकर आग पर काबू पाया। सोसायटी के समीप रहने वरले लोगों ने बताया कि वह कूड़ा नगरपालिका परिषद का है। जिसमें आग लग गई। आग लगातार फैलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग बुझा दी। वहीं सोसायटी के समीप के रहने वाले लोगों ने बताया कि दो तीन दिन पहले एक किराना व्यापारी के गोदाम में आग लग गई थी। शुक्रवार शाम को उस व्यापारी ने अध जले सामान को एकत्रित कर उसमें आग लगा दी।

### हरहरपुर मटकली में मिले गोवंशीय पशुओं के अवशेष

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज के हरहरपुर मटकली में एक बाग में दो गोवशीय पशुओं के अवशेष होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों के नमूने लेने के बाद दफन करा दिया। उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह शुक्रवार दोपहर में शांति व्यवस्था को देखने को गए थे। हरहरपुर में ईंट भट्टे के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि ईंट भट्टे के सामने कच्चे रास्ते पर रियाजुलहसन के अमरूद के बाग में गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े हैं। वहां जाकर देखा तो दो गोवंशीय पशुओं के अवशेष पड़े थे। देखने में लग रहा है कि दो तीन दिन पहले वध किया गया है।

## जमीन नाम न करने पर बेटे ने पिता पर किया हमला

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एक युवक ने जमीन अपने नाम न करने पर पिता से मारपीट की और विरोध करने पर पत्नी को भी पीट दिया, साथ ही पेट्रोल डालकर दोनों को जलाकर मारने की धमकी दी है। उसकी पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नगरिया निवासी महिला का आरोप है कि उसका पति वृद्ध अपने पिता से जमीन नाम कराने को लेकर मारपीट करता है। विरोध करने पर उसे भी पीट दिया।

### महिलाओं से की मारपीट

**हाफिजगंज, अमृत विचार :** फिजगंज के गांव भंडसर निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि गांव में ही उसकी जमीन है जिस पर वह काबिज है और खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। आरोप है कि गांव के कुछ दबंग उसकी भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं, जबकि राजस्व अभिलेखों में उसका नाम भी अंकित है और लेखपाल ने मौके पर पैमाइश भी कर रखी है। गुरुवार को दबंग घर में घुस आए महिलाओं से मारपीट की।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### नौकरी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** युवक ने युवती को सरकारी नौकरी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म किया, इसी दौरान उसनरे युवती को बहकाकर पांच लाख के जेवर ले लिए। नौकरी नहीं लगने पर युवती ने जब जेवर मांगे तो आरोपी ने उससे मारपीट की। स्थानीय पुलिस के कार्रवाई नहीं करने पर पीड़िता ने एसएसपी से शिकायत की तो बिशारतगंज पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज जांच शुरू की। पीड़िता ने बताया कि बिशारतगंज के अभिषेक भारद्वाज ने पहले उसे अपने ऑफिस में काम करने का ऑफर दिया, फिर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो वर्षों तक उसका शोषण करता रहा, इसी दौरान उससे 5 लाख के जेवर हड़प लिए। जब पीड़िता जेवर वापस लेने अभिषेक के घर गई तो आरोपी के परिजनों ने उसे घर में बंधक बनाकर मारापीटा। पीड़िता पिता ने जब पुलिस से शिकायत की तो 22 मई को आरोपी व उसके परिजनों ने पीड़िता के घर पर धावा बोलकर मारपीट की।

### भाई के खिलाफ की एसएसपी से शिकायत

**बहेड़ी, अमृत विचार :** बहेड़ी के गांव पचपेड़ा निवासी खजान सिंह ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर भाई और भतीजों पर संपत्ति पर कब्जे के लिए परेशान करने का आरोप लगाया हैं। शिकायती पत्र में बताया कि गांव में उनका मकान और जमीन है। पिछले दिनों जब वह धान की फसल में पानी लगाने गए तो उनके भाई ने पानी की मोटर खोलकर घर में रख ली। गुरुवार को उनके बेटे कुलदीप और वीरजोत खेत पर गए तो उन्हें गालियां देते हुए असलहा निकालकर डराया। दोनों ने भागकर जान बचाई। खजान सिंह ने एसएसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

### इलाज के लिए रखे रुपये चोरी, पड़ोसी पर आरोप

**क्योलड़िया / नवाबगंज, अमृत विचार :** क्योलड़िया के ग्राम मेथी नवदिया निवासी खुशहाल हृदय रोगी हैं। अपने इलाज के लिए उन्होंने कुछ दिन पहले पांच लाख रुपए बैंक से निकाले थे, डेढ़ लाख रुपए और मिलाकर घर पर रख दिए थे। 13 मई को हालत बिगड़ने पर उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, इस बीच उनका बेटा शरद ही अकेला घर था जो 28 मई को ताला लगाकर अस्पताल चला गया। दो दिन बाद 30 मई की शाम वह वापस लौटा तो गेट को छोड़कर अन्दर कमरों के ताले टूटे देख दंग रह गया। अन्दर अलमारी का ताला भी टूटा पड़ा था और उसके पिता के साढ़े छह लाख रुपये के अलावा शरद के 12 हजार भी गायब थे। खुशहाल चन्द की ओर से शक के आधार पर पड़ोसी रामदास व उसके पुत्र अरविंद के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई।

### कार चालक ने भाई- बहन को मारी टक्कर, रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना सुभाषनगर के गांव अंगूरी टांडा निवासी नाजिम मियां ने बताया कि वह बुधवार को वह बाइक से बहन नाजमीन को दवा दिलाने कैंट स्थित लालफाटक जा रहे थे। चौबारी मोड़ के पास लालफाटक की ओर से आ रही एक कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह और उनकी बहन घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में नाजमीन की हालत गंभीर बनी हुई है। नाजिम मियां ने कैंट थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### तहसील कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला बार एसोसिएशन और राजस्व कर्मियों की ओर से तहसीलदार कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मी अजय पाल सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। अधिवक्ताओं और राजस्व कर्मियों ने अजयपाल को फूल मालाएं पहनाकर विदाई दी। इस दौरान नेकपाल सिंह, अतुल कुमार सिंह, गजेंद्र सिंह, मनोज चौहान, जय दुर्गेश सिंह, रामदुलार मौर्य, मनोज सिंह समेत अन्य वकील रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रशिक्षण वर्ग में दुर्गा वाहिनी ने किया पथ संचलन



**आंवला, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में शुक्रवार को बहनों ने नगर में पथ संचलन किया गया। जिसका नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। पद संचलन सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से आरंभ होकर, पक्का कटरा, स्टेट बैंक चौराहा, भूमि विकास बैंक चौराहा, गंज त्रिपोलिया, शिव मंदिर चौक कच्चा कटरा होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में ही सम्पन्न हुआ। इस मौके पर राजेश, राजीव, शशी बाला, अनुज, मानवेन्द्र प्रताप, दुर्गेश, प्रीति, त्रिभुवन, धर्मेंद्र, गीता, गोपाल, शक्ति, वैभव, मनोज, अमर, अभय आदि लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया अहिल्या बाई होल्कर का जन्मोत्सव



**मीरगंज, अमृत विचार :** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का 299 वां जन्मोत्सव मीरगंज कस्बे के मढ़ी सत्याना मेला ग्राउंड पर मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ अतर सिंह धनगर, विधायक डॉ. डीसी वर्मा और पूर्व राजस्व राज्य मंत्री छत्रपाल सिंह गंगवार ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद कस्बे में शोभायात्रा निकाली गई। मढ़ी सत्याना मेला मैदान पर पहले एक सभा का आयोजन हुआ, लोगों ने अहिल्या बाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। सभी ने अहिल्या बाई के आदर्शों एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। फिर डीजे की धुन पर शोभायात्रा निकाल गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण, राजू भारती, ओमपाल गंगवार, वीरपाल धनगर, ओमपाल धनगर, नरोत्तम धनगर, राजेंद्र धनगर, सत्यपाल धनगर आदि उपस्थित रहे।

### खराब पड़े वाटर कूलर, पानी को तरस रहे फरियादी



**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** बिथरी ब्लॉक परिसर में पेयजल व्यवस्था चरमराई हुई है। यहां लगे दोनों वाटर कूलर खराब पड़े है, जिससे लोगों को पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं, जबकि जिलाधिकारी लगातार पेयजल व्यवस्था में सुधार करने के लिए लगातार निर्देश दे रहे हैं। बिथरी चैनपुर ब्लॉक परिसर में करीब छह माह पहले दो वाटर कूलर लगवाए गए थे। जिसमें एक कर्मचारियों के लिए बीडीओ कार्यालय में लगाया गया और दूसरा ब्लॉक परिसर में आमजन के लिए। यहां आ रहे फरियादी वाटर कूलर सही होने की राह देख रहे हैं। परिसर में नल लगा है जिसमे से पीला पानी निकलता है, परेशान होकर लोग उसी पानी से प्यास बुझा रहे है।

### तीन रोजा उर्स में मांगी मुल्क की खुशहाली की दुआएं

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** कस्बे में स्थित दरगाह हजरत कक्कू शाह मियां रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स मनाया गया। दो दिन दरगाह शरीफ पर उलेमाओं ने बुजुर्गों की शान में तकरीर की। फजर की नमाज के बाद दरगाह पर कुरान ख्वानी हुई इसके बाद चादरों का जुलूस गांव में घूमा जायरीनों ने मन्नतों की चादरें चढ़ाई और गुलपोशी की बाद नमाजे जुमा कुल शरीफ शुरू हुआ, जिसमें मुल्क की खुशहाली और अमनोसुकून की दुआ मांगी गई, इसके बाद लंगर तकसीम किया गया। उर्स में सूफी समसुल मियां, मौलाना बिलाल, मौलाना साजिद रजा, जामा मस्जिद के इमाम हाफिज कमालुद्दीन हाफिज अब्दुल वाहिद, अख्तर बजाज पीर मोहम्मद आरिफ समेत अन्य ने शिरकत की।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर रैली निकाली



**बरेली, अमृत विचार :** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर महानगर कालोनी में रैली निकाली गई। इस दौर लोगों से तम्बाकू छोड़ने का आह्वान किया गया। जिला समन्वयक दिनेश पाण्डेय, बलवीर सिंह, संजय गुप्ता, विष्णु शर्मा, सुधीर उपाध्याय, दिनेश पाण्डेय, राजेश गंगवार, बीडी मिश्रा, शिवेन्द्र भदौरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

### फरसा मारकर किया युवक को घायल

**कैंट, अमृत विचार :** कैंट थाना क्षेत्र के गांव मोहनपुर वार्ड नंबर 5 निवासी राजकुमारी ने बताया कि 10 मई को रात करीब 8:30 बजे उनके पति खेत से घर लौटे थे। पड़ोसी वेदराम और वेदपाल फरसा लेकर घर में घुस आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से उसके पति के सिर में हमला कर दिया। मामले की तहरीर कैंट थाने में दी गई। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने उपरोक्त आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पथरा में तीन दिन से बिजली न आने पर प्रदर्शन

**दुनका, अमृत विचार :** शाही थाना क्षेत्र के ग्राम पथरा तीन दिन से बिजली नहीं आ रही है। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे गांव ग्रामीणों में आक्रोश हैं, ग्रामीणों ने गांव के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन करके नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में आकाश शर्मा, कुंवर पाल, पल्लू, महेंद्र पाल, अजय शर्मा, राम सिंह, अनिल शर्मा समेत अन्य शामिल रहे।

### व्यापार मंडल की युवा इकाई के अध्यक्ष बने विशाल



**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की महानगर और युवा इकाई का गठन हुआ। युवा इकाई के अध्यक्ष विशाल सक्सेना और महामंत्री शिवम कुमार को बनाया गया। महानगर इकाई का महामंत्री राजा सेठ को बनाया गया है। यह घोषणा महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना व जिलाध्यक्ष देवेन्द्र जोशी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर डा. उमेश गौतम रहे। रोटरी भवन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्वनी ओबराय ने की। संचालन प्रतेश पांडेय व मनोज अरोरा ने किया। युवा इकाई के मंडल अध्यक्ष लकी शाह का सम्मान किया गया। लकी पिछले दिनों नैनीताल से लौट रहे थे, तब एक कार खाई में गिर गई थी। लकी ने घायलों की मदद करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया था। इस दौरान कई व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ली। इनमें अक्षय चौरासिया, कन्हैया राजपूत, वीरेन्द्र राणा, अनुज शर्मा, अंकित शेखर, आकाश जोशी, विपिन शर्मा, पुरुषोत्तम बब्बू महानगर टीम में शामिल हुए। अमरजीत सिंह बम्शी, दानिश जमाल, डा. सीपीएस चौहान, सुरेश त्यागी, तरुण भाटिया, अरुण कश्यप भी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता सुनील भटनागर को मातृशोक



**बरेली, अमृत विचार :** सुनील भटनागर एडवोकेट की मां कुसुम लता भटनागर (82) का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को संजय नगर श्मशान भूमि में किया गया। उनके पुत्र अनिल भटनागर ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### रेलवे अस्पताल में तंबाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठी

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर मंडल रेलवे चिकित्सालय इज्जतनगर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. यूएस नाग के निर्देशन में संगोष्ठी हुई। जिसमें तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोहर कुमार ने जानकारी दी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष शंखधर, डॉ. सचिन श्रीवास्तव, डॉ. गाबा, डॉ. विनिथा, डॉ. पूजा मौजूद रहीं।

# किसको मिलेंगी कितनी सीटें और किसकी बनेगी सरकार

## भाजपा ने दिया है चार सौ पार का नारा, इंडिया गठबंधन ने प्रधानमंत्री का चेहरा तय करने को बुलाई बैठक

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** आज आखिरी चरण के मतदान के साथ देश चार जून का इंतजार शुरू कर देगा, जब 18 वीं लोकसभा के लिए वोटों की गिनती शुरू होगी और चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। हालांकि इससे पहले मतदान खत्म होने के बाद शाम साढ़े छह बजे से विभिन्न मीडिया चैनल और सर्वे एजेंसियां एग्जिट पोल के माध्यम से अपने अनुमानों का आंकड़ा जारी करेंगी। लेकिन कौन सरकार बनाएगा और किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, इसके लिए सबकी नजरें चुनाव आयोग पर ही रहेंगी, जो मंगलवार को 543 सदस्यीय लोकसभा में 542 सीटों के परिणाम जारी करने के लिए सुबह आठ बजे से मतगणना का काम शुरू कराएगा। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से भाजपा के मुकेश दलाल को पहले ही निर्विरोध निर्वाचित किया जा चुका है। इस बार भाजपा ने जहां अपनी जीत की हैट्रिक के साथ पार्टी के लिए 370 सीटें जीतने और एनडीए गठबंधन के लिए 400 पार का नारा दे रखा है, वहीं तीसरे चरण के मतदान के बाद से उत्साहित इंडिया गठबंधन भी अब सरकार बनाने की बात कर रहा है। अब इसे जीत के लिए इंडिया गठबंधन का आश्वस्त होना कहा जाए या उतावलापन कि उसने अंतिम चरण के मतदान के दौरान ही प्रधानमंत्री के चेहरे का चुनाव करने के लिए बैठक बुला ली है। इंडिया गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल कांग्रेस को 2019 के चुनाव में 52 और भाजपा को 303 सीटें मिली थीं।

### यूपी में सातवें चरण का गणित

- 13 में 11 सीटें एनडीए ने जीती थीं 2019 में
- 2 सीटों पर बसपा को मिली थी जीत
- 2 सीटें 15 हजार के अंतर से ही जीती थी भाजपा
- 6 सीटों पर 2 से 4 .79 लाख तक था भाजपा की जीत का अंतर



- 2019 में कांग्रेस को मिली थीं 52 लोकसभा सीटें
- भाजपा ने 2019 में 303 सीटों पर जीत दर्ज की थी, इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटों पर जीत दर्ज करने का है

### 75 दिन प्रचार के – किसने कितना लगाया जोर

- 206 – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इसमें रोड शो और प्रचार अभियान से जुड़े कार्यक्रम भी शामिल रहे।
- 188 – गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी रैलियां और रोड शो किए।
- 101 – रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रोड शो और चुनावी रैलियां कीं
- 160 – मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रैलियां, सभाएं, रोड शो किए।
- 87 – भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी रैलियां कीं
- 107 – राहुल गांधी ने चुनावी रैलियां, सभाएं और रोड शो किए
- 108 – प्रियंका गांधी ने रैलियां और रोड शो किए
- 102 – मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष ने की सभाएं और रैलियां
- 251 – तेजस्वी यादव ने जनसभाओं को संबोधित किया
- 73 – सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रैलियां और रोड शो किए।
- 75 – मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रैलियां, रोड शो और पद यात्राएं कीं

### 11 सौ का एक वोट, सवा लाख करोड़ चुनाव खर्च

- देश में इस समय 96 .8 करोड़ मतदाता हैं और इस बार चुनाव का खर्च सवा लाख करोड़ के आसपास रहने वाला है। इस लिहाज से एक वोट पर करीब 1100 रुपये खर्च बैठता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के मुताबिक हर लोकसभा चुनाव अपना पिछला रिकार्ड तोड़कर दोगुने खर्च तक पहुंच जाता है। साल 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री चुने गए थे, लोकसभा चुनाव कराने में 3870 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। सेंटर आफ मीडिया स्टडीज (सीएमएस) की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले आम चुनाव साल 2019 में लागत बढ़कर 50 हजार करोड़ से ऊपर चली गई थी। इस बार अब तक हुए चुनावी खर्च के आधार पर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि पिछले चुनाव के दोगुना से भी ज्यादा खर्च होगा। अंतिम आकलन अभी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि साल 2024 के चुनाव में एक लाख 20 हजार करोड़ रुपये से कम नहीं खर्च होने वाले हैं।

### डिजिटल प्रचार में इस बार कांग्रेस ने किया भाजपा का मुकाबला

- देश में लोकसभा चुनाव भले ही हर दल ने अपनी सियासी जमीन पर झंडे, बैनर और डोर टू डोर जनसंपर्क के जरिए लड़ा हो, लेकिन इस बार चुनाव डिजिटल मोड में इंटरनेट पर भी जमकर लड़ा गया है। 2014 और 2019 के चुनाव में डिजिटल प्रचार में भाजपा सब पर भारी पड़ी थी, लेकिन इस बार कांग्रेस भी मुकाबले में नजर आई। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार के लोकसभा चुनाव में सड़क पर राजनीतिक दलों के बीच छिड़ा घमासान थोड़ा कम दिखाई दिया हो, लेकिन ऑनलाइन और सोशल मीडिया पर डिजिटल चुनाव प्रचार चरम पर रहा है।

**39** करोड़ रुपये खर्च करने के साथ कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में दूसरे नंबर पर है

**100** करोड़ रुपये भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल को डिजिटल विज्ञापन के लिए दिए

### ऑन लाइन प्रचार में दो तिहाई से ज्यादा हिस्सा वीडियो विज्ञापन का

- लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए मीडिया स्रोत के मुताबिक गूगल ने इस साल पहली जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक केवल राजनीतिक विज्ञापनों से करीब 265 करोड़ रुपये की कमाई की है। अप्रैल और मई में ही 160 करोड़ रुपये से अधिक के राजनीतिक विज्ञापन अकेले गूगल को दिए गए। इनमें दो-तिहाई से अधिक वीडियो विज्ञापन हैं। गूगल के एड ट्रांसपेरेंसी डेटा के अनुसार भाजपा ने जनवरी से मई के अंतिम सप्ताह तक गूगल विज्ञापनों पर 100 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें 40 करोड़ रुपये से अधिक केवल मई माह में ही खर्च किए गए। कांग्रेस डिजिटल विज्ञापन देने के मामले में 39 करोड़ रुपये खर्च करने के साथ दूसरे नंबर पर है। मई माह में कांग्रेस ने करीब 12 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

## दुद्धी में भाजपा पर जीत दोहराने का दबाव

**अमृत विचार** । उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दो विधानसभा सीटों में से एक दुद्धी पर उपचुनाव के लिए भी पहली जून को मतदान होना है। यहां 2022 के चुनाव में पहली बार रामदुलार गोंड ने भाजपा को जीत दिलाई थी। लेकिन वह कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और किशोरी से दुष्कर्म के मामले में जेल चले गए। उपचुनाव में भाजपा ने युवा चेहरे श्रवण सिंह गोंड को मैदान में उतारा है। उनके सामने सपा से विजय सिंह गोंड की चुनौती है। विजय सिंह गोंड इस सीट से लगातार सात बार विधायक रह चुके हैं। दुद्धी में आदिवासी मतदाताओं की सबसे ज्यादा आबादी है। उप चुनाव जीतकर सपा खोया जनाधार वापस पाना चाहती है तो भाजपा पर विश्वास जीतने की चुनौती है।

## बिहार की आठ सीटों पर किसके पक्ष में झुकेगा पलड़ा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार**। सातवें और अंतिम चरण में बिहार की आठ सीटों पर भी वोट पड़ेंगे, जिनमें इस बार मुकाबला कठिन नजर आ रहा है। बिहार में मतदान वाली सभी आठ सीटों पर भाजपा व जदयू काबिज है। भाजपा को उम्मीद है कि वह जदयू के साथ मिलकर सभी सीटों पर फिर से जीत दर्ज कर लेगी। जबकि महागठबंधन के दलों को उम्मीद है कि वे सभी सीटें जीतकर भाजपा को एक बार फिर से केंद्र की सत्ता में आने से रोक लेंगे। इस चरण में सासाराम, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र और पटना साहिब सीट पर भाजपा के उम्मीदवार लड़ रहे हैं तो नालंदा और जहानाबाद पर जदयू और काराकाट सीट राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। इंडिया महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले ने काराकाट, आरा और नालंदा सीट तो राजद ने जहानाबाद, पाटलिपुत्र और बक्सर से उम्मीदवार उतारे हैं। यहां मतदाता मौन दिख रहे हैं।

### मीसा भारती को हार का सिलसिला टूटने की आस



- पाटलिपुत्र सीट से मैदान में उतरीं मीसा भारती को उम्मीद है कि वह इस बार हार का सिलसिला खत्म करने में कामयाब होंगी। उनके सामने भाजपा से रामकृपाल यादव मैदान में हैं जो लगातार दो बार से जीत रहे हैं और इस बार हैट्रिक लगाने के लिए मैदान में हैं। मीसा भारती इस सीट पर रामकृपाल से 2014 और 2019 में हारीं। 2009 में लालू प्रसाद यादव को हार का सामना करना पड़ा था। तब जदयू के रंजन प्रसाद यादव ने उनहें हराया था। लालू को लगता है कि बेटी मीसा भारती इस बार जरूर जीतेंगी। इसीलिए लालू प्रसाद यादव ने यहां प्रचार में कुछ ज्यादा ही फोकस किया है। यहां के मतदाताओं से उन्होंने संविधान बचाने के नाम पर वोट मांगा है।

### काराकाट में कुशवाहा की राह में पवन सिंह का कांटा



- काराकाट लोकसभा सीट इस बार कुछ ज्यादा ही चर्चा में है। यहां से भाजपा के बागी एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। पवन सिंह यहां साथी फिल्म अभिनेताओं और अभिनेत्रियों से प्रचार कराते रहे। सभाओं और रोड शो में जुटी भीड़ से विरोधी परेशान हैं। यहां से पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। राजग से उम्मीदवार होने के नाते उनकी जीत के लिए मुख्यमंत्री नितीश कुमार हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां सभाएं कीं। लेकिन कहा जा रहा है कि उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा कांटा पवन सिंह हैं। यहां से महागठबंधन की सहयोगी भाकपा माले के राजाराम सिंह उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

### सासाराम में भाजपा को हैट्रिक की उम्मीद



- भाजपा ने सासाराम लोकसभा सीट से शिवेश राम के मैदान में उतारा है। शिवेश राम को यहां मोदी के नाम का सहारा है। पार्टी के उम्मीदवार छेदी पासवान यहां से लगातार दो बार सांसद बने पर उनके स्थान पर इस बार शिवेश उतरे हैं। कांग्रेस ने मनोज भारती को टिकट दिया है। हालांकि कांग्रेस उम्मीदवार को यहां भितरघात का सामना करना पड़ रहा है। मनोज भारती बसपा से आए हैं। ऐसे में कार्यकर्ता उन्हें पचा नहीं पा रहे हैं। यहां भाजपा जीत की हैट्रिक न लगा पाए इसके लिए महागठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है।

### अश्विनी चौबे की नाराजगी न पड़ जाए मिथिलेश पर भारी



- भाजपा ने बक्सर लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे का टिकट काट काटकर मिथिलेश तिवारी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने पर अश्विनी चौबे भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता चुके हैं। पार्टी के कार्यक्रमों में वे मंचों पर दिखते हैं पर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं है। उनके समर्थक भी नाराज बताए जाते हैं। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार भी इस बात से डरे हुए हैं कि कहीं यहां भितरघात न हो जाए। हालांकि मिथिलेश तिवारी को उम्मीद है कि मोदी के नाम और विकास कार्यों के दम पर वे इस सीट को जीत लेंगे।

## पिछली बार आधा दर्जन सीटों पर हुआ था कड़ा मुकाबला

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार**। साल 2019 के पिछले चुनाव में सातवें चरण की जिन छह लोकसभा सीटों पर काफी कड़ा मुकाबला हुआ था, उनमें पंजाब में जालंधर, बठिंडा, उत्तर प्रदेश की बलिया और चंदौली तो ओडिशा की बालासोर और बिहार की जहानाबाद सीट शामिल है। इन सीटों पर जीत-हार का अंतर दो प्रतिशत से भी कम रहा था। बिहार के जहानाबाद में जनता दल (यू) के चंद्रशेखर ने सिर्फ 1,751 वोटों से जीत दर्ज की थी।

उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भाजपा के महेंद्रनाथ पांडेय ने 13,959 वोटों से जीत हासिल की थी। ओडिशा की बालासोर सीट पर भाजपा के प्रताप चंद्र 12,956 वोटों से जीते थे। उत्तर पर्देश की बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त को 15,519 वोटों से जीत मिली थी। पंजाब की बठिंडा सीट पर अकाली दल की हरसिमरत कौर ने 21,772 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी, जबकि जालंधर लोकसभा सीट पर कांग्रेस के संतोख सिंह 19,491 वोटों से चुनाव जीते थे।

### 11 सीटों पर होता रहा है जीत-हार का उलटफेर

- सातवें चरण के मतदान वाली लोकसभा सीटों में 11 सीटें ऐसी रही थीं, जहां पिछले तीन चुनाव में कोई दल अपनी सीट नहीं बचा पाया था। इसमें उत्तर प्रदेश की गाजीपुर, घोसी, रॉबर्ट्सगंज और मिर्जापुर सीट हैं। पंजाब में आनंदपुर साहिब, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब और पटियाला सीट हैं। इसके अलावा ओडिशा में बालासोर और बिहार की जहानाबाद और काराकाट सीट है। 2019 में इनमें दो सीटें भाजपा, 2 सीटें अपना दल (एस), दो सीटें बसपा जबकि 4 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। एक सीट जेडीयू को मिली थी।

## पोस्टर-पंपलेट, बिल्ला-बिंदी गायब, इस बार छाया रहा डिजिटल प्रचार

**अमृत विचार**। साल 2024 के लोकसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने अपने स्टार प्रचारकों की रैलियों और सभाओं के बाद चुनावी अभियान में सबसे ज्यादा डिजिटल प्रचार पर भरोसा जताया। इसके चलते परंपरागत प्रचार माध्यमों में सिर्फ झंडों और फ्लेक्स होर्डिंग का बाजार तो ऊंचा रहा, लेकिन पोस्टर, पंपलेट, हैंड बिल, बिल्ला, बैनर और स्टीकर आदि गायब जैसे नजर आए। पिछले दो दशक से प्रचार का बड़ा हिस्सा बनी टोपी और टी-शर्ट की मांग भी बीते दो चुनावों के मुकाबले इस बार कमजोर दिखी। साफ नजर आया कि पिछले दस साल में तेजी से बढ़े डिजिटल माध्यम ने चुनाव प्रचार के परंपरागत बाजार को कोने में समेट दिया है।



- डिजिटल कैंपेनिंग के लिए बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी आगे आए
- प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा मांग रही, सभाओं और रैलियों की रील्स में हुए नए प्रयोग
- इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के मुकाबले 30 से 35 फीसदी तक घटी
- झंडों का बाजार रहा बेअसर पर टीशर्ट व टोपी पहले से हुई कम, आयोग की सख्ती से शोर पर लगी लगाम

चुनाव को कारोबार के लिहाज से सहालग जैसा मानने वाले प्रिंटिंग कारोबार को सियासी प्रचार के बदले चलन से सबसे बड़ी चोट पहुंची है। इस बार के चुनाव में डिजिटल कैंपेनिंग के लिए कई बड़ी कंपनियों के साथ युवाओं के नयी सोच वाले स्टार्ट अप भी उपलब्ध थे। पहले चुनाव के दौरान दीवारों पोस्टर चस्पा किए जाते थे। लेकिन अब इनकी जगह मीम्स और डिजिटल पोस्टर ने ले ली है। प्रत्याशियों की ओर से रील्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स में नए प्रयोग कर तैयार हो रहे हैं।

इसी तरह पिछले चुनाव तक यूनीपोल से प्रचार की भारी मांग रहती थी। पहले से इसके लिए प्रमुख स्थानों की बुकिंग हो जाती थी। लेकिन विज्ञापन एजेंसियों की माने तो इस बार के चुनाव में यूनीपोल पर फ्लैक्स की मांग साल 2019 के चुनाव के मुकाबले करीब 30 से 35 फीसदी तक घट गई। सबसे बड़ा झटका प्रिंटिंग प्रेस को लगा, प्रचार सामग्री छपवाने के आर्डर पिछले चुनाव की अपेक्षा आधे से भी कम रह गए। डिजिटल प्रचार के दौर में इंटरनेट मीडिया से कैंपेनिंग का प्रभाव बढ़ने से ऐसा देखने को मिला। कानपुर, आगरा और मेरठ के कई प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के मुताबिक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस बार डिजिटल प्लेटफार्म का दायरा काफी बढ़ गया। इस बदलते ट्रेंड का प्रभाव परंपरागत तरीकों से प्रचार में प्रयुक्त होने वाले प्रिंटिंग कारोबार पर सबसे ज्यादा पड़ा है। चुनाव प्रचार के बाजार में झंडा, बैनर, बिल्ला और स्टीकर जैसी प्रचार सामग्री की मांग तेजी से घट गई है। चुनाव प्रचार सामग्री के थोक कारोबारियों का कहना है कि पहले राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों की तरफ से झंडे, बिल्ले, टोपी, टी शर्ट और महिलाओं के लिए पार्टी के चुनाव चिह्न वाली बिंदी जैसी सामग्री के ऑर्डर खूब मिलते थे। प्रत्याशी अपनी और पार्टी के बड़े नेता की फोटो के साथ पोस्टर या कपड़े के छोटे बैनर छपवाने के लिए परेशान रहते थे। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। पहले चुनाव के दौरान पोस्टरों को दीवारों पर चस्पा किया जाता था। लेकिन अब इसे लेकर चुनाव आयोग ने कई नियम लागू कर दिए हैं, जिसके चलते प्रत्याशी इससे किनारा करने लगे हैं। वैसे भी अब मीम्स और डिजिटल पोस्टर का जमाना है। इसी की मांग बाजार में ज्यादा दिखाई देती रही। प्रत्याशियों की ओर से भी रील्स बनाने की मांग खूब आती रही है। ऐसे में चुनावी सभाओं और रैलियों की रील्स तैयार करने में नए प्रयोग किए गए। कहीं भीड़ को इस अंदाज में दिखाया गया कि मानो जन सैलाब उमड़ आया हो, तो कहीं उन्हें पार्टी के गीतों से जोड़ दिया गया। कुल मिलाकर डिजिटल कैंपेनिंग ने प्रचार का तरीका पूरी तरह बदल दिया, जिसके कारण बाजार में परंपरागत नहीं नवाचर की मांग ज्यादा रही।

## सातवें चरण की 57 में 30 सीटें एनडीए ने जीती थीं

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार**। सातवें और आखिरी चरण में शनिवार को 57 सीटों पर मतदान होने जा रहा है। साल 2019 में इन 57 सीटों में भाजपा ने 25 सीटें जीती थीं और एनडीए ने 30 सीटों पर अपना परचम फहराया था। इस चरण में सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में हो रहा है, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को मैदान में उतारा है।

प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जिन सीटों पर सबकी नजर है, उनमें गोरखपुर से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ सपा से काजल निषाद मैदान में हैं। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर चुनाव लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

- **सबसे बड़ा चुनाव वाराणसी में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार मैदान में**

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्याऽभ्यासेन रक्ष्यते ।
मृज्यया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते ॥

धर्म का रक्षण सत्य से, विद्या का अभ्यास से, रुप का सफाई से, और कुल का रक्षण आचरण करने से होता है ।

## संपादकीय

# शहरी विकास की चुनौतियां

शहरीकरण वैश्विक विकास की सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बनकर पूरी दुनिया में उभरा है। वैश्वीकरण के उपरांत शहरी विकास की अवधारणा समावेशी विकास की एक अनिवार्य शर्त बन गई है। शहरों के विकास को ही भारत के विकास की धुरी माना जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व की आधी आबादी शहरों में रहने लगी है और 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी। भारत में शहरी क्षेत्रों में रहने वाली आबादी में तेजी से वृद्धि, अवसर और चुनौतियां दोनों है। शहरीकरण के कुछ सकारात्मक प्रभावों में आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आय के स्तर में वृद्धि शामिल है। शहरी जीवन में साक्षरता और शिक्षा का उच्च स्तर, बेहतर स्वास्थ्य, लंबी जीवन प्रत्याशा, सामाजिक सेवाओं तक अधिक पहुंच एवं सांस्कृतिक एवं राजनीतिक भागीदारी के अधिक अवसर प्राप्त होते हैं। भारत में शहरीकरण के नकारात्मक प्रभाव, मनोसामाजिक स्वास्थ्य समस्याएं, कचरा संग्रहण और निपटान, ध्वनि प्रदूषण और सड़क दुर्घटनाएं जैसी कई समस्याएं पैदा हुई हैं। साथ ही भारत के शहरी क्षेत्र गंभीर वायु प्रदूषण स्तर से जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियां और निर्माण परियोजनाएं हैं।

विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शीर्ष 10 प्रदूषित शहरों में से नौ भारत में हैं। तीव्र शहरीकरण और निजी वाहनों के बढ़ते चलन के कारण यातायात भीड़ बढ़ गई है, यात्रा समय की वृद्धि हुई है और उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तीव्र शहरीकरण और हरित स्थानों की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड इफेक्ट' उत्पन्न हुआ है, जिससे तापमान और ऊर्जा की मांग में वृद्धि हुई है। शहरी विकास के साथ होने वाला एक बड़ा बदलाव ऊर्जा और पानी की बढ़ती मांग है। पानी और बिजली की खपत में यह अनुमानित वृद्धि सीधे भविष्य की शहरी आबादी की वृद्धि से संबंधित है - शहरी लोग काफी अधिक पानी और ऊर्जा का उपयोग करते हैं। कहा जा सकता है कि शहरी विकास के कारण होने वाले तीव्र परिवर्तन भी अस्थिर करने वाले हो सकते हैं, यदि उनका प्रबंधन ठीक से न किया जाए। ऐसे में भारत के शहरी परिदृश्य से संबद्ध चुनौतियों की बात की जाए तो भारत में शहरी नियोजन के लिए एक ऐसे सूक्ष्म दृष्टिकोण को अपनाना समय की मांग है, जो आर्थिक विकास, सुरक्षा और नागरिकों के हित के बीच संतुलन स्थापित करता हो। यानि भारत में शहरी विकास की चुनौतियों से निपटने के लिए व्यापक रणनीतियों की आवश्यकता है।

# जैविक खेती की बढ़ती स्वीकार्यता



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत: जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उतर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है।

खेती के आधुनिकीकरण, मशीनीकरण और अधिक उत्पादन के लिए अपनाए जाने वाले रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से एक ओर खाद्यान्न उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई है, जो बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए आवश्यक भी था, परंतु दूसरी ओर इसने पर्यावरण, भूमि प्रदूषण, जल प्रदूषण और खाद्य स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाकर मनुष्य के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर भी डाला है।

कीटनाशकों का व्यापक स्तर पर प्रयोग, मिट्टी का कटाव और अन्य समस्याएं जलवायु परिवर्तन में विनाशकारी भूमिका निभा रहा है। मिट्टी भी रासायनिक पदार्थों के अत्यधिक उपयोग के चलते काफी अम्लीय हो गई है। इसने मनुष्य जाति को बाध्य किया है कि वो फिर से प्राकृतिक खेती या जैविक खेती या आर्गेनिक खेती की ओर अपना रुख करे। जैविक कृषि अर्थात् कृषि की ऐसी प्रणाली जिसमें रासायनिक खादों एवं कीटनाशक दवाओं का प्रयोग न हो, बल्कि उसके स्थान पर जैविक खाद या प्राकृतिक खादों का प्रयोग किया जाए। यह कृषि की एक ऐसी पारंपरिक विधि है जिसमें भूमि की उर्वरता में सुधार होने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। जैविक खेती से जैव विविधता के संरक्षण में सहायता मिलती है।

जैविक खेती के तीन मूलाधार हैं। पहला है परस्पर निर्भरता। जैविक खेती में एक खेत को पारिस्थिकी तंत्र के रूप में देखा जाता है और यह माना जाता है कि एक खेत पर किया गया परिवर्तन दूसरे खेत में प्रभाव अवश्य डालेगा। जैविक खेती का दूसरा सिद्धांत है विविधता। यह जैविक खेती मृदा में पोषक तत्वों में संतुलन बनाए रखने के लिए किया जाता है। जैविक खेती का तीसरा सिद्धांत है पुनः चक्रण है अर्थात् दुबारा से प्रयोग करना। इसमें पौधों व पशुओं के अवशेष पुनः प्रयोग में आ जाने के कारण खेतों के पोषक तत्वों को बनाए रखने में सहायक होते हैं। जैविक खेती में पानी का उपयोग कम होता है, जो जल संरक्षण को बढ़ावा देता है। रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होने से लागत में कमी आती है और सरकार पर सब्सिडी का बोझ कम होता है। बढ़ती स्वास्थ्य चिंता के दृष्टिगत बाजार में जैविक उत्पादों की मांग निरंतर बढ़ने से किसानों की आय में भी निरंतर वृद्धि हो रही है।



जैविक खाद के उपयोग करने से भूमि की गुणवत्ता में सुधार आता है। भूमि की जल धारण क्षमता एवं भू जल स्तर में वृद्धि होती है। मिट्टी, खाद्य पदार्थ और जमीन में पानी के माध्यम से होने वाले प्रदूषण में कमी आती है। कचरे से खाद बनाने के चलते उससे होने वाली बीमारियों में कमी आती है।

वस्तुतः जैविक या आर्गेनिक खेती के लिए पहला वैज्ञानिक दृष्टिकोण उत्तर वैदिक काल 1000 ईसा पूर्व से 600 ईसा पूर्व के वेदों में देखा जा सकता है। वास्तव में यह पारंपरिक भारतीय खेती ही है, जो सदियों से हम अपनाते आ रहे थे। वैश्विक स्तर पर इसका प्रारंभ 20 वीं सदी के शुरुआत में तेजी से बदलती कृषि पद्धतियों की प्रतिक्रिया स्वरूप हुई। आज जैविक कृषि लगभग 70 मिलियन हेक्टेयर में की जाती है जिसमें से आधे से अधिक ऑस्ट्रेलिया में ही हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान जैविक खेती के अंतर्गत क्षेत्र, शोध तथा प्रकृति में उल्लेखनीय परिवर्तन दर्ज किया गया है।

2003-04 के दौरान प्रामाणिक जैविक खेती के अंतर्गत भारत में 42 हजार हेक्टेयर खेत आता था, जो 2008-09 में लगभग 25 गुना बढ़कर 1.2 मिलियन हेक्टेयर हो गया। मार्च 2022 तक लगभग 4.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गया है, जो दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा है। कुल कृषि भूमि में जैविक खेती के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि का हिस्सा 1.5 प्रतिशत है और पिछले दस वर्षों में भारत ने खेती के अंतर्गत अपनी जैविक कृषि भूमि में 145.1 प्रतिशत की वृद्धि की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-2023 के अनुसार भारत में 4.43 मिलियन जैविक किसान हैं, जो दुनिया में सबसे अधिक हैं। भारत में मध्य प्रदेश जैविक खेती के क्षेत्रफल में सबसे आगे है। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में भी पिछले एक दशक में किसानों का जैविक खेती के प्रति आकर्षण बढ़ा है और सरकारी व गैर सरकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जैविक खेती का क्षेत्रफल 13 गुना से ज्यादा बढ़ गया है। बीते छह सालों में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या में भी 10 गुना से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जनवरी 1994 की सेवाग्राम घोषणा के बाद से भारत में जैविक खेती का तेजी से विस्तार हुआ है। राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत मानक और प्रमाणीकरण कार्यक्रम स्थापित किया गया है।

राष्ट्रीय जैविक खेती परियोजना के अंतर्गत जैविक प्रबंधन के प्रचार-प्रसार तथा जैविक खेती क्षेत्र के विस्तार हेतु अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। नौ से अधिक राज्यों ने जैविक खेती संबंधित कार्यक्रम को अपनाया। उत्तराखंड, नागालैंड, मिजोरम, सिक्किम आदि राज्यों में इसका तेजी से विस्तार हुआ है। किसानों को अपनी जैविक उत्पादों की जानकारी, विक्रय और विपणन के लिए जैविक खेती पोर्टल बनाया गया है, जहां लगभग 6.23 लाख किसानों ने पंजीयन किया है। पूंजी निवेश सब्सिडी योजना जिसके तहत आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन, जैविक अवशेषों को उर्वरक व खाद में परिवर्तन की विधि का ज्ञान दिया जाता हैं। जैविक उत्पादों की पहचान हेतु सरकार द्वारा जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण के उपरांत 'इंडिया ऑर्गेनिक' मार्क लगाया जाता है, जो उत्पादों के जैविक मानकों पर खरा होने की गारंटी है। जैविक खेती के विस्तार और विकास में एफपीओ और एफपीसी सदृश कृषि उत्पाद संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान है।

प्रोत्साहन के बावजूद जैविक खेती किसानों में लोकप्रिय नहीं हो पा रही है, क्योंकि ऐसी अवधारणा है कि रासायनिक खेती छोड़कर आर्गेनिक खेती करने पर शुरुआती सालों में फसल की उत्पादकता कम हो जाती है। हालांकि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने 'जैविक खेती से उत्पादन की कमी' की बात तो सिरे से नकार दिया है। वस्तुतः केमिकल फार्मिंग के मुकाबले जैविक खेती की उत्पादकता 20 से 25 प्रतिशत तक ज्यादा है। जैविक विधि से चावल की 12.82 प्रतिशत, गेहूं की 28.57 प्रतिशत, मूंगफली की 28.57 प्रतिशत, सोयाबीन की 45.09 प्रतिशत और फल-सब्जियों की उत्पादकता में 7.14 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

शोधों के अनुसार रसायनों के बढ़ते प्रयोग से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा कम होती जा रही है। हरित क्रांति से पहले गंगा के मैदानी इलाकों में 0.5 प्रतिशत ऑर्गेनिक कार्बन उपलब्ध था, जो आज घटकर 0.2 प्रतिशत ही रह गया है। ये बंजर होती जा रही भूमि का सूचक है, जिसे जैविक खेती करके ही ठीक किया जा सकता है। जैविक खेती का सबसे बड़ा लाभ है कि रासायनिक उर्वरकों, पेस्टीसाइड्स के उपयोग न होने से खेती की लागत कम हो जाती है और दूसरी ओर बाजार में ऑर्गेनिक उत्पाद ज्यादा दाम पर बिकते हैं। जैविक खेती करने से ऑर्गेनिक कार्बन की मात्रा बढ़ती है, मिट्टी में जीवांशों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ उर्वरता भी बढ़ जाती है। जैविक खेती से जमीन में भूजल स्तर बेहतर बनता है और मिट्टी में नमी कायम रहती है। मिट्टी से पानी का वाष्पीकरण भी नहीं होता और सिंचाई की कम ही आवश्यकता होती है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2014-2020 अर्थात् 6 वर्ष की अवधि में जैविक उत्पादों की मांग 8.7 प्रतिशत तक बढ़ गई है जिसमें हर साल वृद्धि दर्ज हो रही है। यह किसानों के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि उनके खेत से निकले जैविक कृषि उत्पादों को सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। भारत में जैविक खेती का उत्पादन पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष 2022-23 में बढ़कर 2.90 मिलियन मीट्रिक टन हो गया है।

जैविक उत्पादों की मांग में इसी प्रकार वृद्धि होती रही तो अमेरिकी कृषि विभाग के अनुसार भारत का जैविक उत्पाद बाजार-खाद्य और पेय पदार्थ, स्वास्थ्य और कल्याण, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, तथा वस्त्र सहित, वर्ष 2026 तक बढ़कर 10.1 बिलियन डॉलर का हो जाएगा। जैविक खाद्य पदार्थों का वैश्विक बाजार लगभग 135 बिलियन डालर का जिसमें भारत का योगदान अभी सिर्फ 700 मिलियन डॉलर का है। स्वाभाविक रूप से इसमें विस्तार और वृद्धि की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

## प्रसंगवश

# ध्यान:शास्त्रीय और राजनीतिक

अष्टांग योग मार्ग में 'ध्यान' सप्तम सोपान है। महर्षि पतंजलि के अनुसार इसके पहले के सोपान यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार और धारणा हैं। ध्यान के बाद अंतिम सीढ़ी है 'समाधि', जहां आत्मा का परमात्मा से तादात्म्य हो जाता है, संसार छूट जाता है और जीव अखंड आनंद की स्थिति में हो जाता है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भगवान कृष्ण से बड़ा कोई योगविद नहीं हुआ। वे योगेश्वर हैं। गीता में उन्होंने ध्यान के लिए व्यवस्था दी है कि एकांत और शुचि स्थान में वस्त्र नीचे, फिर मृगचर्म और ऊपर कुश रखकर आसन लगाएं। शास्त्रीय व्यवस्था तो यही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार समाप्त करके कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर 30 मई की शाम से 45 घंटे के लिए ध्यानावस्थित होने चले गए। यह विश्व भर में प्रचारित हुआ और कैमरों ने पल-पल के फोटो कैद किए। सर्वविदित है कि यदि देश का सबसे बड़ा शासक न चाहे तो यह कैमरेबाजी नहीं हो सकती, लेकिन ऐसा हुआ और पिछले लोकसभा चुनाव के बाद का केदारनाथ गुफा का उनका ध्यान भी कैमरे की नजर से नहीं बचा था। ऐसे में ध्यान की अनिवार्य शर्त एकांत और शुचिता तो भंग हो ही गई। साथ ही पहले के छह सोपानो यम, नियम आदि का तो कहीं जिक्र आया नहीं। वे तो चुनाव प्रचार में लगे रहे। वे इन सोपानों का पालन कर ही नहीं सकते थे। यौगिक क्रियाओं, मंत्र और बीच में होने वाली अनुभूतियों को बहुत गोपनीय रखने के लिए आचार्यों और मनीषियों ने कहा है। "गोपनीयं गोपनीयं यथा हाटक पेटकम्"।

वन मार्ग में जाते हुए जैसे पथिक स्वर्ण पेटिका को गुप्त रखता है, वैसे ही यह क्रियाएं गुप्त रखी जाती हैं। अन्यत्र कहा गया है कि स्त्री अपनी योनि को जितना प्रच्छन्न रखती है, उतना ही उक्त क्रियाओं, अंतर्वर्ती अनुभवों को प्रच्छन्न रखा जाता है। यह प्रचार और फोटो वायरल कराने के विषय नहीं हैं। एक बात और, ध्यान के बाद वैसे अंतिम सीढ़ी समाधि होती है, किंतु इस केस में ऐसा नहीं होगा। वे फिर से सांसारिकता और राजकाज में लग जाएंगे। ऐसे में हमें शास्त्रीय और राजनीतिक ध्यान पद्धति को अलग-अलग करके देखना होगा।

# कौन बनेगा प्रधानमंत्री, किसकी बनेगी सरकार

अब कयास लगेंगे कि देश में आने वाले समय में कौन सी पार्टी या गठबंधन की सरकार बनेगी? देश का अगला प्रधानमंत्री कौन होगा? पहले की तरह से लोकसभा चुनावों की घोषणा के समय से ही राजनीतिक विश्लेषकों से लेकर ज्योतिषियों ने बताना शुरू कर दिया था कि देश को किस तरह के नतीजे मिलेंगे। सभी दलों के अपने-अपने दावे हैं।

पहले बात करते हैं चोटी के राजनीतिक चिंतक बताने वाले योगेंद्र यादव की। वे राहुल गांधी की एक पदयात्रा में भी शामिल हुए थे। योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं। देश में सरकार बनाने के लिए 272 सीटें चाहिए। इस बीच मुंबई के जाने-माने लेखक और ज्योतिषी और स्तंभकार पंडित जेपी त्रिखा पिछले कम से कम दो लोकसभा चुनावों की सटीक भविष्यवाणी कर चुके हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में एनडीए की सफलता की भविष्यवाणी कर दी थी। उन्होंने ज्योतिष विद्या के आधार पर 2024 के लोकसभा चुनावों के परिणामों पर भी गहन शोध के बाद अपनी भविष्यवाणी कर दी है।

पंडित त्रिखा कहते हैं, "मेरा ज्योतिष अध्ययन स्पष्ट रूप से कहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक सीटें जीतने वाली पार्टी बनने जा रही जा रही है। हां, नई सरकार के सामने लगातार चुनौतियां आती रहेंगी। नई सरकार को चुनौतियां का संभलकर सामना करना होगा।" इस बीच लोकनीति के संदीप शास्त्री ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर तो इस बार देश में 'मोदी लहर' देखने



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

योगेंद्र यादव के मुताबिक इन चुनावों में भाजपा को 240-260 और एनडीए के साथी दलों को 35-45 सीटें मिल सकती हैं।

को नहीं मिली, लेकिन राज्यों में छोटी-छोटी लहरें जरूर हैं। राज्यों में 'मोदी हवा के झोंके', जरूर चल रहे हैं। 2004 का चुनाव परिणाम सामने आने के बारे में अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था- "कौन क्यों जीता पता नहीं और कौन क्यों हारा वो भी पता नहीं"। इस बार भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, भाजपा का आंकड़ा 304 से ऊपर रहता है या नीचे जाता है, यह दो राज्य तय करेंगे। ये राज्य महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल हैं। संदीप शास्त्री ने इशारों ही इशारों में बता दिया कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार आ सकती है।

हालांकि ये भी सच है कि इंडिया गठबंधन के नेता जैसे राहुल गांधी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद, समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव वगैरह सब दावा कर रहे हैं कि देश में इस बार मोदी सरकार नहीं बनने जा रही है। इनका कहना है कि गठबंधन को 300 सीटें मिलने जा रही हैं। ये कह रहे हैं कि भाजपा को सिर्फ 220 सीटें मिल सकती हैं। प्रख्यात पॉलिटिकल कमेंटेटर और डेटा साइंटिस्ट सुरजीत भल्ला कह रहे हैं कि भाजपा को इस चुनाव में 350 तक सीटें मिल सकती हैं।

पंडित त्रिखा के अनुसार, " नरेंद्र मोदी की चंद्र राशि वृश्चिक है। उनका जन्म 17 सितंबर, 1950 को हुआ था। वे मंगल ग्रह से शासित हैं। वृश्चिक राशि वाले बहुत बुद्धिमान और चतुर होते हैं और उनमें नेतृत्व करने के गुण होते हैं। वे जन्मजात नेता होते हैं। मोदी जी ने इसे बार-बार साबित किया है।" बता दें कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन भी वृश्चिक राशि के हैं। वृश्चिक राशि के नेताओं को अक्सर उनके दृढ़ संकल्प के लिए जाना जाता है।

इस बीच चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर कांग्रेस को लेकर दावा कर रहे हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी तीन अंकों के आंकड़े तक नहीं पहुंचेगी। इसके साथ ही वे इस बात पर भी जोर दे रहे हैं कि भाजपा इस बार 2019 के आम चुनावों में प्राप्त अपनी सीटें दोहराने जा रही है या उससे भी आगे निकल सकती है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें भाजपा की तरफ से कितनी सीटें जीतने की उम्मीद है तो प्रशांत किशोर ने कहा कि मेरे पास जो भी अवलोकन और अनुभव है, उसके आधार मुझे नहीं लगता कि भाजपा की संख्या 2019 में जहां थी, वहां से कम हो जाएगी। वे दावा कर रहे हैं कि 2019 में भाजपा के पास जो संख्या थी, कमोबेश वही संख्या मुझे दोहराती हुई दिख रही है या शायद यह और भी बेहतर हो जाएगी।

यद्यपि उनके दावों पर बहुत बवाल भी मचा हुआ है। उनकी राय से इत्तेफाक न रखने वाले उन पर तमाम तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। वैसे लोकसभा चुनाव के नतीजों की आधिकारिक घोषणा से पहले तो सिर्फ अनुमान ही लगाए जा सकते हैं। ये सब लोकतंत्र का हिस्सा हैं।

## सोशल फोरम

# एक स्वस्थ्य समाज के लिए

मेरा स्पष्ट मानना है कि बच्चों की सारी पढ़ाई कोएड में ही होनी चाहिए। लड़के-लड़कियों के अलग स्कूल खत्म हो जाने चाहिए। सातवीं क्लास तक मैंने भी कोएड में ही शिक्षा ग्रहण की। जब विपरीत लिंग को सही में समझने की जरूरत थी। तब मुझे केवल लड़कों के स्कूल में भर्ती होना पड़ा। वहां जिस बात से सबसे पहले वास्ता पड़ा वो थी गालियां, लेकिन इतने विशाल ज्ञान भंडार के होते हुए भी आज तक कभी गाली निकालने का साहस नहीं कर पाया। ये सारा ज्ञान और समृद्ध शब्दकोश बेकार ही जा रहा है। खैर तो मैं बात कर रहा था कोएड की शिक्षा की। आप एक बात नोट कीजिए कि पुरुषों के समूह में एक स्त्री या स्त्रियों के समूह में एक पुरुष को रख दीजिए। तो पूरे समूह के व्यवहार में अभूतपूर्व परिवर्तन आ जाता है। लोग थोड़ा ज्यादा सलीकेदार, सभ्य और शरीफ दिखने की कोशिश करने लगते हैं और दोनों लिंगों को एक दूसरे को समझने बुझने के बेहतर मौके मिलते हैं। एक झिझक, एक संकोच सा जो दोनों के मन मे एक दूसरे के लिए होता है, वो दूर हो जाता है। लोग प्रेमी प्रेयसी के अतिरिक्त मित्रता के धरातल पर भी संबंध बनाने की सोचते हैं।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

दोनों को अलग-अलग बाड़ों में रख पढ़ाने-लिखाने से बेहतर इन्हें एक ही बाड़े में रख एक दूसरे के लिए बेहतर समझ विकसित करने के मौके दिए जाएं, ताकि मानसिक रूप से एक परिपक्व समाज का निर्माण हो सके। मेरी पीढ़ी के बहुत लोग इस आपसी समझ को विकसित करने से वंचित रह गए। हमारे साथ के मित्रों को तो लड़की किसी एलियन के समान लगती थी। क्या बात करूं, कैसे करूं, कहां से शुरू करूं... तब तक लड़की ये जा और वो जा। ऐसा ही हाल कुछ उधर भी रहता था। आज के बच्चों में ये झिझक देखने को नहीं मिलती। उस वक्त कुछ एक्स्ट्रा स्मार्ट लड़के लड़की ही इससे बरी थे। वरना बाकी सब तो विपरीत लिंगी को देख मिमियाने लगते थे।

आज दोनों के बीच का भेद जब मिट रहा हो तो कोएड को शुरुआत से ही बाध्यकारी कर दोनों को एक दूसरे के प्रति एक बेहतर नजरिया विकसित करने के अवसर दिए जाने चाहिए। एक स्वस्थ्य समाज के लिए ये आज की जरूरत है। **-फेसबुक वॉल से**

# ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है



अनूप शुक्ल
कानपुर

एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा।

सुबह नींद खुली साढ़े तीन बजे। मतलब तब जब ब्रह्ममुहूर्त भी ड्यूटी पर हाजिर नहीं हुआ था। कई लिखाई-पढ़ाई के काम याद आए। उनको याद करके फिर पलट के सो गए। सोचा थोड़ा और सो लिया जाए फिर उठा जाएगा। मतलब नींद की 'एक बाइट' और ले ली जाए। थोड़ा सोने के बाद नींद खुली तो पांच बज गए थे। मतलब नींद की 'एक बाइट डेढ़' घंटे की हुई।

'नींद की बाइट' भी हर एक के लिए अलग-अलग होती है। किसी की घंटे भर की, किसी की पांच मिनट की। यह तो बात हुई नींद की। उनके क्या हाल होते होंगे जिनको नींद नहीं आती या कम आती है। उनकी भी क्या 'उनींदे' की 'अनींद' की बाइट होती होगी? जगने के बाद टहलने निकले। सड़क पर इक्का-दुक्का लोग टहल रहे थे। पंछी हल्ला मचा रहे थे। क्या पता कह रहे हों हमारा नाम लेते हुए -'निकल लिया, निकल लिया आज भी टहलने निकल लिया।' सामने से एक महिला बीच सड़क पर टहलती आ रही थी। हाथ में छुटका तौलिया लिए थी। शायद पसीना पोंछने के लिए। पसीना अभी आया नहीं था, लेकिन महिला तौलिया चेहरे पर घुमाती जा रही थी। शायद पसीना सुखाने की नेट प्रैक्टिस कर रही हो। यह भी हो सकता है संभावित पसीने को धमका रही हो-'खबरदार, जैसे ही निकले, सुखा दिए जाओगे।'

एक दूसरी महिला टहलते हुए बगल से गुजरी तो दिखा की उसके कान में ईयरप्लग ठुंसा था और वह कोई प्रवचन टाइप सुन रही थी। बगल से गुजरते हुए प्रवचन के बोल मेरे भी कानों में जबरियन धंस गए। प्रवचनिया कह रहा था-'काम, क्रोध, मद, लोभ से बचकर रहना चाहिए।' महिला जब यह सुन रही थी तब वह इन सभी तथाकथित विकारों से एकदम मुक्त थी। कोई इंसान जब काम, क्रोध, मद, लोभ आदि विकारों से मुक्त हो तब उसको उनसे बचने के लिए कहा जाए तो सहज रूप से इनके बारे में सोचेगा। आगे के पार्क के बाहर पुलिया पर बैठे कुछ लोग अपने शरीर को टेढ़ा-मेढ़ा करते हुए बतिया भी रहे थे। एक की आवाज सुनाई पड़ी -'ईमानदार आदमी को कमजोर समझते हैं। सब समझते हैं कि ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है। पहले ऐसा नहीं होता था।' 'ईमानदार' को 'ईमानदार' कहते हुए पूरे आत्मविश्वास से ईमानदारी को बेवकूफी का सीधा कनेक्शन करवा रहे थे। अगले ने भी कुछ कहा होगा। हम सुन नहीं पाए। हमको बस यही दिखा कि वह अपने पेट को कपड़े की तरह निचोड़ते हुए कसरतिया रहा था। वहीं सामने के पार्क में कुछ महिलाएं भी बच्चों के साथ हाथ और पेट घुमाते हुए कसरत कर रहीं थीं। चौराहे पर एक 'स्लिमिंग सेंटर' वाले अपना होर्डिंग लगाए खड़े थे। पतला होने की तरकीब बताने के लिए। कोर्स करवाने के लिए। एक आदमी ने अपना पुराना फोटो दिखाया जिसमें वह काफी स्वस्थ दिख रहा था। अभी वह 'स्लिम-ट्रिम' टाइप दिख रहा था। बताया कि ये थे ये हो गए हैं। हमको बोला -'खाली टहलने से नहीं होगा। खानपान ठीक करना होगा।' अपन आगे बढ़ गए। हड़बड़ी में वजन नहीं कम करना। फैट बुरा मान जाएगा। आहिस्ते से कम करेंगे। फुसलाते हुए। इतने दिन साथ दिया उसने मेरा। अब हम उसको झटके से दफा कर दें। ऐसे बेवफा हम हरगिज नहीं। लौटते हुए एक रेलिंग पर कुछ बच्चे बैठे दिखे। कल भी दिखे थे, लेकिन कल बात नहीं हुई थी। आज पास खड़े होकर बात की। पता चला कि स्कूल के घरों में रहते हैं। टहलने आए हैं तो आराम करने के लिए बैठ गए रेलिंग पर। रेलिंग पर बैठना बच्चों के थकने से ज्यादा बतियाने की मंशा से रहा होगा। तसल्ली से बतिया रहे थे वे। एक बच्चा अपना मोबाइल में कोई वाल पेपर छांट रहा था। हमने सबको रेलिंग पर बिठाकर फोटो खींचा। दिखाकर कहा -'इसे बना लो वाल पेपर। बच्चे मेरी बात पर हंसने लगे। हमको लगा कि देश में हमारा जिक्र करते हुए इस बात पर बहस न छिड़ जाए कि एक और भी नमूना है देश में जिस पर लोग हंसते हैं। एक बच्ची के हाथ में एक छोटा पक्षी दुबका सा बैठा था। बच्चों ने उसे रास्ते से उठाया था। पक्षी की पीठ में हल्का सा घाव था। उसकी हड्डियां दिख रहीं थीं। शायद किसी बड़े पक्षी ने उस पर हमला किया होगा। बच्ची कह रही थी-'इसे घर ले जाएंगे। इलाज करेंगे।' बच्चों से बात करने के बाद घर लौट आए। हमको पुलिया पर बैठे आदमी की बात याद आ रही है-'ईमानदार आदमी बेवकूफ होता है।' क्या सच में ऐसा होता है?

# गांधीजी ने ग्यारह बार देखी काशी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का वाराणसी से आत्मीय लगाव था। 1902 से 1942 तक चार दशक के कालखंड में राष्ट्रपिता ने वाराणसी का 11 बार दौरे किए थे। इस दौरान उन्होंने करीब सवा महीने तक काशी की पवित्र धरा पर विश्राम किया था। गांधी जी का काशी, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रेणता महामना मदनमोहन मालवीय जी एवं बीएचयू के साथ विशेष लगाव था। आत्मीयता थी। गांधी जी 22-23 फरवरी, 1902 में पहली बार काशी पधारे। तब वे काशी के एक पंडे के निवास स्थान में रुके। गांधीजी ने गंगा स्नान किया। भगवान श्रीविश्वनाथ जी के दर्शन किए और एनी बेसेंट से भेंट की।



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

गांधीजी ने काशी का दूसरा दौरा 1916 में किया। तब वे बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना समारोह में भाग लेने के लिए 3 फरवरी, 1916 को वाराणसी गए। गांधीजी ने 3 फरवरी को भगवान श्री विश्वनाथ जी के दर्शन किए। 4 फरवरी, 1916 को उन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय स्थापना समारोह में प्रतिभाग किया। वहां भाषण दिया। 5 फरवरी को काशी में नागरी-प्रचारिणी सभा में भाषण दिया। 8 फरवरी, 1916 तक गांधीजी काशी में ही रहे। चार साल बाद 21 फरवरी, 1920 को गांधीजी ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित किया। इसी साल 30 मई, 1920 को गांधीजी वाराणसी गए। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक में भाग लिया। दो दिन तक वाराणसी में रहे। इसी वर्ष नवंबर के महीने में गांधीजी पुनः वाराणसी गए। 25 से 27 नवंबर, 1920 तक यहीं रहे। इस दौरान उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों की सभा में भाग लिया। 9 फरवरी, 1921 को गांधीजी ने वाराणसी के टाउन हॉल के मैदान में आयोजित सार्वजनिक सभा में भाषण दिया और अगले दिन 10 फरवरी, 1921 को काशी विद्यापीठ के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत की। गांधीजी 17 अक्टूबर, 1925 को वाराणसी के दौरे पर गए। यह उनका सातवां काशी दौरा था। उन्होंने काशी विद्यापीठ की सभा में भाषण दिया। करीब डेढ़ साल बाद फरवरी, 1927 को गांधीजी काशी गए। 7 एवं 8 फरवरी, 1927 को वहीं रहे। इस दौरान उन्होंने गांधी आश्रम के वार्षिक समारोह में भाग लिया। गांधीजी का 1934 का वाराणसी दौरा सबसे अधिक दिनों का था। इस वर्ष वे 27 जुलाई से 2 अगस्त, 1934 तक वाराणसी में रहे। 28 फरवरी को गांधीजी काशी विद्यापीठ गए। 29 फरवरी को उन्होंने जिलों के प्रतिनिधि मंडलों से भेंट की। गांधीजी ने 30 जुलाई, 1934 को काशी में 'मौन दिवस' मनाया। अगले रोज सार्वजनिक सभा को संबोधित किया। 1 अगस्त, 1934 को हिंदू विश्वविद्यालय के छात्रों ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। इसी दिन गांधीजी ने कांग्रेस पार्टी की बैठक में भाग लिया। महिलाओं की सभा की। 2 अगस्त को गांधी जी ने कबीर मठ का निरीक्षण किया। इसी दिन काशी की पंडित मंडली ने गांधीजी को मानपत्र भेंट किया। अक्टूबर, 1936 में गांधी जी ने वाराणसी में भारत माता मंदिर का उदघाटन किया। कला भवन का निरीक्षण भी किया। जनवरी, 1942 में गांधी जी पुनः वाराणसी दौरे पर गए। यह गांधी जी की ग्यारहवीं काशी यात्रा थी। 21 जनवरी, 1942 को उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की जयंती समारोह में प्रतिभाग किया। 22 जनवरी, 1942 को कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

# ट्रेन में महिला की मौत, शव उतारने को लेकर हंगामा

## साथ के लोग हरिद्वार ले जाना चाहते थे शव, आधे घंटे तक खड़ी रही ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्लीपर में अन्य यात्रियों ने शव ले जाने का विरोध किया

**अमृत विचार:** जनता एक्सप्रेस में एक महिला की मौत हो गयी। महिला के साथ आए लोग उसके शव को हरिद्वर ले जाना चाहते थे। कोच में सवार अन्य यात्रियों ने कहा कि शव उतारने के बाद ही ट्रेन चलेगी। इसको लेकर उन्होंने प्लेटफार्म पर हंगामा किया। जानकारी लगने पर आरपीएफ और जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची और लोगों को समझाकर शव को कोच से नीचे उतारा। इस दौरान ट्रेन करीब आधा घंटा खड़ी रही।

बंगाल की रहने वाली 70 वर्षीय शुक्लादास परिवार व रिश्तेदारों के साथ वाराणसी से हरिद्वार तीर्थ यात्रा पर जा रही थीं। तीर्थ यात्रियों को जनता एक्सप्रेस में एस-1 स्लीपर कोच में रिजर्वेशन था। महिला शुक्लादास की तबीयत हरदोई के बाद अचानक खराब हो गयी। उसके साथ के लोगों ने टीटीई को इसकी जानकारी दी। टीटीई ने कंट्रोल रूम को सूचना दी। कंट्रोल रूम ने यहां रेलवे के डाक्टर और स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। जनता एक्सप्रेस पौने नौ बजे प्लेटफार्म चार पर आकर रुकी। इस दौरान डाक्टर ने महिला को देखा और तुरंत ही मृत घोषित कर दिया। उसके साथ अन्य लोगों ने कहा कि उसका शव यहां नहीं उतारा जाएगा और हरिद्वार लेकर जाएंगे। स्लीपर में अन्य यात्रियों ने शव ले जाने का विरोध किया। यात्री ट्रेन से नीचे उतर आए और गार्ड की बोगी के पास हंगामाकरने लगे। यात्रियों ने कहा कि जब तक शव उतर नहीं जाएगा, ट्रेन नहीं जाएगी। इससे प्लेटफार्म पर अफरा-तफरी मच गयी।

आरपीएफ और जीआरपी प्लेटफार्म पर पहुंची। इधर, आरपीएफ और जीआरपी के सामने ही मृतक महिला के परिजनों संग लोगों की नोकझोंक होनी लगी। इस दौरान आरपीएफ व जीआरपी ने महिला के साथ आए लोगों को समझाकर कोच से शव को नीचे उतार लिया।

इधर, बेगमपुरा एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस, कानपुर-जम्मूतवी को प्लेटफार्म पांच से निकाला गया। जनता एक्सप्रेस करीब आधे घंटे तक खड़ी रही। जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि जनता एक्सप्रेस में एक महिला की मौत हो गयी थी। उसके साथ के लोग शव को हरिद्वार ले जाना चाहते थे।

## अस्पताल में भर्ती युवक ने कुएं में कूद कर दी जान

**प्रयागराज, अमृत विचार:** गंगानगर के नवाबगंज थाना क्षेत्र के स्थित रेलवे फाटक के पास एक अस्पताल में भर्ती युवक ने शुक्रवार को अचानक एक कुएं में छलांग लगा दी। आसपास के लोगों ने युवक को गंभीर हालत में सीएचसी कौड़िहार भेज दिया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ जनपद के कुंडा थाना क्षेत्र के मनगढ़ गांव निवासी शुभम पटेल (18) मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। परिजन उसका उपचार प्रयागराज के एक चिकित्सक से करा रहे थे। पिछले कई दिनों से वह चैनी का पूरा स्थित अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। रिश्तेदारों ने युवक को दुर्गागंज स्थित रेलवे फाटक के पास के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। युवक अस्पताल से अचानक निकला और पास के मनीलाल इनारा में छलांग लगा दी।

# मां की डांट से नाराज छात्रा ने गंगा में लगाई छलांग, बचाया

संवाददाता ,कछला

**अमृत विचार :** मां की डांट से क्षुब्ध एमए की छात्रा ने कछला स्थित भागरथी घाट के पुल से गंगा में छलांग लगा दी। गंगा घाट पर मौजूद गोताखोरों ने छात्रा को छलांग लगाते देखा तो गोताखोरों ने भी गंगा में छलांग लगा दी। छात्रा को सकुशल बाहर निकाल लिया। सूचना पर छात्रा की मां पहुंची। कछला चौकी इंचार्ज ने छात्रा को समझाकर मां के साथ भेज दिया।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती कछला के जीबी पंत डिग्री कॉलेज में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। शुक्रवार को उसका मां से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। छात्रा कछला स्थित गंगा पुल पहुंची। उसके पीछे से मां भी आ गईं लेकिन छात्रा उससे छिप गई। कछला पुलिस पर पहुंची और छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद गोताखोर व नाविक गोविंद मल्लाह ने छात्रा को कूदते हुए देखा तो वह भी गंगा में चला गया और छात्रा को सकुशल बचा लिया।

### गंगा में डूबे सात श्रद्धालु, एक की मौत

**उसहैत :** उसहैत क्षेत्र के भकरी घाट पर गंगा की पहनान कराने आए छह लोग गंगा में डूबने लगे। घटना को देखते ही चीखपुकार मच गई। घाट पर मौजूद गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी और छह श्रद्धालुओं को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। दो घंटों के बाद सातवें श्रद्धालु को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थाना उसहैत क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुबारकपुर निवासी कुंवरपाल शुक्रवार दोपहर अपने परिजन और ग्रामीणों के साथ गंगा को धोती पहनान के लिए उसहैत क्षेत्र के भकरी घाट पर आए थे। कुछ श्रद्धालु गंगा मैया की पूजा करने में व्यस्त हो गए। गांव निवासी कई लोग स्नान करने के लिए गंगा में घुस गए। बहाव ज्यादा होने के चलते वह सभी बहने लगे और गहराई में चले गए। छह को बचा लिया गया।

## सार-संक्षेप

### हाईवे पर चार साल के बच्चे को वाहन ने रौंदा, मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** हाईवे पर वाहन की तेज रफ्तार ने एक और जान ले ली। परिवार के ही अन्य बच्चों संग घर से पैदल प्याऊ में बंट रहा शरबत पीने जा रहे चार साल के मासूम को काले रंग के चौपहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें उसकी मौत हो गई। परिवार में मासूम की मौत के बाद चीख पुकार मची रही।बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा महेश के रहने वाले भगवत सरन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। गांव से करीब एक किमी की दूरी परएक धार्मिक स्थल के पास शुक्रवार को प्याऊ लगाकर शरबत बांटा जा रहा था। दोपहर में शरबत पीने के लिए उनका चार साल का बेटा मोहित पैदल घर से मंदिर की तरफ जा रहा था। उसके साथ परिवार के ही ऊषा (4) पुत्री महेंद्र, उसका भाई अजय (3) भी थे। बीसलपुर-पीलीभीत मार्ग पर नवादा महेश गांव के पास तीनों पहुंचे थे। बताते हैं कि इस दौरान बीसलपुर की तरफ से आ रहा काले रंग का चौपहिया वाहन तेज रफ्तार में आया और मोहित को टक्कर मार दी। वह लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गया। वाहन लेकर उसका चालक पीलीभीत की तरफ भाग गया। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। आनन-फानन में मोहित को सीएचसी भिजवाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### तेज गर्मी में तीन कौए मरे

**खुटार।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के चलते जीव-जंतु, पशु-पक्षी परेशान हैं। वही, शुक्रवार को तेज गर्मी व चिलचिल्लाती धूप से तीन कौएं (पक्षियों) की मौत हो गई। क्षेत्र के खुटार पुवायां रोड केसरपुर माफी गांव को जाने वाले मार्ग के किनारे कौए मृत पड़े मिले। ग्रामीणों का कहना है कि पशु पक्षियों के लिए कहीं जल की व्यवस्था न होने के कारण आये दिन पक्षी अपना दम तोड़ रहे हैं। एक तरफ शासन द्वारा जलाशयो में जल संचयन करने के लिए अभियान चला रही है। तो दूसरी तरफ तालाब, अमृत सरोवर, पोखर आदि सभी सूखे पड़े हुए हैं। जिसके कारण सभी पशु पक्षी आदि परेशान हैं।

### भाजपा प्रत्याशी नीरज को जान से मारने की धमकी

**प्रयागराज,अमृत विचार :** इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी ने फोन पर आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली- गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामाला शुक्रवार का है। नीरज त्रिपाठी की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के खिलाफ विभिन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। नीरज त्रिपाठी का आरोप है कि एक सपा कार्यकर्ता ने फेसबुक पर उनकी पत्नी के बारे में अभद्र टिप्पणी की और आपत्ति करने पर जान से मारने की धमकी दी।

### सातवें चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां पहुंची

**लखनऊ,अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें व अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को मतदान केंद्रों पर पहुंच गईं। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व मतदान कर्मियों को भीषण गर्मी व लू से बचाव के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में 13 लोकसभा सीटों व दुद्धी विधानसभा के लिए मतदान होना है। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है।इस चरण में प्रदेश के महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (अजा), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज (अजा) लोकसभा क्षेत्रों के साथ ही विधानसभा उपनिर्वाचन क्षेत्र दुद्धी में मतदान होगा।

# बंदूक जांचते समय गोली चलने से गार्ड की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एक माह बाद शुक्रवार को ड्यूटी पर आए थे उमेश चौहान
- निजी बंदूक को जांचते समय फायर, सीने में जा धंसी गोली

**अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में लाकड़ी फाजलपुर स्थित डायनेमिक एक्सपोर्ट फर्म में शुक्रवार सुबह सिक्योरिटी गार्ड उमेश की गोली लगने से मौत हो गई।

प्रकाश नगर लाइन पार में रह रहा उमेश चौहान मूल रूप से मैनपुरी का था। शुक्रवार सुबह अपनी बंदूक लेने के लिए गार्ड रूम में गए थे। बंदूक मिलने के बाद उसे जांचते समय फायर हो गया। सीने में गोली लगने के कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई थी। फैक्ट्री के मुख्य सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि उमेश लंबे समय से बीमार चल रहा था। 5 मई के बाद वह ड्यूटी पर नहीं आ रहा था। उधर, मृतक के बेटे अमित चौहान ने बताया कि दोपहर 12 बजे एक्सपोर्ट फर्म से उनके पास फोन आया कि उमेश का एक्सीडेंट हो गया। उन्होंने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाने का अनुरोध भी किया था। वह एक्सपोर्ट फर्म में दोपहर एक बजे पहुंचे तो देखा कि उनके पिता खून से लथपथ पड़े थे। अमित ने फर्म के लोगों को अपने पिता की मौत का जिम्मेदार ठहराया।

### हादसे में झारखंड के श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को अयोध्या कोतवाली के बूथ नंबर चार निकट एक सड़क हादसे में झारखंड निवासी एक श्रद्धालु की मौत हो गई। झारखंड के रांची जिले के थाना सुखदेव नगर के देवी मंडप निवासी एक परिवार गुरुवार को दर्श-पूजन के लिए अयोध्या आया था। सभी श्रद्धालु हाइवे बाईपास पर बूथ नंबर चार के निकट एक आश्रम में रुके थे। सभी शुक्रवार को हाईवे पर सड़क पार कर रहे थे कि इसी दौरान एक बाइक ने डिवाइडर पार कर रहे वीरेंद्र शर्मा (48) पुत्र सूर्यनाथ शर्मा को टक्कर मार दी।

# बेटे के नाम रिकवरी वारंट लेकर घर पहुंची पुलिस, मां की हार्ट अटैक से हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** बेटे के नाम रिकवरी वारंट लेकर घर पहुंचने की जानकारी उसकी मां को मिली तो उन्हें हार्ट अटैक आ गया। महिला को परिजन उपचार के लिए आननफानन में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत का पता चलने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। बाद में पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र में कैलसा मार्ग स्थित विवेकानंद कॉलोनी का है। यहां के निवासी राकेश की अपनी पत्नी से मुकदमेबाजी चल रही है। विवाद फैमिली कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट से राकेश का पत्नी के खर्चे से जुड़ा रिकवरी वारंट जारी हुआ था। गुरुवार को मुरादाबाद गेट चौकी प्रभारी अनूप कुमार पुलिस टीम के साथ रिकवरी वारंट की तामील कराने के लिए राकेश के घर पहुंचे थे। पुलिस घर की चौखट पर खड़ी थी कि इस दौरान घर में मौजूद राकेश की 55 वर्षीय मां मूर्ति देवी को हार्ट अटैक आ गया। मूर्ति देवी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। हार्ट अटैक की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी उल्टे पांव लौट गए। परिजन मूर्ति देवी को इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

# चार दिन से लापता बीटेक का छात्र हरदोई में खाई में पड़ा मिला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय के शिक्षक का लापता बेटा हिमांशु हरदोई जिले के लोनार क्षेत्र में डिग्री कॉलेज के निकट खाई में पड़ा मिला है।

उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। चौकीदार ने उसे बेहोशी की हालत में सीएचसी में भर्ती कराया था। सिंधौली पुलिस उसे लेकर उसे लेकर लौट आई। वह दहशत के कारण कुछ नहीं बता पा रहा है। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव तेरा निवासी कंपोजिट विद्यालय रखिया के शिक्षक रवीन्द्र कुमार अटल का पुत्र हिमांशु गौतम 27 मई को सुबह 10 बजे घर से निकला था। वह हरदोई निवासी फूफा अनिल कुमार के घर जाने को कहकर गया था, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। 17 वर्षीय हिमांशु ने 28 मई की सुबह आठ बजे अपने पिता के मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज भेजा, जिसमें कहा गया कि उसे पता नहीं है कि वह कहां पर हैं, लेकिन अब वह बचेगा नहीं। हिमांशु ने कहा कि उसे बबलुआ ने नशा सुंघा दिया है।

### अनियंत्रित वाहन की टक्कर से एक ही परिवार के तीन की मौत

**जगदीशपुर अमेठी।** शुक्रवार को एक अनियंत्रित वाहन ने बंद रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े वाहनों में टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। जगदीशपुर औद्योगिक क्षेत्र में थाना कमरौली के समीप (इंडोरामा)रेलवे क्रॉसिंग का फाटक शुक्रवार रात करीब 3 बजे ट्रेन आने के चलते बंद था। तभी एक अनियंत्रित कंटेनर ने वहां खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लाइन में खड़े आधा दर्जन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

# आजम को सजा नाइंसाफी की चरम सीमा : डॉ. तजीन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व सांसद डा. तजीन फातिमा ने कहा कि लड़ाई हम आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ते रहेंगे। कहा कि डूंगरपुर मामले में आजम खां को 10 वर्ष की सजा नाइंसाफी की चरम सीमा है। मीडिया से शिकायत है कि दो जन्म प्रमाण पत्र मामले को फर्जी लिख रही है। कहा कि हमने चुनाव पर नजर डाली ही नहीं है, अभी हम अपने मुकदमों में घिरे हुए हैं।


शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से रूबरू पूर्व सांसद डा. तजीन फातिमा।

जिला कारागार से जमानत पर छूटने के बाद पूर्व सांसद ने शुक्रवार की दोपहर टंकी नंबर पांच स्थित मोहल्ला घेर बाज खां में अपने आवास पर पत्रकारों से लोकसभा चुनाव के किसी भी सवाल पर कोई कमेंट करने से इंकार कर दिया। कहा कि दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में उन्हें मीडिया से भी शिकायत है। मीडिया मुकदमे के बाद भी लिख रही है फर्जी जन्म प्रमाण पत्र। उन्होंने कहा कि यहां पर मैं इस बात को बिल्कुल साफ कर देना चाहती हूं कि इसमें कोई भी चीज फर्जी नहीं है। जो प्रमाण पत्र यहां से बनवाया गया उसे निरस्त कराया गया। इसके बाद ही लखनऊ से इश्यू किया हुआ असली प्रमाण पत्र लगाया गया। सारे प्रमाण पत्र मेरे पास हैं। वक्त आने पर दिखा दूंगी।

कहा कि सभी मुकदमे फर्जी लिखाए गए हैं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## उत्तराखंड

# उत्तरकाशी में गंगोत्री हाईवे पर डबरानी में टूटी चट्टान, एक की मौत व पांच घायल

ब्यूरो, उत्तरकाशी/देहरादून

- चारधाम यात्रा रूट में हुआ हादसा, तीन घायलों को एयरलिफ्ट कर भेजा हायर सेंटर

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा रूट उत्तरकाशी-गंगोत्री हाईवे के पास डबरानी में अचानक चट्टान टूट गई। चट्टान के मलबे व पत्थरों के नीचे दबकर एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची बचाव टीम ने घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। चट्टान टूटने की वजह डबरानी के पास पहाड़ी में आग लगना बताई जा रही है।


उत्तरकाशी में डबरानी में चट्टान टूटने से मलबे की चपेट में आया वाहन।

शुक्रवार की दोपहर लगभग 1 बजे गंगोत्री हाईवे पर डबरानी में एक पहाड़ी पर आग लगी हुई थी। इस बीच अचानक चट्टान टूटकर गिर गई। इससे पहाड़ी के नीचे से गुजर रहे वाहन व राहगीर मलबे व पत्थरों के नीचे दब गए। हादसे की सूचना पर पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव व राहत अभियान शुरू किया। इनमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जबकि पांच लोग घायल थे जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हर्षिल पहुंचाया गया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विक्रम मंडल के मुताबिक घायलों में तीन की हालत गंभीर थी जिन्हें एयरलिफ्ट कर हायर सेंटर भेजा है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि राहत एवं बचाव टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को मलबे से निकाला। हादसे में एक की मौत और पांच घायल होने की सूचना है। चट्टान से पत्थर गिर रहे थे इसलिए हाईवे पर ट्रैफिक रोक दिया गया था। इस वजह से गंगोत्री से हर्षिल के बीच में 500 वाहन फंस गए थे। मार्ग से बोल्डर हटवा कर मार्ग को आवाजाही के लिए खोल दिया गया है।

## वैश्विक धरोहर फूलों की घाटी का आज से कर सकेंगे दीदार

**चमोली।** पर्यटन सीजन के बीच एक अच्छी खबर है कि चमोली जिले में 87 वर्ग किमी में फैली और यूनेस्को की विश्व धरोहरों में शामिल खूबसूरत फूलों की घाटी का पर्यटक आज से दीदार कर सकेंगे।

अधिकारियों के अनुसार, फूलों की घाटी 1 जून से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। फूलों की घाटी में लगभग एक दर्जन प्रजाति के फूल खिल चुके हैं जबकि मानसून सीजन में यहां 300 से अधिक प्रजाति के फूल खिलते हैं। वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने बताया कि घाटी में बर्फबारी अच्छी हुई है, इसलिए फूलों के खिलने की उम्मीद है। अब तक रतनजोत, वज्रदंती समेत कई प्रजाति के फूल खिल चुके हैं।

# बागेश्वर: सरयू नदी में डूबने से एनसीसी जवान की मौत

बागेश्वर, एजेंसी



एनसीसी 81वीं बटालियन बिलौना में तैनात एक जवान की सरयू नदी में डूबने से मौत हो गई। नदी में डूबने के बाद साथियों ने उन्हें नदी से बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान हिमाचल प्रदेश का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार श्याम राणा (32 वर्ष) पुत्र विष्णु राणा निवासी हिमाचल प्रदेश जनपद के बिलौना स्थित 81 एनसीसी बटालियन में तैनात था। वह शुक्रवार को भोजन के बाद अपने साथियों के साथ सरयू तट पर गया था। गर्मी से बचने के लिए वह नदी में एक पत्थर पर बैठ गए और पैर पानी में डाल लिए। अचानक फिसल जाने से श्याम नदी में गिर गए। उनके साथियों ने उन्हें नदी से निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी कोतवाल संजय बृजवाल अस्पताल पहुंचे और शव कब्जे में ले लिया। एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रविंद्र भंडारी ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। साथ ही मृतक के परिजनों को सूचना दी जा रही है।

# कर्नाटक से आए तीर्थयात्रियों की बस पलटी, 15 घायल

ब्यूरो, उत्तरकाशी/देहरादून

**अमृत विचार :** यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा बैंड के पास कर्नाटक के तीर्थयात्रियों एक बस पलट गई। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए जिन्हें नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रह्माखाल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे यमुनोत्री हाईवे पर सिलक्यारा के समीप तीर्थयात्रियों से भरी बस अचानक पलट गई। बस में कर्नाटक से आए 40 तीर्थ यात्री सवार थे जो यमुनोत्री के बाद गंगोत्री दर्शन के लिए जा रहे थे। बस पलटने से यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। उनकी चीखपुकार सुनकर आसपास के गांवों के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई। टीम ने बस से यात्रियों को रेस्क्यू किया। हादसे में 15 यात्री घायल हो गए। जिनका प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ब्रह्मकमल में उपचार कराया गया। बाद में निजी कंपनी की जेसीबी से बस को सड़क किनारे करवाया गया। साथ ही अन्य वाहनों से यात्रियों को जिला मुख्यालय भेजा गया।

## रूद्रपुर में वेयर हाउस में शार्ट-सर्किट से लगी आग

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** किच्छा हाईवे स्थित एक वेयर हाउस में धधकी आग से करोड़ों का नुकसान हो गया। आग इतनी विकराल थी कि दमकल कर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। डिग्री कॉलेज रामपुर रोड निवासी इकबाल सिंह आनंद का किच्छा हाईवे स्थित एएलपी ऐरो फ्लेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की फर्म है। वेयर हाउस में रबर इन्सुलेशन माल का स्टॉक किया था। बताया कि रोजमर्रा की भांति गुरुवार की शाम को गोदाम के एचआर हेड वीपी सिंह सहित कर्मचारी काम समाप्त कर निकले थे कि शुक्रवार दोपहर ढाई बजे गोदाम में आग लग गई।

# महिला और पुरुष पर गुलदार का हमला, ग्रामीणों में दहशत

संवाददाता, रामनगर/लालकुआं

**अमृत विचार :** बगीचे में घास काट रही महिला और बकरी को खोजने गए पुरुष पर गुलदार ने दिन दहाड़े हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं शोर होने पर पुरुष को गुलदार झपट्टा मारकर छोड़ गया। दोनों घटनाएं रामनगर और लालकुआं में घटित हुईं।

पहली घटना में रामनगर के तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अंतर्गत कालू सिद्ध स्थित एक बगीचे में शुक्रवार सुबह घास काट रही 52 वर्षीय प्रभा देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार पर झाड़ियों में घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक हमला कर दिया। गुलदार का हमला होते ही महिला की चीख निकल गई। पास में ही घास काट रहीं अन्य महिलाओं व ग्रामीणों के शोर मचाने पर गुलदार भाग तो गया लेकिन घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलते ही वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल महिला को रामनगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने की मांग की है। वहीं लालकुआं के मोटाहल्दू के जयपुर खीमा गांव में भी शुक्रवार को गुलदार ने एक ग्रामीण पर झपट्टा मार दिया। घटना के बाद तराई केंद्रीय वन विभाग के हल्द्वानी रेंज ने घटनास्थल पर ट्रैप कैमरा और पिंजरा लगाया।

## गर्मी से मधुमक्खियां भी तोड़ने लगी दम

**हल्द्वानी,अमृत विचार :** गर्मी से इंसान और जानवरों के साथ ही छोटे कीट मधुमक्खियां भी परेशान हैं। लू के थपेड़े, प्रचंड गर्मी और पानी की कमी की वजह से मधुमक्खियां दम तोड़ रहीं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार मधुमक्खियों के जीवित रहने में पानी की अहम भूमिका होती है। हल्द्वानी में तिकोनिया स्थित जल संस्थान के पास ओवरहैड टैंक में लगे छत्ते की मधुमक्खियों ने दम तोड़ दिया। ऐसा शहर में अन्य जगह भी हो रहा है। ज्योलीकोट के प्रमुख मौन पालक पुष्कर जोशी ने बताया कि गर्मी के दिनों में मधुमक्खियों का खासतौर पर ध्यान रखना होता है, जो लोग मौन पालन करते हैं वह लोग तो पानी का इंतजाम आसपास करके रखते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,961.31 | 22,530.70 |
| बढ़त | 75.71 | 42.05 |
| प्रतिशत में | 0.10 | 0.19 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 975 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 855।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2085, राज श्री 1410, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4450, खजाना 4450, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15800, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# 6.2 प्रतिशत रही बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर

## आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से हुई बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अप्रैल में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और बिजली का उत्पादन बेहतर होने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर अच्छी रही है।

मार्च में इन आठ उद्योगों की वृद्धि दर छह प्रतिशत थी जबकि एक साल पहले अप्रैल, 2023 में यह 4.6 प्रतिशत रही थी। कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली को बुनियादी उद्योगों में गिना जाता



है। इनकी देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में सम्मिलित रूप से 40.27 प्रतिशत हिस्सेदारी है। आंकड़ों से पता चलता है कि उर्वरक क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में गिर गया जबकि कोयला, इस्पात और सीमेंट क्षेत्रों की वृद्धि दर में सुस्ती दर्ज की गई। कोयला उद्योग की वृद्धि दर नरम पड़कर 7.5 प्रतिशत रह गई जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 9.1 प्रतिशत थी। इस्पात उद्योग की वृद्धि दर 16.6 प्रतिशत से घटकर 7.1 प्रतिशत पर आ गई। दूसरी ओर देश के सीमेंट उद्योग साल भर पहले के 12.4 प्रतिशत से घटकर 0.6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है।

### सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वर्ष सुधरकर जीडीपी के 5.63% पर पहुंचा

सरकार का राजकोषीय घाटा बीते वित्त वर्ष में जीडीपी का 5.63 प्रतिशत रहा। यह केंद्रीय बजट में जताए गए 5.8 प्रतिशत के अनुमान से कुछ कम है। वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा यानी व्यय और राजस्व के बीच अंतर 16.53 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार ने एक फरवरी को पेश अंतरिम बजट में 2023-24 के संशोधित अनुमान में राजकोषीय घाटा 17.34 लाख करोड़ रुपये यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। महालेखा नियंत्रक के अनुसार, सरकार राजस्व संग्रह के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही है। शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 2023-24 में 23.36 लाख करोड़ रुपये जबकि व्यय 44.42 लाख करोड़ रुपये रहा। सरकार द्वारा करों के हिस्से के हस्तांतरण के रूप में राज्य सरकारों को 11,29,494 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1,81,088 करोड़ रुपये अधिक है।

### वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की जीडीपी: मूडीज

मूडीज रेटिंग्स ने मजबूत आर्थिक वृद्धि और चुनाव के बाद नीतिगत निरंतरता रहने की उम्मीद पर भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 7.7 प्रतिशत बढ़ी थी, जबकि 2022 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर थी। सरकार के सशक्त पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों के दम पर यह संभव हो पाया। मूडीज ने वैश्विक व्यापक-आर्थिक परिदृश्य 2024-25 में कहा-हमारा मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को आसानी से छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ना चाहिए। हम इस साल करीब 6.8 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान लगाते हैं। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नीति निरंतरता होने के साथ मजबूत, व्यापक-आधारित वृद्धि को बनाए रखा जा सकेगा। मूडीज ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट में 11.1 लाख करोड़ रुपये यानी जीडीपी का 3.4 प्रतिशत पूंजीगत व्यय आवंटन का लक्ष्य रखा गया है।

# रिजर्व बैंक ने एसबीएम बैंक पर 88.70 लाख का जुर्माना लगाया

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ नियामक मानदंडों का पालन न करने के लिए एसबीएम बैंक (इंडिया) पर 88.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।




रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि बैंक पर जुर्माना आरबीआई की लाइसेंस से जुड़े शर्तों का अनुपालन न करने पर लगाया गया है। इसके अलावा इकाई को उदारीकृत प्रेषण योजना (एलआरएस) के तहत लेनदेन को तत्काल प्रभाव से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं। बैंक को दो अलग-अलग नोटिस जारी किए गए, जिनमें उसे कारण बताने के लिए कहा गया। नोटिसों पर बैंक के उत्तर, उसके द्वारा किए गए अतिरिक्त प्रस्तुतीकरण तथा व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान बैंक के खिलाफ आरोप पाए गए।

### टीआईएल और पूर्व अधिकारियों पर लगा 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने टीआईएल लि. और तीन पूर्व अधिकारियों पर बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के लिए 2.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला 2019-20 और 2020-21 में कथित फर्जी खरीद-बिक्री से बिक्री और राजस्व को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से जुड़ा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि जुर्माना 45 दिन के भीतर चुकाया जाना चाहिए। नियामक ने व्यक्तिगत रूप से टीआईएल और सुमित मजूमदार पर एक-एक करोड़ का जुर्माना लगाया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 94,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,300-55,500 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,900 |
| चांदी पक्की | 890 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,100 |
| चांदी आभूषण | 91,000। |

# विदेशी मुद्रा भंडार दो अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर

मुंबई, एजेंसी

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 24 मई को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर घटकर 646.67 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशीमुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर की तेजी के साथ 648.7 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 24 मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.51 अरब डॉलर घटकर 567.49 अरब डॉलर रह गई। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.2 करोड़ डॉलर घटकर 56.71 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.13 अरब डॉलर रहा।

### भारत ने ब्रिटेन से 100 टन सोना घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया

**मुंबई।** भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में रखे अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में पहुंचाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में देश के कुल स्वर्ण भंडार में 27.46 टन की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 822 टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि सोने का एक बड़ा हिस्सा विदेश में जमा है।

# मोदी सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट कर 10 लाख करोड़ से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्त मंत्री ने बताया-ईडी ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके परिणामस्वरूप 64,920 करोड़



रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा-हाल ही में, भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने तीन लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार करते हुए अपना अब तक का सबसे अधिक शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत और निर्णायक नेतृत्व के दम पर बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट हुआ। हमारी सरकार ने व्यापक तथा दीर्घकालिक सुधारों के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में संप्रग के पापों का प्रायश्चित किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने डूब कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती और यह प्रक्रिया जारी है।

## राष्ट्रीय

# देश में जलाशयों का जल स्तर गिरकर 23% रह गया

## केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण में लगातार गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में भीषण गर्मी के बीच 150 प्रमुख जलाशयों के भंडारण स्तर में लगातार गिरावट जारी है और यह कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत रह गया है। पिछले वर्ष समान अवधि के दौरान के जल स्तर के मुकाबले मौजूदा जल स्तर में 77 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक जलाशयों का मौजूदा जलस्तर पिछले वर्ष के स्तर का मात्र 77 प्रतिशत तथा सामान्य जलस्तर का 94 प्रतिशत है। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने शुक्रवार को देश भर के 150 प्रमुख जलाशयों के ताजा भंडारण स्तर की स्थिति पर अपना साप्ताहिक बुलेटिन जारी करते हुए एक बयान में कहा-इन जलाशयों में कुल उपलब्ध भंडारण 41.705 अरब घन मीटर (बीसीएम) है, जो इन जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता का 23 प्रतिशत है। आयोग ने कहा-यह पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान दर्ज किए गए 53.832 बीसीएम तथा सामान्य भंडारण क्षमता 44.511 बीसीएम से काफी कम है। परिणामस्वरूप, मौजूदा भंडारण पिछले वर्ष के स्तर का केवल 77 प्रतिशत तथा सामान्य भंडारण का 94 प्रतिशत है। सीडब्ल्यूसी द्वारा निगरानी किये जाने वाले 150 मुख्य जलाशयों की कुल भंडारण क्षमता 178.784 बीसीएम है, जो देश में निर्मित कुल भंडारण क्षमता का लगभग 69.35 प्रतिशत है। देश के 150 जलाशयों में से दस उत्तरी क्षेत्र - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और राजस्थान - में स्थित हैं और इनकी भंडारण क्षमता 19.663 बीसीएम है।

सीडब्ल्यूसी के मुताबिक पूर्वी क्षेत्र में - असम, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, नागालैंड और बिहार में कुल 23 जलाशय हैं, जिनकी कुल जल भंडारण क्षमता 20.430 बीसीएम है। आयोग ने कहा कि उपलब्ध जल भंडारण 5.645 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 28 प्रतिशत है। पश्चिमी क्षेत्र - गुजरात और महाराष्ट्र - में कुल 49 जलाशय हैं, जिनकी कुल भंडारण क्षमता 37.130 बीसीएम है। इन जलाशयों का मौजूदा भंडारण 8.833 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 24 प्रतिशत है। यह पिछले वर्ष के 28 प्रतिशत से कम है, लेकिन सामान्य भंडारण 23 प्रतिशत से बेहतर है।

वहीं मध्य क्षेत्र-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़-में 26 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 48.227 बीसीएम है। वर्तमान में उपलब्ध भंडारण क्षमता 14.046 बीसीएम है, जो कुल क्षमता का 29.1 प्रतिशत है। पिछले वर्ष भंडारण क्षमता 37 प्रतिशत थी। इन जलाशयों की सामान्य भंडारण क्षमता 29.4 प्रतिशत होती है।

### 31 मई तक घटकर रही गई है 30 प्रतिशत क्षमता



सीडब्ल्यूसी बुलेटिन के अनुसार 16 मई से 31 मई के सप्ताह के लिए यह घटकर 5.864 बीसीएम (कुल क्षमता का 30 प्रतिशत) रह गई है। पिछले वर्ष इसी अवधि में जल भंडारण कुल क्षमता का 38 प्रतिशत था। वर्ष के इस समय सामान्य जल संग्रहण 31 प्रतिशत होता है।

### भारी बारिश से मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव

**इंफाल।** चक्रवात रेमल के प्रभाव से पिछले कुछ दिनों में हुई मूसलाधार बारिश के कारण मणिपुर के राजभवन परिसर में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इंफाल घाटी में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से तीन लोगों की मौत हो गई है,जबकि हजारों लोग प्रभावित हुए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंफाल नदी के तटबंध विभिन्न स्थानों पर टूटने के बाद राजभवन परिसर में पानी एकत्र हो गया। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों की तुलना में राजभवन की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। इस बीच, मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के प्रवक्ता निंगोम्बम बुपेंद्र ने 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा-राजभवन बाढ़ के पानी में डूब रहा है।

# योगी सबसे योग्य मुख्यमंत्री, उन्हें हटाने के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता : नड्डा

लखनऊ/नई दिल्ली, एजेंसी



- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने साक्षात्कार में की सीएम की तारीफ

तिहाड़ जेल से बेल पर छूटे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ पर दिए गए विवादित बयान पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने करारा जवाब दिया है। एक निजी टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में जेपी नड्डा ने कहा कि पूरे देश में योगी आदित्यनाथ जैसा मुख्यमंत्री कोई नहीं है। वह सबसे योग्य मुख्यमंत्री हैं। उनकी काबिलियत पर हर किसी को भरोसा है। उन्हें हटाने के बारे में कोई सोच भी नहीं सकता है।

साक्षात्कार के दौरान जब जेपी नड्डा से केजरीवाल के उस बयान के विषय में पूछा गया कि जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव के बाद सीएम योगी को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा देंगे तो इस पर जेपी नड्डा ने कहा कि सीएम योगी का काम पूरे देश में सबसे शानदार रहा है। उन्होंने जिस कुशलता के साथ प्रदेश की बागडोर संभाली है, वह उन्हें सबसे योग्य मुख्यमंत्री साबित करती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि उनके विषय में ऐसी बातें करने वाला व्यक्ति कोई अज्ञानी ही होगा। केजरीवाल पागल हो गए हैं। उनकी कुटिल चालों को देश की जनता अच्छी तरह समझती है।

## एक नजर

### भाजपा विधायक के बेटे के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**जूनागढ़।** गुजरात में भाजपा की विधायक गीताबा जडेजा के बेटे गणेश जडेजा और अन्य के खिलाफ एक स्थानीय एनएसयूआई नेता का अपहरण करने और उस पर हमला करने के आरोप में शुक्रवार को हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया-कांग्रेस से संबद्ध संगठन एनएसयूआई की जूनागढ़ इकाई के प्रमुख संजय सोलंकी चूंकि दलित हैं, इसलिए आरोपियों के खिलाफ जनजाति अधिनियम की धाराएं भी लगाई गई हैं।

### निमहांस को डब्ल्यूएचओ का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूएचओ ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है।

# ईडी को 7 जून तक पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भारतीय रेलवे में कथित तौर पर नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में 7 जून तक पूरक आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कथित घोटाले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके परिवार के कई सदस्य शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में कार्यवाही के दौरान कई बार ईडी से जांच पूरी होने के बारे में पूछा है। न्यायाधीश ने कहा कि ईडी के वकील ने बार-बार कहा है कि आगे की जांच अग्रिम चरण में है और जल्द ही पूरी होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि 12 अप्रैल को पारित अपने आदेश में अदालत ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर किसी भी शेष जांच के निष्कर्ष को अंतिम रूप देने का प्रयास करने का निर्देश दिया था। हालांकि, आज तक कोई और पूरक आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया। न्यायाधीश ने कहा-यह अदालत उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सांसदों/विधायकों से संबंधित सभी मामलों में तेजी लाने के लिए अधिकृत है। न्यायाधीश ने

### रेलवे में नौकरी के बदले जमीन का मामला



कहा कि सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप धनशोधन की कथित प्रकृति में परस्पर जुड़े तथ्यों और लेन-देन का एक समूह हैं, भले ही ये अब तक आगे बढ़ाए गए हों या नहीं। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 7 जून की तारीख तय करते हुए ईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि वह पूरक आरोप-पत्र अगली तारीख तक दाखिल करे। न्यायाधीश ने 29 मई को कथित घोटाले में अंतिम आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की खिंचाई की थी।

विशेष न्यायाधीश ने आरोप-पत्र दाखिल करने के लिए हर तारीख पर सीबीआई द्वारा अतिरिक्त वक्त मांगे जाने पर नाखुशी जताई थी। सीबीआई ने मार्च में तीन आरोपियों-अशोक कुमार, बबीता और भोला यादव के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र दाखिल किया था।

### दूसरे राज्य में किशोरियों की बिक्री के मुद्दे पर राजस्थान को नोटिस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राजस्थान की किशोरियों को दूसरे राज्यों में बेचने की शिकायतों के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मानवाधिकार आयोग ने राज्य सरकार को बालिकाओं की तस्करी और वेश्यावृत्ति के कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए राज्य स्तरीय मानव तस्करी विरोधी नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसे जिला मानव तस्करी विरोधी इकाइयों (डीएएचटीयू) के सहयोग के साथ मिलकर इस तरह के अपराधों को रोकने के लिये काम करने को कहा है।

### अदालत ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 3 जुलाई तक बढ़ा दी। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत समाप्त होने के बाद उन्हें जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया और विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उनकी रिमांड बढ़ा दी। न्यायाधीश ने ईडी से हाल में दायर आरोपपत्र की प्रति सिसोदिया और अन्य सह-आरोपियों को देने को भी कहा। न्यायाधीश ने मामले में इन आरोपियों के वकील को ईडी कार्यालय में दस्तावेज देखने के लिए एक महीने का समय दिया है।

### अदालत केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर आज करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत कथित आबकारी घोटाले से संबंधित एक धनशोधन मामले में चिकित्सा के आधार पर एक सप्ताह की अंतरिम जमानत के अनुरोध वाली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शनिवार को सुनवाई कर सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने 30 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को निर्देश दिया था कि वह एक जून तक केजरीवाल की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करे। उच्चतम न्यायालय की ओर से मंजूर की गयी अंतरिम जमानत की अवधि एक जून को ही समाप्त हो रही है। अदालत ने ईडी को इस मामले में केजरीवाल की नियमित जमानत याचिका पर सात जून तक जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मुंगेर में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जताई है।

# भाजपा हरियाणा-यूपी सरकारों से पानी उपलब्ध कराने को कहे

नई दिल्ली, एजेंसी

- अरविंद केजरीवाल ने आग्रह करते हुए कहा-यह राजनीति करने का समय नहीं है

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को भाजपा से आग्रह किया कि वह हरियाणा और उत्तर प्रदेश की अपनी सरकारों से राष्ट्रीय राजधानी को एक महीने तक पानी उपलब्ध कराने के लिए कहे। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजनीति करने का समय नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी गंभीर जल संकट का सामना कर रही है।

वहीं जल संसाधन मंत्री आतिशी ने हरियाणा पर दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाया है। आप सरकार के खिलाफ भाजपा द्वारा आज प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन का जिक्र



करते हुए उन्होंने कहा कि इससे समस्या का समाधान नहीं होगा। केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-मेरी सभी से हाथ जोड़ कर विनती है कि इस समय राजनीति करने की बजाय, आइए हम मिलकर राजधानी दिल्ली के लोगों को राहत दिलवाएं।

### केजरीवाल ने कहा, मेरे वृद्ध और बीमार माता पिता का ध्यान रखें

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे और एक भावनात्मक अपील में लोगों से कहा कि उनके जाने के बाद वे उनके वृद्ध और बीमार माता-पिता की देखभाल करें। केजरीवाल ने कहा-मैं रविवार को अपराह्न करीब तीन बजे आत्मसमर्पण करने के लिए अपने घर से निकलूंगा। हो सकता है कि इस बार वे मुझे और प्रताड़ित करें, लेकिन मैं झुकूंगा नहीं। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी अनुपस्थिति में भी उन्हें मिलने वाली सभी सुविधाएं जारी रहेंगी।

### दिल्ली सरकार ने पानी के लिए खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी के दौरान जल संकट से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी को अधिक पानी की आपूर्ति करने के लिए हरियाणा को निर्देश देने का अनुरोध करते हुए शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। आप नीत दिल्ली सरकार ने हरियाणा को हिमाचल से मिलने वाले अतिरिक्त जल को राष्ट्रीय राजधानी को देने की मांग की है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी की ओर से दायर याचिका में केंद्र, भाजपा शासित हरियाणा और कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश को पक्षकार बनाया गया है।

# विश्व कप



# होम रन नहीं, होगी चौके-छक्कों की बारिश

## अमेरिका पहुंचा क्रिकेट, आज से शुरू होगा टी-20 विश्व कप का महासमर, यूएसए और कनाडा के बीच होगा पहला मैच

न्यूयॉर्क, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के जरिए क्रिकेट का कारवां बेसबॉल के दीवाने देश अमेरिका में दस्तक देगा तो कई नए सितारे चमकेंगे तो कई बेनूर भी होंगे, कुछ प्रबल दावेदार होंगे तो कुछ छिपे रूस्तम निकलेंगे। आज से शुरू हो रहे ताबड़तोड़ क्रिकेट के इस महासमर में पहली बार 20 टीमें जोर आजमाइश करेंगी तो भव्यता देखने लायक होगी।

भारतीय टीम जहां पिछले काफी समय से आईसीसी खिताब नहीं जीत पाने का मलाल मिटाना चाहेगी तो ऑस्ट्रेलिया एक और खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में होगा। पाकिस्तान और वेस्टइंडीज का लक्ष्य सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का होगा। गत चैंपियन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की चुनौती भी कमतर नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के पास हेनरिच क्लासेन, डेविड मिलर, क्विंटोन डिकॉक और कैगिसो रबाडा जैसे मैच विनर हैं और इसका लक्ष्य चोकर्स का तमगा हटाने का होगा।

इस टूर्नामेंट के जरिए अमेरिका में क्रिकेट का पदार्पण होने जा रहा है जहां 29 दिन के भीतर 55 में से 16 मैच खेले जाएंगे। बाकी 39 मैच वेस्टइंडीज में होंगे जिनमें सुपर आठ चरण के मैच, सेमीफाइनल और फाइनल शामिल है। खिताब के प्रबल दावेदारों के अलावा अफगानिस्तान की चुनौती को भी कमतर नहीं आंका जा सकता जो अपना दिन होने पर कोई भी उलटफेर कर सकती है। जहां तक टीम इंडिया का सवाल है तो सबसे मजबूत टीमों में से एक होने के बावजूद यह 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार बतौर कप्तान रोहित की साख भी दाव पर है। रोहित से पहले विराट कोहली भी सबसे सफल टेस्ट कप्तान जरूर रहे लेकिन आईसीसी खिताब नहीं जीत सके।

पिछले 12 महीने में भारतीय टीम दो आईसीसी टूर्नामेंटों में उपविजेता रही और ऑस्ट्रेलिया के हाथों अपनी धरती पर पिछले साल एक दिवसीय विश्व कप का फाइनल हार गई। पिछले दो टी-20 विश्व कप में पुराने ढर्रे पर चलने का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा लेकिन इस बार वह गलती दोहराना नहीं चाहेगी। भारत को यहां तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ नौ जून को होने वाला चर्चित मुकाबला शामिल है। भारतीय टीम इसी मैदान पर एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगी जबकि उसको पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है।



फाइल फोटो

### अभ्यास मैचः वेस्टइंडीज ने 35 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** निकोलस पूरन (75), कप्तान रोवमन पॉवेल (52) और शरफेन रदरफोर्ड (47) रनों की तूफानी पारियों तथा उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया को 35 रनों से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट लिए 90 रनों की साझेदारी की। निकोलस पूरन ने 25 गेंद पर सर्वाधिक 75 रन और जॉनसन चार्ल्स ने 31 गेंदों में 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट पर 257 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 258 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने भी बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया लेकिन वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के विकेटों को गिराते हुए उनकी रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सकी और 35 रनों से मुकाबला हार गई।

## अभ्यास मैच आज, भारतीय टीम के पास खुद को परखने का मौका

**न्यूयॉर्क।** भारतीय टीम टी-20 विश्व कप में पांच जून को होने वाले अपने शुरुआती मुकाबले से पहले आज जब बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच के लिए मैदान पर उतरेगी तो उसके सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल प्रभावी योगदान देकर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे तो वहीं अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह का साथी बनने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विश्व कप के 13 साल के सूखे को खत्म करने के लिए टीम की सबसे बड़ी चुनौती सही संयोजन को ढूंढने की होगी। ऐसे में यह अभ्यास मैच काफी महत्वपूर्ण होगा। विराट कोहली इस मैच के शुरू होने से कुछ समय पहले अमेरिका पहुंचेंगे ऐसे उनके इस मैच को खेलने की संभावना कम है। भारतीय टीम बाकी के सभी 14 खिलाड़ियों को इस मैच में आजमाना चाहेगी क्योंकि इस मुकाबले को आधिकारिक मान्यता नहीं मिली है। यह सभी खिलाड़ियों के लिए लय परखने का अवसर होगा। कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दो ऐसे क्षेत्र है जहां विवेकपूर्ण निर्णय लेने की आवश्यकता होगी।



### हमें हालात को समझना होगा : रोहित

**न्यूयॉर्क।** नवनिर्मित नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की तारीफ करते हुए भारतीय कप्तान रोहित ने कहा कि पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले उनकी टीम को पिच और हालात के अनुकूल ढलना होगा। अभ्यास मैच इसलिए भी अहम है क्योंकि भारत के मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 10 .30 पर शुरू होंगे । रोहित ने कहा हम हालात को समझने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हम यहां पहले खेले नहीं हैं। हम कोशिश यही करेंगे कि पांच जून को पहले मैच से पूर्व हालात के अनुकूल ढल सकें।

### लामिछाने को अमेरिका ने नहीं दिया वीजा

**काठमांडू।** नेपाल के शीर्ष लेग स्पिनर संदीप लामिछाने टी-20 विश्व कप में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ने अमेरिका ने दूसरी बार उनके वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया। अमेरिका ने पिछले सप्ताह उनका वीजा आवेदन नामंजूर कर दिया था। इसके बाद नेपाल सरकार और नेपाल क्रिकेट संघ ने दोबारा आवेदन किया था। नेपाल क्रिकेट संघ ने बयान ने कहा आवश्यक पहल करने के बावजूद अमेरिकी दूतावास ने राष्ट्रीय खिलाड़ी लामिछाने को वीजा देने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है।

| ग्रुप ए |
|---|
| भारत |
| पाकिस्तान |
| आयरलैंड |
| कनाडा |
| यूएसए |
| **ग्रुप बी** |
| इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया |
| नामीबिया |
| स्कॉटलैंड |
| ओमान |
| **ग्रुप सी** |
| न्यूजीलैंड |
| वेस्टइंडीज |
| अफगानिस्तान |
| युगांडा |
| पापुआ न्यू गिनी |
| **ग्रुप डी** |
| दक्षिण अफ्रीका |
| श्रीलंका |
| बांग्लादेश |
| नीदरलैंड |
| नेपाल |

### टी-20 विश्व कप का कार्यक्रम

| दिनांक | मुकाबले | शहर |
|---|---|---|
| 1 जून | यूएसए बनाम कनाडा | डलास |
| 2 जून | वेस्ट इंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी | गुयाना |
| | नामीबिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 3 जून | श्रीलंका बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | अफगानिस्तान बनाम युगांडा | गुयाना |
| 4 जून | इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| | नीदरलैंड बनाम नेपाल | डलास |
| 5 जून | **भारत बनाम आयरलैंड** | **न्यूयॉर्क** |
| | पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा | गुयाना |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान | बारबाडोस |
| 6 जून | यूएसए बनाम पाकिस्तान | डलास |
| | नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड | बारबाडोस |
| 7 जून | कनाडा बनाम आयरलैंड | न्यूयॉर्क |
| | न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान | गुयाना |
| | श्रीलंका बनाम बांग्लादेश | डलास |
| 8 जून | नीदरलैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका | न्यूयॉर्क |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड | बारबाडोस |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम युगांडा | गुयाना |
| 9 जून | **भारत बनाम पाकिस्तान** | **न्यूयॉर्क** |
| | ओमान बनाम स्कॉटलैंड | एंटीगुआ |
| 10 जून | दक्षिण अफ्रीका बनाम बांग्लादेश | न्यूयॉर्क |
| 11 जून | पाकिस्तान बनाम कनाडा | न्यूयॉर्क |
| | श्रीलंका बनाम नेपाल | फ्लोरिडा |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया | एंटीगुआ |
| 12 जून | **यूएसए बनाम भारत** | **न्यूयॉर्क** |
| | वेस्ट इंडीज़ बनाम न्यूज़ीलैंड | त्रिनिदाद |
| 13 जून | इंग्लैंड बनाम ओमान | एंटीगुआ |
| | बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड | सेंट विंसेंट |
| | अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| 14 जून | यूएसए बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | दक्षिण अफ्रीका बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | न्यूज़ीलैंड बनाम युगांडा | त्रिनिदाद |
| 15 जून | **भारत बनाम कनाडा** | **फ्लोरिडा** |
| | नामीबिया बनाम इंग्लैंड | एंटीगुआ |
| | ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड | सेंट लूसिया |
| 16 जून | पाकिस्तान बनाम आयरलैंड | फ्लोरिडा |
| | बांग्लादेश बनाम नेपाल | सेंट विंसेंट |
| | श्रीलंका बनाम नीदरलैंड | सेंट लूसिया |
| 17 जून | न्यूज़ीलैंड बनाम पापुआ न्यू गिनी | त्रिनिदाद |
| | वेस्ट इंडीज बनाम अफगानिस्तान | सेंट लूसिया |
| 19 जून | ए2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| | बी1 बनाम सी2 | सेंट लूसिया |
| 20 जून | सी1 बनाम ए1 | बारबाडोस |
| | बी2 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| 21 जून | बी1 बनाम डी1 | सेंट लूसिया |
| | ए2 बनाम सी2 | बारबाडोस |
| 22 जून | ए1 बनाम डी2 | एंटीगुआ |
| | सी1 बनाम बी2 | सेंट विंसेंट |
| 23 जून | ए2 बनाम बी1 | बारबाडोस |
| | सी2 बनाम डी1 | एंटीगुआ |
| 24 जून | बी2 बनाम ए1 | सेंट लूसिया |
| | सी1 बनाम डी2 | सेंट विंसेंट |
| 26 जून | **सेमीफाइनल-1** | गुयाना |
| 27 जून | **सेमीफाइनल-2** | त्रिनिदाद |
| 29 जून | **फाइनल** | **बारबाडोस** |

## इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराया



ओवल, एजेंसी

फिल सॉल्ट (45) और कप्तान जॉस बटलर (39) रनों की शानदार परियों तथा गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने आखिरी टी-20 में पाकिस्तान को सात विकेट से हराकर चार मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली है।

सीरीज के दो मैच बारिश की वजह से रद्द हो गए थे। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के कप्तान बाबर और रिजवान की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत की, लेकिन पाकिस्तान की पारी 19.5 ओवर में 157 रन पर सिमट गई। 158 रन के जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बटलर और फिल सॉल्ट ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 6.2 ओवर में 82 रन जोड़ डाले। जॉनी बेयरस्टो (28) और हैरी ब्रूक (17) रन बनाकर कर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 15.3 ओवर में 158 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# फ्रेंच ओपन में बरसात, हार से भीगे दिग्गज

- 17 वर्ष की मीरा एंड्रीवा ने विक्टोरिया अजारेंका को हराया
- रूबलेव उलटफेर का शिकार चौथे दौर में पहुंची कोको गॉफ
- गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स ने डारिया कसाटकिना को दी मात

पेरिस, एजेंसी

छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रूबलेव को शुक्रवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में माटियो अर्नाल्डी से हारकर उलटफेर का सामना करना पड़ा जबकि महिलाओं के वर्ग में मौजूदा अमेरिकी ओपन चैम्पियन कोको गॉफ ने चौथे दौर में प्रवेश किया।

रूबलेव को 35वीं रैंकिंग पर काबिज अर्नाल्डी से 7-6 (6), 6-2, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें उन्होंने 37 'अनफोर्स्ड' और चार डबल फॉल्ट किये। रूबलेव को अब अगले दौर में अर्नाल्डी का सामना स्टेफानोस सिटसिपास और झिनझेन झांग के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ना है। यानिक सिनर ने पावेल कोतोव को शिकस्त दी। महिलाओं के वर्ग में गॉफ ने डायना यास्त्रेमस्का को 38 'अनफोर्स्ड' गलतियां करने पर मजबूर किया और 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। बारिश के कारण देर रात तक चले टूर्नामेंट के मैचों में कई उलटफेर देखने को मिले कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा। जिसमें अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त पीटन स्टर्न्स की 10वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना पर जीत भी शामिल है। इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो (51 रैंकिंग) ने लियूडमिला सैमसोनोवा (17 रैंकिंग) पर 7-6, 6-2 की जीत से एक और उलटफेर किया। अब कोसियारेटो की भिड़ंत गॉफ से होगी। बारिश के कारण लगातार तीसरे दिन खेल प्रभावित रहा। शुक्रवार को अभी तक दो बार खेल रोका जा चुका है।

वहीं स्टर्न्स को अपनी बारी के लिए पूरे दिन इंतजार करना पड़ा लेकिन यह मैच जब बीती रात नौ बजे के बाद शुरू हुआ तो इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 17 फोरहैंड विनर्स लगाकर कसाटकिना को 7-5, 6-2 से हराया। रूस की 17 वर्ष की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और यहां 19वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्टर्न्स से होगा। वह पहली बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचेगी।



आंद्रे रुबलेव के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाते इटली के माटेओ अर्नाल्डी।



यूक्रेन की दयाना यास्त्रेमस्का के खिलाफ शॉट खेलती अमेरिका की कोको गौफ।

## खेल डायरी

### नीरज को यूरोप में दो माह की ट्रेनिंग की मिली मंजूरी



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए यूरोप में 60 दिन की ट्रेनिंग लेने की योजना को मंजूरी दे दी जिसमें उनके साथ कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज और फिजियो ईशान मारवाह भी होंगे। खेल मंत्रालय की मिशन ओलंपिक इकाई (एमओसी) ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट के हंगरी में 10 से 21 जून तक होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ट्रेनिंग शिविर में स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच वेन पैट्रिक लोम्बार्ड को शामिल करने का प्रस्ताव भी स्वीकार कर लिया। वह 29 मई से 28 जुलाई तक यूरोप में अलग अलग स्थानों पर ट्रेनिंग करेंगे। वहीं, पहलवान विनेश छह से नौ जून तक बुडापेस्ट में यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग की दूसरी रैंकिंग सीरीज पोलयाक इमरे एवं वरगा जानोस मेमोरियल में हिस्सा लेंगी। इनके साथ ही एमओसी ने लंबी कूद एथलीट शैली सिंह के यूरोप में ट्रेनिंग शिविर को 23 जून तक बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

### अदिति अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में संयुक्त 35वें स्थान पर

**लैंकेस्टर (पेंसिल्वेनिया)।** मेजर टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कवायद में लगी भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने अमेरिकी महिला ओपन के पहले दौर में तीन ओवर 73 का कार्ड खेला। अदिति पहले दौर के बाद संयुक्त 35वें स्थान पर हैं। पहले दौर में केवल चार खिलाड़ियों ने अंडर पार का स्कोर बनाया। जापान की युका सासो पहले दौर के बाद दो शॉट की बढ़त पर हैं। उनके बाद एमेच्योर एडेला सेर्नौसेक, थाईलैंड की विचानी मीचाई और एंड्रिया ली का नंबर आता है जिन्होंने एक अंडर 69 का स्कोर बनाया। इस भारतीय खिलाड़ी ने अपने दूसरे नौ होल में दूसरे और नौवें होल में बोगी और इस बीच पार चार वाले चौथे होल में डबल बोगी की।

### विश्व जूनियर चैंपियनशिप में प्रणव और दिव्या करेंगे भारत की अगुवाई

**गांधीनगर।** अमेरिका का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर अभिमन्यु मिश्रा, भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद और अंतर्राष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख शनिवार को यहां शुरू होने वाली फिडे विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब के बड़े दावेदार होंगे। चौदह जून तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 46 देशों के 230 खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें कई ग्रैंडमास्टर है। गुजरात राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्देश्य खेल को बढ़ावा देना और युवा प्रतिभाओं को अपनी चमक बिखरने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। सचिव देव पटेल ने कहा यह आयोजन केवल दुनिया भर के युवा शतरंज खिलाड़ियों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शन का मौका देगा।

### आईबीए से अलग हुआ भारत, विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिए विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिए जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं। वान डेर वोर्स्ट ने कहा अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढ़ेगी।



# सेमीफाइनल में पहुंचीं त्रिशा-गायत्री

**सिंगापुर ओपन**

कल्लांग, एजेंसी

त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी शुक्रवार को दक्षिण कोरिया की कित सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट में आज यहां भारतीय जोड़ी ने दक्षिण कोरिया की किम सो यंग और कोंग ही योंग की जोड़ी को 79 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 18-21, 21-19, 24-22 से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय महिला युगल की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कोरिया की किम-कोंग की जोड़ी ने पहले गेम में बढ़त के साथ त्रिशा-गायत्री की जोड़ी पर दबाव बनाया। इसके बाद कोरियाई जोड़ी ने बढ़त के साथ पहले गेम में अपनी पकड़ मजबूत की। मैच के दूसरे गेम में कांटे की टक्कर देखने को मिली। इस गेम में काफी उतार चढ़ाव देखा गया पहले भारतीय जोड़ी ने 7-3 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों 19-19 की बराबरी पर पहुंचा कर मैच में वापसी की। तीसरे और निर्णायक गेम में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली। मैच का सबसे रोमांचक पल तब आया जब दोनों टीम 20-20 की बराबरी पर पहुंच गई। फिर खेल 22-22 तक पहुंच गया लेकिन अंत में भारतीय खिलाड़ियों ने लगातार दो अंक हासिल करके गेम को 24-22 से अपने नाम करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



## क्वालीफायर्स के क्वार्टर फाइनल में हारीं अंकुशिता

**बैंकॉक।** अंकुशिता बोरो की विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर्स में स्वीडन की एग्नेस एलेक्सियसन से 2-3 से हार के साथ ही भारत की महिलाओं के 60 किग्रा भार वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने की उम्मीदें भी समाप्त हो गई।

भारत की 23 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी स्वीडिश प्रतिद्वंदी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन यूरोपीय खेलों की पूर्व पदक विजेता खिलाड़ी ने अपने अनुभव के दम पर बोरो को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने अच्छी शुरुआत की लेकिन वह इसे बरकरार नहीं रख पाई। अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) और अमित पंघाल (51 किग्रा) को भी आज अपने मुकाबले खेलने हैं।

# पेरिस ओलंपिक में निशांत देव ने पक्का किया स्थान

- क्वार्टर फाइनल में निशांत ने मोल्दोवा के सेबोटारी को हराया
- निकहत, प्रीत पवार और लवलीना पहले ही कर चुकी हैं टिकट पक्का

बैंकॉक, एजेंसी

निशांत देव (71 किग्रा) मुक्केबाजी ओलंपिक क्वालीफायर्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर पेरिस में होने वाले खेलों का कोटा हासिल करने वाले पहले भारतीय पुरुष मुक्केबाज बन गए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता और पिछले क्वालीफायर्स में मामूली अंतर से ओलंपिक का टिकट कटाने से चुके निशांत ने क्वार्टर फाइनल में मोल्दोवा के वासिल सेबोटारी को 5-0 से हराकर कोटा हासिल किया।

भारत ने इस तरह से मुक्केबाजी में ओलंपिक के लिए चौथा कोटा स्थान हासिल किया। निशांत से पहले महिला मुक्केबाज निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीत पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पेरिस के लिए अपना टिकट पक्का कर चुकी हैं। पुरुषों के 71 किग्रा भार वर्ग में पांच कोटा स्थान दांव पर लगे थे और इस तरह से निशांत ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पेरिस ओलंपिक में अपना स्थान पक्का किया। टूर्नामेंट में अभी तक अपना दबदबा बनाए रखने वाले निशांत ने फिर से आक्रामक शुरुआत की और शुरू से ही दनादन मुक्के जड़कर अपने प्रतिद्वंद्वी को पस्त कर दिया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# चेन्नई में मां का दूध बेचने वाली दुकान की गई सील

चेन्नई, एजेंसी



- 500 रुपये में बेची जा रही थी 50 मिलीलीटर वाली दूध की बोतल
- दुकान मालिक प्रोटीन पाउडर के लाइसेंस पर बेच रहा था मां का दूध

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के माधवरम में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मां के दूध की बिक्री करने के आरोप में प्रोटीन पाउडर की एक दुकान को सील कर दिया।

अधिकारी के मुताबिक दुकान के मालिक ने प्रोटीन पाउडर बेचने का लाइसेंस लिया था, लेकिन वह मां का दूध बेच रहा था। इस दुकान से 500 रुपये में 50 मिलीलीटर मां के दूध वाली बोतल बेची जा रही थी। छापेमारी में दुकान से मां के दूध से भरी 50 बोतलें मिलीं। पिछले सप्ताह केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि माधवरम में मां का दूध बेचने के लिए स्टॉक किया गया है। अधिकारी ने कहा कि हमें बोतलों में बंद मां का दूध मिला। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। छापेमारी के दौरान मां के दूध का दान करने वालों के मोबाइल फोन नंबर मिले। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि हमने दुकान सील कर दिया है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की। यह पहला मौका है जब चेन्नई में मां का दूध बेचा जा रहा है और यह घटना कर्नाटक में मां के दूध की बिक्री पर लगे प्रतिबंध के बाद हुई है। देश के खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 24 मई को जारी एक परामर्श में मां के दूध के अनधिकृत व्यावसायीकरण के खिलाफ चेतावनी दी थी। दुकान के मालिक ने बताया कि वह सेवा भावना से माताओं का दूध खरीद रहा है।

## कंसास से चुनाव लड़ रहे भारतीय मूल के अमेरिकी डाक्टर रेड्डी



**वाशिंगटन।** भारत में जन्मे अमेरिकी चिकित्सक डॉ. प्रशांत रेड्डी रिपब्लिकन पार्टी से कंसास के तीसरे कांग्रेसशल जिले से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा का चुनाव लड़ रहे हैं।

डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता शैरिस डेविड्स वर्तमान में इस सीट से सांसद हैं। डेविड्स 2018 से तीन बार निर्वाचित हुए हैं। कंसास में छह अगस्त को प्राइमरी चुनाव होगा। चेन्नई में जन्मे रेड्डी को माइक जॉनसन सहित रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का समर्थन है। डॉ. रेड्डी ने कहा कि एक प्रवासी के रूप में मैंने अमेरिका सपने को जिया है और उस देश के लिए योगदान देने की जीवनपर्यंत कोशिश की है जिसने मुझे सब कुछ दिया है। चेन्नई में जन्मे डॉ. रेड्डी का परिवार जब कंसास आकर बसा था, तब उनकी आयु पांच साल थी।

# ठगों के निशाने पर तो नहीं आपकी यात्रा...

*इस समय घूमने का मौसम चल रहा है और लोग योजना बनाने में लगे हैं लेकिन कुछ सावधानी बरतें नहीं तो आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। साइबर ठग आजकल कई तरह प्रलोभन देकर पहले आपकी सफल और सुरक्षित यात्रा का दावा करते हैं और फिर आपके बैंक खाते पर डाका डाल लेते हैं। यात्रा, होटल, वाहन आदि के टिकट ऑनलाइन बुक करने से पहले जांच लें, आप घूम तो पाएंगे नहीं बल्कि मजा और किरकिरा हो जाएगा। कुछ लोगों को तो मौके पर पहुंचने के बाद अपने साथ हुई ठगी का पता चलता है। इससे बचने के लिए आइये जानते है क्या करें और अपने घूमने की योजना को कैसे सुखद बनाए....*



### ठगों के पास हैं कई तरीके

- **फेक टिकटिंग वेबसाइट्स :** अपराधी नकली टिकटिंग वेबसाइट्स बनाते हैं। यात्री जब इन वेबसाइट्स से टिकट खरीदते हैं तो वे अक्सर नकली टिकट प्राप्त करते हैं या पूरी कीमत देने के बाद उनको टिकट नहीं मिलते हैं।
- **फिशिंग अटैक :** फिशिंग ईमेल या मैसेज से, अपराधी नकली बुकिंग साइट्स के लिंक्स भेज सकते हैं। यात्री जब इन पर क्लिक करते हैं, तो नकली वेबसाइट्स पर चले जाते हैं जहां उनकी व्यक्तिगत जानकारी मांगी जाती है।
- **डीप डिस्काउंट ऑफर्स :** अपराधी नकली वेबसाइट्स या एप के माध्यम से डीप डिस्काउंट ऑफर्स का दावा करते हैं। यात्री जब इनका लाभ उठाते हैं, तो उन्हें नकली टिकट मिलते है और पैसा अपराधियों के पास ही जाता है।



### जरूरी हैं यह सावधानी

- बुकिंग के लिए हमेशा विश्वसनीय और आधिकारिक वेबसाइटों का ही उपयोग करें। बुकिंग साइट की यूआरएल में https:// और लॉक आइकन देखें, जो सुरक्षित कनेक्शन को दर्शाता है।
- बुकिंग से पहले वेबसाइट या सेवा की रिव्यू और रेटिंग की जांच करें और विश्वसनीय स्रोतों पर ध्यान दें। सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफार्मों पर लोगों के अनुभव पढ़ें।
- हमेशा सुरक्षित और ट्रैक योग्य भुगतान विधियों का उपयोग करें। नकद भुगतान, बैंक ट्रांसफर या अन्य विधियों से बचें।
- अनजान ईमेल या मैसेज की बजाय वेबसाइट पर जाकर लॉगिन करें और बुकिंग करें। अनधिकृत ऑफर और डिस्काउंट से सतर्क रहें।
- अगर कोई ऑफर या डिस्काउंट ज्यादा आकर्षक लगता है तो उसकी जांच करें।
- कंप्यूटर और मोबाइल फोन में हमेशा सिक्योरिटी सॉफ्टवेयर इंस्टॉल रखें और इसे नियमित अपडेट करते रहें।
- अपनी यात्रा की योजनाओं और बुकिंग की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें। इससे आपकी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रहेगी।
- बुकिंग के बाद इसकी पुष्टि और भुगतान रसीद की जांच करें। यदि आपको संदेह है तो सीधे सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

## एक नजर

### मिनियापोलिस में गोलीबारी बंदूकधारी समेत 3 की मौत

**मिनियापोलिस (अमेरिका)।** अमेरिका के मिनियापोलिस में एक अपार्टमेंट परिसर में गोलीबारी की घटना में संदिग्ध बंदूकधारी सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। दक्षिण मिनियापोलिस में हुई गोलीबारी में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हुए हैं। अभी इस मामले में विस्तार से जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि गोलीबारी में दो अधिकारियों के अलावा चार आम नागरिक भी घायल हुए हैं।

### स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री फिको की अस्पताल से छुट्टी

**ब्रातीस्लावा।** स्लोवाकिया के लोकप्रिय प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। कुछ दिन पहले एक कार्यक्रम के दौरान एक हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बैंस्का बिस्ट्रिका शहर के अस्पताल की निदेशक मिरियम लापुनिकोवा ने शुक्रवार को बताया कि प्रधानमंत्री फिको को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके घर ले जाया गया है। फिको का अब उनके घर में ही इलाज चलेगा। वह राजधानी ब्रातीस्लावा में रहते हैं। लापुनिकोवा ने बयान में फिको को एक अनुशासित मरीज बताया और उनके जल्द से जल्द ठीक होने की कामना की।

### झूठ बोलने पर केस का सामना करेंगे प्रीतम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के नेता प्रतिपक्ष और वर्कर्स पार्टी के प्रमुख प्रीतम सिंह संसद की विशेषाधिकार समिति के समक्ष झूठ बोलने को लेकर लगाए गए दो आरोपों के सिलसिले में मुकदमे का सामना करने वाले हैं। मीडिया में आई एक खबर यह जानकारी दी गई है। खबर के मुताबिक, प्रीतम सिंह पर पूर्व साथी सांसद रईसा खान के मामले को लेकर झूठ बोलने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, शुक्रवार सुबह हुई सुनवाई पूर्व बैठक में, उप प्रधान जिला न्यायाधीश ल्यूक तैन के समक्ष उनके लिए 16 दिन की सुनवाई निर्धारित की गई।

### हूती विद्रोहियों के 13 ठिकानों पर अमेरिका, ब्रिटेन का हमला

**वाशिंगटन।** लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल में हूती विद्रोहियों के हमलों में वृद्धि के जवाब में अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में ईरान समर्थित विद्रोही समूह के 13 ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के तीन अधिकारियों के मुताबिक अमेरिका एवं ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत ठिकानों, मिसाइल दागने वाले स्थलों, हूती विद्रोहियों के कब्जे वाले स्थल, एक हूती जहाज और अन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

# रूस से रक्षा को हमारे दिए हथियार का प्रयोग करेगा यूक्रेन : जर्मनी

## यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार

कीव, एजेंसी

जर्मनी की सरकार ने कहा है कि यूक्रेन रूसी सीमा पर स्थित स्थानों से होने वाले हमलों के खिलाफ उसकी ओर से भेजे गए हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। सरकार ने कहा कि जर्मनी के करीबी देशों और यूक्रेन के साथ चर्चा करते हुए वह युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर निरंतर सहयोग प्रदान कर रही है।

सरकार के दिए गए बयान के अनुसार हाल ही में रूस ने खारकीव क्षेत्र, विशेष रूप से सीमा के निकट स्थित ठिकानों से हमले किए हैं। हमारा मानना है कि यूक्रेन को अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत इन हमलों से खुद को बचाने का अधिकार है। बयान में कहा कि इसके लिए, वह अपनी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी प्रतिबद्धताओं के अनुसार, हमारी ओर से दिए गए हथियारों का भी इस्तेमाल कर सकता है।

यूक्रेन अमरीका के नेतृत्व में अपने समर्थकों पर दबाव डाल रहा है कि वह रूस के खिलाफ उन्हें लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करने की अनुमति दें। वहीं रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी यूक्रेन की मदद करने और हथियार मुहैया करने वाले देशों को चेतावनी दी थी कि युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने वाले देशों को इसका परिणाम गंभीर परिणाम भुगतना हो गया। रूस 24 फरवरी, 2022 से यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान चला रहा है।



- रूस ने खारकीव क्षेत्र, सीमा के निकट स्थित ठिकानों से किए हैं हमले

### ईयू ने रूस को समर्थन देने के लिए नए प्रतिबंध लगाए

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने बैलिस्टिक और परमाणु मिसाइलों के विकास के निरंतर प्रयासों तथा रूस को समर्थन देने के कारण उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईयू ने कहा कि यात्रा और संपत्ति संबंधी इन पाबंदियों से नौ और लोग तथा संस्थान प्रभावित होंगे। इस संगठन ने उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल परीक्षणों पर संयुक्त राष्ट्र की पाबंदियों पर 2006 में इस पर पाबंदियां लगाना शुरू किया था।

### जर्मनी पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी 2026 से करेगा पूरी

**बर्लिन।** जर्मनी सतह से हवा में मार करने वाली पैट्रियट मिसाइल प्रणालियों की कमी को 2026 से पूरा करना शुरू कर देगा। जर्मनी ने यूक्रेन को ये मिसाइल प्रणाली भेजी हैं और आगे भी इनकी आपूर्ति करते रहने का वादा किया है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने वायु रक्षा सैनिकों के निरीक्षण के दौरान कहा कि अप्रैल के मध्य में, हमने यूक्रेन को तीसरा पैट्रियट सिस्टम भेजने का फैसला किया। यह जानते हुए कि हम अपनी पैट्रियट क्षमता का एक चौथाई हिस्सा दे देंगे, लेकिन यह सही और आवश्यक है। इससे हमारे अपने भंडार में कमी क्यों न आ जाए? उन्होंने कहा कि कुछ सप्ताह पहले मंत्रालय ने जर्मन सैन्य बल 'बुंडेसवेहर' को चार प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक नये अनुबंध पर हस्ताक्षर किये, जिसमें 2028 से चार और प्रणालियों की आपूर्ति के लिए एक रूपरेखा समझौता भी तैयार किया जा रहा है। पिस्टोरियस ने कहा कि इस प्रकार, जब 2026 से डिलीवरी शुरू होगी, हम धीरे-धीरे स्टॉक की भरपाई कर लेंगे।

## सैन फ्रांसिस्को के लिए एयर इंडिया के विमान ने 30 घंटे बाद भरी उड़ान

**नई दिल्ली।** सैन फ्रांसिस्को जाने वाली एयर इंडिया के विमान के 200 से अधिक यात्रियों को दिल्ली हवाई अड्डे पर परेशानी हुई। तकनीकी खराबी, वातानुकूलन के काम न करने और पेलोड संबंधी समस्याओं के कारण उड़ान ने 30 घंटे से अधिक समय की देरी के बाद उड़ान भरी।

सूत्रों के अनुसार गुरुवार शाम में कई बार विमान के समय में बदलाव किया गया, जिससे बुजुर्ग और बच्चे सहित सभी यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। रात 9:55 बजे विमान संख्या एआई 1183 ने उड़ान भरी। सूत्रों ने बताया कि विमान में 200 से अधिक यात्री सवार थे, लेकिन इनमें से 21 यात्री शुक्रवार रात को विमान से उतर गए थे। चूंकि सैन फ्रांसिस्को में रात में विमान उतारने पर प्रतिबंध है, इसलिए एयर इंडिया के अधिकारियों ने वहां विमान उतारने के लिए आवश्यक अनुमति ली है। विमान को दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जाने में 16 घंटे का समय लगेगा और जब तक यह अमेरिकी में उतरेगा तब तक वहां रात होगी। सैन फ्रांसिस्को जाने वाले विमान को गुरुवार दोपहर बाद 3:30 बजे उड़ान भरनी थी, लेकिन इसे 6 घंटे की देरी के बाद शुक्रवार के लिए पुनर्निर्धारित किया गया।

## पुणे कार दुर्घटना

# पुलिस को नाबालिग से पूछताछ की किशोर बोर्ड ने दी अनुमति

पुणे, एजेंसी

किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने पुलिस को पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल नाबालिग से पूछताछ करने की शुक्रवार को अनुमति दे दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस हादसे में दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई थी।

पुलिस ने जेजेबी को पत्र लिखकर 17 वर्षीय किशोर के खिलाफ जांच की अनुमति मांगी थी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शैलेश बलकवडे ने कहा कि जेजे बोर्ड के समक्ष सुनवाई हुई और उसने हमारी याचिका स्वीकार कर ली। पुलिस का दावा है कि पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को हादसे के वक्त पोर्श कार को 17 वर्षीय लड़का नशे की हालत में चला रहा था। किशोर न्याय अधिनियम के मुताबिक, किसी नाबालिग से पूछताछ उसके माता-पिता की उपस्थिति में की जाएगी।

किशोर न्याय बोर्ड ने दुर्घटना के कुछ घंटों बाद रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल के बेटे एवं इस मामले के आरोपी किशोर को जमानत दे दी थी और उसे सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखने को कहा था। आलोचना के बाद पुलिस ने बोर्ड में पुनरीक्षण याचिका दायर की जिस पर बोर्ड ने आदेश में संशोधन करते हुए आरोपी को पांच जून तक सुधार गृह में भेज दिया था।



### बिल्डर अग्रवाल और उनके पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**मुंबई।** पुणे की अदालत ने नाबालिग के तेज रफ्तार लक्जरी कार से टक्कर मारकर दो लोगों की जान लेने से संबंधित मामले में शुक्रवार को उसके पिता विशाल अग्रवाल और दादा सुरेंद्रकुमार बी. अग्रवाल को उनके ड्राइवर को कथित तौर पर धमकाने और उसका अपहरण करने तथा अन्य आरोपों में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नाबालिग वर्तमान में सुधार गृह में हिरासत में है। वहीं पुणे पुलिस ने कथित तौर पर रक्त के नमूनों की अदला-बदली किए जाने के मामले में किशोर के पिता की हिरासत के लिए आवेदन दाखिल किया है। नाबालिग का पिता ससून जनरल अस्पताल के दो चिकित्सकों के साथ रक्त नमूनों की अदला-बदली के मामले में आरोपी है। अपराध शाखा के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने नाबालिग के पिता को यरवदा केंद्रीय कारागार से पेशी वारंट पर हिरासत में लेने का आवेदन किया है, जहां उसे आज न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद रखा गया है।

# ट्रंप के दोषी ठहराए जाने पर बाइडेन टीम ने कहा- कोई कानून से ऊपर नहीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- अमेरिका में पहली बार किसी पूर्व राष्ट्रपति को अपराधिक मुकदमें में ठहराया गया दोषी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी के सभी मामलों में दोषी ठहराया गया है। फैसले के बाद राष्ट्रपति बाईडेन की टीम ने कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। यह पहला मौका है जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया है। ट्रंप को 11 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी। विशेषज्ञों ने बताया कि 10 मामलों में जुर्माना होना संभावित है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने ट्रंप से न्याय प्रणाली का सम्मान करने और न्यायाधीश के फैसले पर अनुचित व्यवहार न दिखाने का आग्रह किया है। बाइडन ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप को बचाव का अवसर दिया गया 12 जूरी सदस्यों ने फैसले पर सुनवाई की है। इस जूरी ने भी वही तरीका चुना है जो अमेरिका में हर जूरी ने चुना है।

### ट्रंप ने मुकदमे को धांधलीपूर्ण बताया



पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आपराधिक मुकदमे में न्यायाधीश पर हमला करते हुए और न्यूयॉर्क की आपराधिक न्याय प्रणाली की आलोचना करते हुए शुक्रवार को दोषसिद्धि को अपने व्हाइट हाउस पहुंचने के प्रयास में बाधा नहीं, बल्कि ईंधन के रूप में पेश करने का प्रयास किया। मैनहट्टन में ट्रंप ने कोर्ट के फैसले को राजनीति से प्रेरित बताया और आरोपों को कमतर करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह हश मनी नहीं है। गोपनीय समझौता था, ये कानूनी और सामान्य है। उनके साथ बेटे एरिक और पुत्रवधू लारा थीं लेकिन उनकी पत्नी मेलानिया नहीं थीं जो फैसला आने के बाद से कुछ नहीं बोलीं।

## दिल्ली के अस्पताल में आग से झुलसी बच्ची की इलाज के दौरान मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के शिशु अस्पताल में आग लगने के बाद बचाई गई 50 दिन की बच्ची की शुक्रवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 50 दिन की बच्ची का इलाज किया जा रहा था। शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच शुरू कर दी गई है। बच्ची के परिवार के एक सदस्य ने भी मौत की पुष्टि की है। परिवार के एक सदस्य ने कहा, चिकित्सकों ने शुक्रवार सुबह हमें उसकी मौत के बारे में बताया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब बच्ची को अस्पताल से निकाला गया तब उसके जलने का कोई घाव नहीं था। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर न्यू बॉर्न हॉस्पिटल में 26 मई को आग लगने की घटना में छह नवजात शिशुओं की मौत हो गई थी और पांच बच्चे घायल हो गए थे।

## भारतीय-अमेरिकी छात्र ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी का जीता खिताब

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में फ्लोरिडा के सातवीं कक्षा के भारतीय-अमेरिकी छात्र बृहत सोमा ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी के टाईब्रेकर में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर यह खिताब जीता। इस प्रतियोगिता में छोटे नस्ली समूह के बच्चों का दबदबा कायम रखा।

बृहत को स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी में विजयी हुए और 50,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक नकद एवं अन्य पुरस्कार जीते। इस बार प्रतियोगिता टाईब्रेकर तक पहुंची, जिसमें बृहत ने 90 सेकंड में 29 शब्दों का सही उच्चारण कर फैजान जकी को हराया। फैजान लाइटनिंग राउंड में 20 शब्दों का सही उच्चारण कर पाए। बृहत का चैंपियनशिप शब्द एब्सिल था, जिसे पर्वतारोहण के दौरान ऊपर एक आगे निकले हुए हिस्से पर रस्सी के सहारे उतरने के रूप में परिभाषित किया गया है। टाईब्रेकर में बृहत पहले स्थान पर रहे। आयोजकों ने कहा कि बृहत की शब्दों पर अदभुत पकड़ है। यह लड़का एक भी शब्द नहीं चूका और स्क्रिप्स कप घर ले जा रहा है।



- बृहत सोमा ने 50,000 डॉलर से अधिक नकद पुरस्कार जीते

## पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज जाएंगे चीन

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मंगलवार को चीन की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से वार्ता करेंगे। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक खाका तैयार किया जाएगा। ये दोनों देश अरबों डॉलर के चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को इस्लामाबाद में कहा कि शरीफ राष्ट्रपति चिनफिंग के निमंत्रण पर 4 से 8 जून तक चीन में रहेंगे। इसका उद्देश्य सीपीईसी परियोजना के तहत सहयोग बढ़ाना है, क्योंकि दोनों पक्ष परियोजना के दूसरे चरण को शुरू करने के लिए तत्पर हैं।

# 50 लोगों और 150 बंदरों की लू से मौत

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** प्रचंड गर्मी से संयुक्त राज्य अमेरिका के मैक्सिको में 50 लोगों की मौत हो गई है और 150 बंदर लू से जान गवां बैठे हैं। मैक्सिको में मई माह में तापमान ने सारे रिकार्ड तोड़ डाले हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक मैक्सिको में हीट डोम बनने से तापमान में भारी उछाल आया है।

भीषण गर्मी भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों को झुलसा रही है। उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में गर्मी पड़ना स्वाभाविक है, लेकिन ठंडी जलवायु वाले शीतोष्ण प्रदेशों में भी तापमान पैर पसारने लगा है। इन क्षेत्रों में मई माह में तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर जाने लगा है। ग्लोबल वार्मिंग इसकी मुख्य वजह है, जिसकी बढ़ोतरी में वायु प्रदूषण अहम भूमिका निभा रहा है और जलवायु में तेजी से परिवर्तन आ रहा है, जिससे पश्चिमी देशों में बवंडर की संख्या बढ़ रही है और भारत जैसे एशियाई देशों में तूफानों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह आपदा आने वाले सालों और अधिक विकराल रूप धारण करेगी। वर्तमान में तेजी से बढ़ता तापमान यही संकेत दे रहा है। मैक्सिको एसोसिएटेड प्रेस द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार हीट डोम क्षेत्र बन जाने के कारण गर्म हवा ने मैक्सिको को तपा दिया है। यह हवा एक गुम्बद के रूप में सीमित क्षेत्र में सिमट कर रह गई है। गर्म हवा का यह गुम्बद मई के दूसरे पखवाड़े में मेक्सिको, मध्य अमेरिका और टेक्सास और फ्लोरिडा के क्षेत्रों में खड़ा हो गया। क्रूर गर्मी ने मेक्सिको को विशेष रूप से बुरी तरह प्रभावित किया, जिसमें लगभग 50 लोग हीट स्ट्रोक से मर गए और 150 बंदर मारे गए। एसोसिएटेड प्रेस ने बताया कि उत्तरी मेक्सिको के पशु पार्क में निर्जलीकरण के कारण कम से कम 100 तोते, चमगादड़ और अन्य जानवर मर गए हैं।




- मैक्सिको में तापमान ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले

### समय रहते ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश जरूरी

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा नरेंद्र सिंह के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग पर अंकुश लगाए बिना मौसमी आपदाओं से निजात पाना आसान नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित है। इस संदर्भ में दुनियाभर के मौसम विशेसज्ञ व पर्यावारणविद्व चेताते आ रहे हैं। मगर इस दिशा में हालात सुधरने की जगह बिगड़ अधिक रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल



### अविर्भव 8 वां अजूबा: नेहा

**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो 'सुपरस्टार सिंगर 3' की जज नेहा कक्कड़ ने प्रतिभागी अविर्भव की तारीफ करते हुए उसे 8वां अजूबा बताया है। इस रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के होमग्रोन फॉर्मेट 'सुपरस्टार सिंगर 3' में मेलोडी किंग उदित नारायण और उनकी पत्नी दीपा नारायण का 'उदित नारायण की मास्टरक्लास' नामक विशेष एपिसोड में स्वागत किया जाएगा। इस दिग्गज का सम्मान करते हुए, शो की अविश्वसनीय युवा प्रतिभाएं उदित नारायण के उन कालजयी गानों को गाकर उन्हें नमन करेंगी जिन्हें आज भी पसंद किया जाता है। कोच्चि, केरल के प्रतिभाशाली सात वर्षीय अविर्भव एस. ने फिल्म हम दिल दे चुके सनम के गीत चांद छुपा बादल मेंकी भावपूर्ण प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### केडी-द डेविल्स की शूटिंग शिल्पा ने की पूरी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म केडी - द डेविल्स की शूटिंग पूरी कर ली है। शिल्पा शेट्टी, केडी - द डेविल में सत्यवती के रूप में सभी का दिल जीतने के लिए तैयार है। शिल्पा शेट्टी ने मैसूर में ध्रुव सरजा और संजय दत्त स्टारर इस फिल्म का आखिरी शेड्यूल पूरा कर लिया है। 1970 के दशक की बैंगलोर की सच्ची घटनाओं पर आधारित पीरियड एक्शन एंटरटेनर, केडी - द डेविल में शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, संजय दत्त और वी रविचंद्रन भी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस प्रस्तुत केडी-द डेविल, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। पैन-इंडिया बहुभाषी तमिल, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और हिंदी में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### दिलजीत-नीरू का गाना जे मैं रब्ब हुंदा रिलीज

**मुंबई।** पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की जानीमानी जोड़ी नीरू बाजवा और दिलजीत दोसांझ की फिल्म जट्ट एंड जूलियट 3 का गाना 'जे मैं रब्ब हुंदा' रिलीज हो गया है। बिलाल सईद द्वारा गाए जे मैं रब्ब हुंदा के बोल जानी ने लिखे हैं।जगदीप सिद्धू द्वारा निर्देशित, बनी द्वारा रचित और तुषार कालिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना प्यार और भक्ति की भव्यता के साथ खूबसूरती से पेश किया है, जो दर्शकों को 90 के दशक में वापस ले जाता है।